वार्षिक प्रतिवेदन | Annual Report

2018-19

भाकृअनुप-प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय

राजगुरूनगर - 410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research

Rajgurunagar - 410 505, Pune, Maharashtra, India

वार्षिक प्रतिवेदन

Annual Report

2018-19

भाकृअनुप-प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय

राजगुरूनगर – 410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research

Rajgurunagar - 410 505, Pune, Maharashtra, India

वार्षिक प्रतिवेदन / Annual Report 2018-19

प्रकाशक
डॉ. मेजर सिंह
निदेशक

Published by
Dr. Major Singh
Director

संकलन एवं संपादन
डॉ. एस.एस. गाडगे
डॉ. किरण भगत
डॉ. कल्याणी गोर्रेपाटी
डॉ. प्रांजली घोडके
डॉ. सौम्या पी. एस.
डॉ. मेजर सिंह

Compiled and Edited by
Dr. S. S. Gadge
Dr. Kiran Bhagat
Dr. Kalyani Gorrepati
Dr. Pranjali Ghodke
Dr. Soumia P. S.
Dr. Major Singh

प्रकाशित
जून 2019

Published
June 2019

सही उद्धरण
भाकृअनुप–प्यालअनुनि वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19
भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर, पुणे–410505, महाराष्ट्र, भारत

Correct Citation
ICAR-DOGR Annual Report 2018-19
ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar-410505, Pune, Maharashtra, India

संपर्क
दूरभाषः 91–2135–222026, 222697
फैक्सः 91–2135–224056
ई–मेलः director.dogr@icar.gov.in
वेबसाईटः http://www.dogr.res.in

Contact
Phone: 91-2135-222026, 222697
Fax: 91-2135-224056
E-mail: director.dogr@icar.gov.in
Website: http://www.dogr.res.in

© 2019 भाकृअनुप–प्यालअनुनि, पुणे–410505

© 2019 ICAR-DOGR, Pune-410505

अभिकल्प व मुद्रण / Designed & Printed by
फ्लेमिंगो बिजनेस सिस्टमस्, पुणे / Flamingo Business Systems, Pune
दूरध्वनी/Phone: 020–24214636, 09049400137
ई–मेल/E-mail: flamingo.b.s@gmail.com, srgupta.tej@gmail.com

DOGR

विषय-सूची
Contents

प्राक्कथन / **Preface**	i
कार्यकारी सारांश / **Executive Summary**	iii
परिचय / **Introduction**	1
प्रगति प्रतिवेदन / **Progress Report**	4
फसल सुधार / **Crop Improvement**	4
फसल उत्पादन / **Crop Production**	77
फसल संरक्षण / **Crop Protection**	94
फसलोत्तर प्रौद्योगिकी / **Post-Harvest Technology**	104
विस्तार / **Extension**	110
अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन अनुसंधान नेटवर्क परियोजना **All India Network Research Project on Onion and Garlic**	117
राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि पहल **National Innovations on Climate Resilient Agriculture**	124
विशिष्टता एकरूपता और स्थिरता **Distinctness Uniformity and Stability**	130
जीनोम विलोपन के माध्यम से प्याज में अगुणित उत्प्रेरण **Haploid Induction in Onion through Genome Elimination**	134
प्याज एवं लहसुन के लिए जनजातीय उप-योजना **Tribal Sub-Plan for onion and garlic**	136
प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण / **Transfer of Technology**	144
अनुसंधान परियोजनाए / **Research Projects**	184
पुरस्कार, सम्मान और मान्यता / **Awards, Honours and Recognition**	187
प्रकाशन / **Publications**	190
संस्थागत गतिविधियां / **Institutional Activities**	203
मानव संसाधन विकास / **Human Resource Development**	222
आगंतुक / **Visitors**	238
कार्मिक / **Personnel**	242
वित्तीय विवरण / **Financial Statement**	249
मौसम संबंधी आंकड़ें / **Meteorological Data**	250

प्राक्कथन/Preface

सर्वाधिक भारतीयों की रसोई में दैनिक उपभोग के लिए प्याज एवं लहसुन दो अनिवार्य जिंस हैं। भारतीय खाना बनाने में स्वाद और महक को शामिल करने के अलावा उपभोक्ताओं को इनसे स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। पूरी तरह से इन दोनों जिंसों पर एक अग्रणी एवं प्रमुख संस्थान होने के नाते, हम प्याज व लहसुन के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करते हैं जैसे कि जननद्रव्य का रख–रखाव; गुणवत्ता उत्पाद एवं उच्च उपज के लिए नई किस्मों का विकास; रोग एवं नाशीजीव प्रतिरोधिता; कम जल एवं उर्वरकों के साथ अधिकतम उत्पाद हासिल करने वाली उत्पादन प्रौद्योगिकियां; नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन रणनीतियां; भण्डारण एवं विभिन्न हितधारकों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण। इन गतिविधियों अथवा कार्यों को विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों तथा बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से चलाया जाता है।

इस वर्ष, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित लाल प्याज की एक किस्म भीमा शक्ति को केन्द्रीय किस्मीय निर्मुक्ति समिति द्वारा खेती के लिए अधिसूचित किया गया। इसके साथ ही प्याज की दो किस्मों यथा भीमा डार्क रेड एवं भीमा लाइट रेड, प्याज की दो प्रचलित किस्मों यथा भीमा शुभ्रा एवं भीमा सफेद और लहसुन की एक प्रचलित किस्म भीमा पर्पल को पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली में पंजीकृत कराया गया है। लाल प्याज के चार वंशक्रमों यथा डीओजीआर 1625, डीओजीआर 1626, डीओजीआर 1657 एवं डीओजीआर 1669 को मूल्यांकन प्रयोजन के लिए अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना परीक्षणों में शामिल किया गया। स्व: पात्रे जायाजनन के माध्यम से प्याज में अगुणित उत्प्रेरण पर अनुसंधान कार्य किया गया। सूखा दबाब, जल भराव दबाव के लिए सहिष्णु वंशक्रमों, *स्पोडोप्टेरा एक्सिगुआ* तथा थ्रिप्स के प्रति सहिष्णु वन्य *एलियम* की पहचान करने के लिए भी अनुसंधान कार्य किया गया। भारत में पहली बार लहसुन को संक्रमित करने वाले गार्लिक वायरस सी की सूचना प्राप्त हुई है। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा न्यूनतम क्षति के साथ प्याज कंदों के भण्डारण के लिए एक नियंत्रित भण्डारण गृह की रचना तैयार की गई है। साथ ही हमने प्याज एवं लहसुन के यांत्रिकीकरण के लिए विभिन्न मशीनों के विकास पर भी कार्य प्रारंभ किया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अन्य संस्थानों और निजी संगठनों के साथ सहयोग करते हुए विभिन्न परियोजना कार्य प्रारंभ किए गए। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की एक समन्वय इकाई है। प्याज एवं लहसुन पर अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के विभिन्न केन्द्रों द्वारा निदेशालय के अधिदेश में भरपूर योगदान दिया गया। कार्य की समीक्षा करने के लिए पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में अखिल

Onion and garlic are the two essential commodities in most of the Indian kitchens for daily consumption. Apart from adding taste and flavour to the Indian food preparations, they also add health benefit to consumers. Being a prime Institute exclusively on these two commodities, we work on several aspects related to germplasm maintenance, development of new varieties for quality produce and high yield, disease and pest resistance; production technologies to get maximum produce with less water and fertilizers; pest and disease management strategies; storage and transfer of technology to different stakeholders through different research programmes and externally funded projects.

This year, Bhima Shakti which is a red onion variety of ICAR-DOGR has been notified by CVRC. Also two new onion varieties *viz*., Bhima Dark Red and Bhima Light Red, two extant onion varieties *viz*., Bhima Shubhra and Bhima Safed and one extant garlic variety Bhima Purple have been registered with PPV&FRA. Four red onion lines *viz*., DOGR-1625, DOGR-1626, DOGR-1657, DOGR-1669 were introduced in AINRPOG trials for evaluation. The research work on haploid induction in onion through in vitro gynogenesis was carried out. The research work was also carried out to identify the tolerant lines for drought stress, water logging, wild Alliums tolerant to *Spodoptera exigua* and thrips. Garlic virus C infecting garlic in India was reported for the first time. ICAR-DOGR has designed and developed a controlled storage structure for storage of onion with minimum losses. We have also initiated work on development of different machines for mechanisation of onion and garlic. The different project works were initiated in collaboration with institutes of ICAR and private organisations. ICAR-DOGR is a co-ordinating unit of All India Network Research Project on Onion and Garlic (AINRPOG). The different centres of AINRPOG contributed immensely to the mandate of Directorate. IXth Annual Group meeting of All India Network Research Project on Onion and Garlic was organized at Punjab Agriculture University (PAU), Ludhiana to review the work.

Promoting onion and garlic production in non-traditional areas was our prime focus in this year.

भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की नवीं वार्षिक समूह बैठक का आयोजन किया गया।

इस वर्ष गैर पारम्परिक क्षेत्रों में प्याज एवं लहसुन के उत्पादन को बढ़ावा देने पर हमारा प्रमुख फोकस रहा। हमने जनजातीय उप–योजना के अंतर्गत नन्दुरबर (महाराष्ट्र) और पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र में अनेक प्रदर्शनों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा इंडियन सोसायटी ऑफ एलियम के साथ सहयोग करते हुए ''खाने योग्य एलियम : चुनौतियां एवं अवसर'' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें भारत, जापान, दक्षिण कोरिया तथा इस्त्रायल से लगभग 200 अनुसंधानकर्मियों, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लिया। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा मेरा गांव – मेरा गौरव, जनजातीय उप–योजना, अनुसूचित जाति उप–योजना, आत्मा आदि योजनाओं के अंतर्गत किसानों के लिए कुल 62 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्याज एवं लहसुन से जुड़ी प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के प्रयोजन से नौ प्रदर्शनियों में अपनी भागीदारी दर्ज कराई गई। अनुसूचित जाति उप–योजना स्कीम के अंतर्गत, प्याज एवं लहसुन की प्रौद्योगिकियों के बारे में अनुसूचित जाति के किसानों को प्रशिक्षण देने की नवीन पहल की गई जिसमें इस वर्ष महाराष्ट्र के कुल 77 प्याज उत्पादकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत, विकसित किस्मों के बीज उत्पादन एवं वितरण को प्रोत्साहित करने के प्रयोजन से प्याज किस्म भीमा डार्क रेड के विश्वसनीय लेबल्ड बीज उत्पादन के लिए कृषि उन्नति उत्पादक कम्पनी, उस्मानाबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअनुप; डॉ. ए.के. सिंह, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) एवं डॉ. टी. जानकीराम, सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) द्वारा प्रदान किए गए निरन्तर सहयोग के परिणामस्वरूप ही संस्थान के लिए उपलब्धियों को हासिल कर पाना संभव हो पाया। मैं, इनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता एवं सम्मान प्रकट करता हूं। मैं, हमारे निदेशालय के सभी वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक एवं अन्य कर्मचारी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं और साथ ही इस द्विभाषी प्रकाशन को समय से प्रकाशित करने में किए गए योगदान के लिए सम्पादन मण्डल को बधाई देता हूं। मुझे आशा है कि इस रिपोर्ट में दी गई जानकारी प्याज एवं लहसुन के हितधारकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगी और हम प्याज एवं लहसुन उत्पादन को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में अपने निरन्तर प्रयास करते रहेंगे।

मेजर सिंह
निदेशक

We have conducted several demonstrations and training programmes at Nandurbar (Maharashtra) and North Eastern Hill (NEH) region under Tribal Sub-Plan Activities. ICAR-DOGR also organized International Symposium on "Edible Alliums: Challenges and Opportunities" in collaboration with Indian Society of Alliums. About 200 researchers, academicians, industrialists and other stakeholders from India, Japan, South Korea and Israel participated in the programme. During the year, ICAR-DOGR organized sixty-two trainings for the farmers under MGMG, TSP, SCSP, ATMA, etc., schemes and participated in nine exhibitions to showcase onion and garlic technologies. New initiative taken to train scheduled caste farmers about onion and garlic technologies under Scheduled Caste Sub Plan (SCSP) scheme, total 77 onion growers from Maharashtra were trained in this year.

To promote seed production and distribution of the developed variety under public private partnership, a Memorandum of Understanding was signed with Krishi Unnati producer company, Osmanabad for truthful labeled seed production of onion variety Bhima Dark Red.

All this was possible only because of the support extended by ICAR and constant encouragement and guidance by Dr. T. Mohapatra, Secretary, DARE and Director General (ICAR), Dr. A. K. Singh, Deputy Director General (Horticulture Science) and Dr. T. Janakiram, Assistant Director General (Horticulture Science). I express my sincere gratitude and reverence towards them. I thanks all the scientists, technical, administrative and other staff of our Directorate and also the editorial board for timely bringing out this bilingual publication. I hope the information provided in this report will be of great use for all the stakeholders of onion and garlic and we will give our continuous efforts for making onion and garlic production profitable and sustainable.

Major Singh
Director

कार्यकारी सारांश/Executive Summary

अपने अधिदेश के अनुसार, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा अपनी विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को सात अनुसंधान कार्यक्रमों और ग्यारह तदर्थ/बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं में करना जारी रखा गया। अनुसंधान गतिविधियों के अलावा, प्याज एवं लहसुन के उत्पादन एवं फसलोत्तर प्रबंधन हेतु निदेशालय द्वारा विकसित की गईं नवीन प्रौद्योगिकियों पर किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत कृषि उन्नति उत्पादक कम्पनी, उस्मानाबाद के साथ प्याज की किस्म भीमा डार्क रेड के विश्वसनीय लेबल्ड बीज उत्पादन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ताकि विकसित किस्म के बीज उत्पादन एवं वितरण को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथ ही कला बायोटेक प्रा. लि. के साथ नियंत्रित प्याज भण्डारण गृह की रचना एवं विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्ष 2018–19 में किए गए अनुसंधान एवं विकासपुरक गतिविधियों के परिणामों को यहां नीचे संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।

फसल सुधार

कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश के लिए प्रारंभ में एकल कंद चयन से एवं पुन: मास चयन के माध्यम से विकसित किए गए कुल 55 उच्च कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश वाले सफेद प्याज वंशक्रमों का रबी मौसम के दौरान मूल्यांकन किया गया। कुल 37 वंशक्रमों में 15 प्रतिशत से भी अधिक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश पाया गया। अधिकतम कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश एचटी–जीआर–1बी–एम 7 (एससी) (19.38 प्रतिशत) में पाया गया जबकि सभी तुलनीय किस्मों में यह 12 प्रतिशत से भी कम था। ग्रीष्मकाल और वर्षाकाल मौसम के दौरान कुल 40 वन्य *एलियम* प्रजातियों का गुणनीकरण एवं मूल्यांकन किया गया। ग्रीष्मकाल में जहां 6.55 टन/हे. के समग्र औसत के साथ कुल पर्णीय उपज में 19.79 टन/हे. से 0.48 टन/हे. की भिन्नता पाई गई जबकि वर्षाकाल के दौरान 29.66 टन/हे. के समग्र औसत के साथ 89.24 टन/हे. से 6.36 टन/हे. की भिन्नता पाई गई। एलीसिन मात्रा में 4.37 मिग्रा./ग्रा. के समग्र औसत के साथ 3 से 9.23 मिग्रा./ग्रा. की भिन्नता दर्ज हुई। अधिकतम एलीसिन मात्रा *एलियम ट्यूबरोसम* ईसी 607483 (9.23 मिग्रा./ग्रा.) में जबकि न्यूनतम मात्रा *एलियम*

As per mandate, ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research continued various research and development activities spread over seven research programmes and eleven adhoc/externally funded projects. Apart from the research activities, demonstrations and training programmes were also organised to train farmers on new technologies of the Directorate for production and post-harvest management of onion and garlic. ICAR-DOGR also signed MoU with Krishi Unnati Producer Company, Osmanabad for truthful labeled seed production of onion variety Bhima Dark Red to promote seed production and distribution of the developed variety and Kala Biotech Pvt. Ltd. for design and development of controlled onion storage structure under public private partnership. The abridged results of the research and development activities carried out in the year 2018-19 are summarised below.

Crop Improvement

Total 55 high TSS white onion lines, initially developed from single bulb selection and further through mass selection were evaluated during *rabi* season for TSS. Thirty-seven lines had TSS more than 15 %. The highest TSS was reported in HT-GR-1B-M7 (SC) (19.38%) whereas all the checks had TSS less than 12%. Forty wild *Allium* species were multiplied and evaluated during summer and rainy season. Total foliage yield varied from 19.79 t/ha to 0.48 t/ha, with overall mean 6.55 t/ha in summer, while, it was varied from 89.24 t/ha to 6.36 t/ha, with overall mean 29.66 t/ha during rainy season. Allicin content varied from 3 to 9.23mg/g with overall mean 4.37mg/g. The maximum allicin were recorded in *Allium tuberosum* EC-607483 (9.23mg/g), while, *Allium tuberosum* MKG-88 exhibited minimum allicin (3 mg/g).

टयूबरोसम एमकेजी–88 (3 मिग्रा./ग्रा.) में प्रदर्शित हुई।

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा विकसित प्याज किस्म 'भीमा शक्ति' (डीओजीआर 1156) को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 5 फरवरी, 2019 को जारी गजट अधिसूचना एस.ओ. 692 (ई) द्वारा अधिसूचित किया गया। इस किस्म की सिफारिश आन्ध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओड़िशा राज्य में खेती के लिए की गई है। लाल प्याज के चार वंशक्रमों यथा डीओजीआर 1625, डीओजीआर 1626, डीओजीआर 1657 तथा डीओजीआर 1669 को बहु–स्थानिक मूल्यांकन के लिए अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना परीक्षणों में शामिल किया गया। प्याज की दो नई किस्मों (भीमा डार्क रेड एवं भीमा लाइट रेड), दो प्रचलित प्याज किस्मों (भीमा शुभ्रा एवं भीमा सफेद) तथा लहसुन की एक प्रचलित किस्म भीमा पर्पल को संरक्षण प्रयोजन के लिए पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली में पंजीकृत कराया गया। प्याज की तीन किस्में नामत: भीमा किरण, भीमा रेड और भीमा राज और लहसुन की एक किस्म भीमा ओंकार पहले से ही पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली में पंजीकृत है। पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा प्याज की तीन किस्मों नामत: भीमा शक्ति, भीमा श्वेता एवं भीमा सुपर का पंजीकरण अथवा डीयूएस परीक्षण किया जा रहा है।

परागकों के रूप में चयनित बाईस श्रेष्ठ वंशक्रमों यथा 546–डीआर, 571–एलआर, केएच–एम–1, केएच–एम–2, आरजीपी 1, आरजीपी 2, आरजीपी 3, आरजीपी 4, आरजीपी 5, 1604, 1605, 1606, 1607, 1608, 1609, 1612, 1613, 1629, 1630, 1657, 1663 तथा 1666 के साथ पांच एमएस वंशक्रमों (एमएस 48 ए, एमएस 65 ए, एमएस 111 ए, एमएस 222 ए तथा एमएस 1600 ए) का क्रास कराकर लाल प्याज के कुल 110 F1 संकर विकसित किए गए। पांच लाल प्याज नर वंध्य वंशक्रमों में शुद्धीकरण तथा गुणनीकरण का कार्य चयनित कंदों के साथ जारी रखा गया। चयनित पैतृकों (।1 अवस्था में 17 अंत: प्रजात और ।3 अवस्था में 3 अंत: प्रजात) के एकल कंद से अंत: प्रजात वंशक्रमों का विकास कार्य प्रगति पर है। अपने सात पैतृक वंशक्रमों के साथ कुल दस प्याज संकरों का मूल्यांकन संकर शुद्धता का पता लगाने के लिए किया गया जिसमें आणविक मार्करों का उपयोग किया गया। कुल दस सूक्ष्म सेटेलाइट (SSRs– सिम्पल सिक्वेंस रिपीट्स) में से चार

Onion variety 'Bhima Shakti' (DOGR-1156) developed by ICAR-DOGR has been notified vide Gazette Notification S.O. 692(E) dated 5th Feb, 2019 by Ministry of Agriculture and Farmers Welfare. It is recommended for Andhra Pradesh, Chhattisgarh, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra and Orissa. Four red onion lines *viz*., DOGR-1625, DOGR-1626, DOGR-1657 and DOGR-1669 were introduced in AINRPOG trials for multi-location evaluation. Two new onion varieties (Bhima Dark Red and Bhima Light Red), two extant onion varieties (Bhima Shubhra and Bhima Safed) and one extant garlic variety Bhima Purple have been registered with PPV&FRA, New Delhi for its protection. Three onion varieties Bhima Kiran, Bhima Red and Bhima Raj and one garlic variety Bhima Omkar were already registered with PPV&FRA. Three onion varieties (Bhima Shakti, Bhima Shweta and Bhima Super) are under registration/ DUS Testing by PPV&FRA.

F1 hybrids of red onion (110) were developed by crossing five MS lines (MS 48A, MS 65A, MS 111A, MS 222A and MS 1600A) with 22 elite lines selected as pollinators *viz*., 546-DR, 571-LR, KH-M-1, KH-M-2, RGP-1, RGP-2, RGP-3, RGP-4, RGP-5, 1604, 1605, 1606, 1607, 1608, 1609, 1612, 1613, 1629, 1630, 1657, 1663 and 1666. The purification and multiplication of five red onion male sterile lines were continued with the selected bulbs. Development of inbred lines from single bulb of selected parents (17 inbred in I1 and 3 inbred in I3 stage) are in progress. Ten onion hybrids along with their seven parental lines were evaluated for hybrid purity using molecular markers. Out of ten microsatellite (SSRs- simple sequence repeats) markers, four were found to be polymorphic. All four polymorphic markers revealed polymorphism between the male and female parents of one or more hybrids.

बहुरूपीय पाए गए। सभी चारों बहुरूपीय मार्करों में एक अथवा अधिक संकरों के नर व मादा पैतृकों के बीच बहुरूपिता का पता चला।

तुलनीय किस्मों के साथ पछेती खरीफ (114 प्राप्तियां), रबी (41 बहुगुणक प्याज सहित 176 प्राप्तियां) तथा खरीफ (41 बहुगुणक प्याज सहित 231 प्राप्तियां) के दौरान प्याज जननद्रव्य का मूल्यांकन किया गया। खरीफ मौसम के दौरान, प्राप्ति 1327, 1717, 1719 तथा 1509 में 28.0 टन/हे. से भी अधिक की विपणन योग्य कंदीय उपज हासिल की गई और ये सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा रेड (20.27 टन/हे.) के मुकाबले में बेहतर पाई गईं। तीन प्राप्तियों में 89 प्रतिशत से भी अधिक विपणन योग्य कंदीय उपज प्राप्त की गई और साथ ही ये प्राप्तियां जोड़ व तोर वाले कंदों से मुक्त पाई गईं। हरी प्याज के रूप में पर्णीय उपयोग के लिए उपयुक्त प्याज वंशक्रमों की स्क्रीनिंग करने पर सर्वश्रेष्ठ प्रचलित प्याज तुलनीय किस्मों भीमा किरण (12.5 टन/हे.), भीमा लाइट रेड (12.5 टन/हे.) एवं भीमा शक्ति (12.4 टन/हे.) की तुलना में वंशक्रम 1550–एग्रे. (22.2 टन/हे.), 1549 – एग्रे. (21.7 टन/हे.) और 1546 – एग्रे. (19.5 टन/हे.) में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर पर्णीय उपज दर्ज की गई।

प्याज में जायाजनन के माध्यम से अगुणित उत्प्रेरण किया गया लेकिन बहुत कम सफलता दर पाई गई। वर्तमान में दो दोहरे अगुणित का कार्य बीज गुणनीकरण अवस्था में है। भारतीय लघु प्रदीप्तिकाल प्याज के लिए आनुवंशिक रूपांतरण प्रोटोकाल विकसित किया गया जिसका उपयोग *At DREB1A*, *CENH3* जैसे जीन के साथ प्याज के रूपांतरण हेतु किया जा रहा है। *एलियम* में बहुरूपिता के लिए कुल 80 एसएसआर मार्करों की छंटाई की गई जिनमें से 30 बहुरूपीय एसएसआर मार्करों का उपयोग प्रचलित प्याज जननद्रव्य के लक्षणवर्णन के लिए किया गया। वायरस मुक्त लहसुन के उत्पादन के लिए, दो विधियों यथा थर्मो थेरेपी + विभज्योतक संवर्धन एवं थर्मो थेरेपी + कीमोथेरेपी + विभज्योतक संवर्धन उच्च प्रभावशीलता के साथ ओवाईडीवी एवं एसएलवी की सफाई करने में सफल हो सकीं लेकिन कोई भी उपचार एलेक्सी वायरस का उन्मूलन नहीं कर सका।

फसल उत्पादन

लगातार छः वर्षों तक खनिज उर्वरकों एवं वर्मी कम्पोस्ट का एकीकृत उपयोग करने पर अकेले खनिज उर्वरकों का प्रयोग करने वाले प्लॉटों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर प्याज उपज, मृदा जैविक कार्बन मात्रा तथा मृदा में उपलब्ध

Onion germplasm were evaluated during late *kharif* (114 accessions), *rabi* (176 accessions including 41 multiplier onion) and *kharif* (231 accessions including 41 multiplier onion) along with checks. During *kharif*, Acc. 1327, 1717, 1719 and 1509 produced more than 28.0 t/ha marketable yield and found superior over best check Bhima Red (20.27 t/ha). These accessions recorded more than 89% marketable yield free from doubles and bolters. Under screening of onion lines suitable for foliage use as green onion, lines 1550-Agg (22.2 t/ha), 1549-Agg (21.7 t/ha) and 1546-Agg (19.5 t/ha) recorded significantly higher foliage yield over best common onion checks Bhima Kiran (12.5 t/ha), Bhima Light Red (12.5 t/ha) and Bhima Shakti (12.4 t/ha).

Haploid induction was carried out in onion through gynogenesis, but very low success rate was observed. Currently two doubled haploids are in seed multiplication stage. Genetic transformation protocol developed for Indian short day onion which is being used for transformation of onion with genes like *AtDREB1A, CENH3*. A total of 80 SSR markers screened for polymorphism in Alliums, from which 30 polymorphic SSR markers were utilized for characterisation of popular onion germplasm. For production of virus free garlic, two methods viz., thermo therapy + meristem culture and thermo therapy + chemotherapy + meristem culture, could able to sanitize OYDV and SLV with high efficiency but none of treatment could able to eliminate the Allexi virus.

Crop Production

Integrated use of mineral fertilizers and vermicompost continuously for six years showed significantly higher onion yield, soil organic carbon content and soil available N, P, K and S status compared to the plots received mineral fertilizers alone. Among cropping

नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सल्फर की मात्रा प्रदर्शित हुई। फसलचक्र प्रणाली के बीच, सोयाबीन – प्याज फसलचक्र प्रणाली की तुलना में मक्का – प्याज फसलचक्र प्रणाली में कहीं उच्चतर उपज, मृदा जैविक कार्बन मात्रा तथा मृदा में उपलब्ध नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सल्फर की मात्रा प्रदर्शित हुई। जैविक उपचारों के मुकाबले में पारम्परिक खेती रीति के तहत उपज वृद्धि में 18.2 से 45.1 प्रतिशत की भिन्नता देखने को मिली। पारम्परिक खेती रीति की तुलना में जैविक उपचारों को अपनाने पर प्याज में बढ़ी हुई पोषक तत्व मात्रा पाई गई । प्याज की उपज, पोषक तत्वों की मात्रा तथा कंद गुणवत्ता पर फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु एवं माइकोराइजल टीकाकरण के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु टीकाकरण उपचारों के बिना कंट्रोल के मुकाबले में वीएएम तथा फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु का टीकाकरण करने वाले उपचार के तहत कंदीय उपज में 4 से 6 प्रतिशत तक वृद्धि हुई।

जल भराव दबाव के लिए प्याज फसल में सर्वाधिक संवेदनशील बढ़वार अवस्था की पहचान करने के लिए अध्ययन किया गया जिसमें प्रदर्शित हुआ कि पौध रोपण के उपरान्त 20 से 90 दिनों की अवस्था सर्वाधिक गंभीर बढ़वार अवस्था है जैसा कि इसमें अन्य बढ़वार अवस्थाओं की तुलना में पौधा उत्तरजीविता दर, कंद गठन और प्याज गंभीर रूप से प्रभावित होती है। प्याज की फसल में जल की कमी वाले दबाव के प्रभाव को न्यूनतम करने में सैलीसाइलिक अम्ल 100 पीपीएम का पर्णीय अनुप्रयोग करना प्रभावी पाया गया। जल की कमी और जल भराव दबाव की प्रतिक्रिया में प्याज प्रविष्टियों में आयोजित किए गए जड़ अध्ययन में प्रदर्शित हुआ कि जल की कमी वाली दबाव परिस्थिति के अंतर्गत संवेदनशील जीनप्ररूपों के मुकाबले में सहिष्णु जीनप्ररूपों में अति विकसित जड़ प्रणाली और अन्य संबंधित गुण प्रदर्शित हुए। जल की कमी वाले दबाव की ही भांति, जल भराव परिस्थिति में जड़ अध्ययन किए गए जिनमें संवेदनशील जीनप्ररूपों की तुलना में सहिष्णु जीनप्ररूपों (डब्ल्यू 208) में बेहतर औसत जड़ लंबाई, औसत जड़ क्षेत्रफल तथा औसत जड़ आयतन देखने को मिला।

वन्य मधुमक्खी की आगन्तुक दर पर चारदीवारी फसल के रूप में सरसों फसल की रोपाई करने के प्रभाव का अध्ययन किया गया जिसमें प्रदर्शित हुआ कि प्याज फसल में चारदीवारी के रूप में सरसों फसल की रोपाई करने पर वन्य मधुमक्खी की आगन्तुक गतिविधि में तथा उनकी इको प्रणाली सेवा में बढ़ोतरी हुई। प्रत्येक घंटे पर दर्ज किए गए आंकडों से पता

system, higher yield, soil organic carbon, and available N, P, K and S status was achieved in maize-onion system compared to soybean-onion cropping system. Organic farming experiment results showed conventional farming increased onion yield by 18.2 to 45.1% compared to organic treatments. Organic treatments significantly increased nutrient content in onion compared to conventional farming. Effect of Phosphorus solubilizing bacteria (PSB) and Mycorrhizal inoculation on onion yield, nutrient concentration and bulb quality were evaluated that showed, inoculation of VAM and PSB increased bulb yield by 4-6% compared to the control without PSB inoculation treatments.

The study conducted to identify the most sensitive growth stage in onion crop for water-logging stress showed 20-90 days after transplanting is the most critical growth stage as at this stage plant survival rate, bulb formation and yield get severely affected as compared to other growth stages. Foliar application of salicylic acid @100 ppm is found to be effective for minimizing the effect of water deficit stress in onion crop. The root study conducted in onion entries in response to water deficit and water logging stress showed that tolerant genotypes showed well-developed root system and other related traits compared to susceptible genotypes under water deficit stress condition. Similar to water deficit stress, the root studies conducted under water logging condition showed better average root length, average root area and average root volume in tolerant genotypes (W-208) compared to susceptible genotypes.

Impact of mustard planting (as border crop) on wild bees foraging rate showed that planting mustard as border strip enhanced the wild bee forage activity and their eco-system service in onion. Hourly observation revealed that forage

चला कि 10.30 से 13.30 बजे के दौरान टेट्रागोनुसा प्रजातियों का आगन्तुक भ्रमण ज्यादा था।

जीनप्ररूप डब्ल्यू 208, डब्ल्यू 172, प्राप्ति 1622, डीओजीआर हाइब्रिड 50 तथा आरजीपी 5 लगातार तीन वर्षों के लिए जल भराव दबाव के प्रति सहिष्णु पाए गए। जीनप्ररूप डब्ल्यू 448, डब्ल्यू 397, प्राप्ति 1656 एवं आरजीपी 3 में लगातार तीन वर्षों के लिए सीमित जल दबाव के प्रति सहिष्णुता प्रदर्शित हुई। भाकृअनुप – राष्ट्रीय अजैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, बारामती के सहयोग से फिनोमिक्स अध्ययन के माध्यम से जल की कमी के प्रति सहिष्णुता की पुष्टि की गई।

फसल सुरक्षा

आईवाईएसवी के विरूद्ध एलाइजा किट तैयार करने के लिए *ई. कोलाई* में इसके न्यूक्लिओकैप्सिड जीन (एन) का प्रकटन किया गया। आईवाईएसवी का पता लगाने के लिए स्वदेशी एलाइजा किट तैयार करने हेतु न्यूक्लिओकैप्सिड जीन (एन) से उत्पन्न रिकाम्बीनेंट एंटीजन का उपयोग करके एंटीसेरा को उत्पन्न किया गया। वन्य एलियम प्राप्तियों के लिए कीटनाशक मैन्नोज बाइन्डिंग लेक्टिन जीन को अलग किया गया और उसका परिमाणन किया गया। *एलियम हुकेरी* में लेक्टिन जीन का अधिकतम प्रकटन और कीटनाशक गतिविधि पाई गई। प्याज के प्रमुख कवकीय रोगजनकों के विरूद्ध जड़ अंत: पादप *पाइरीफॉर्मोस्पोरा इण्डिका* का मूल्यांकन किया गया। *पी. इण्डिका* उपचार में बैंगनी धब्बा, स्टेमफाइलियम अंगमारी तथा एन्थ्रेक्नॉज के विरूद्ध उत्प्रेरित प्रतिरोधिता प्रदर्शित हुई। प्याज थ्रिप्स के विरूद्ध नए अणुओं का मूल्यांकन किया गया। प्रोफिनोफॉस, इमिडाक्लोप्रिड तथा फिप्रोनिल के साथ प्याज थ्रिप्स का उल्लेखनीय नियंत्रण पाया गया। प्याज थ्रिप्स में आर्थिक थ्रेसहोल्ड स्तर की पुन: समीक्षा की गई और प्रति पत्ती 5 थ्रिप्स की थ्रेसहोल्ड कार्रवाई के साथ लाभ की उच्चतर सीमांत दर पाई गई। लहसुन में लेपिडोप्टेरान कीट *अरैकिप्स मैक्लॉप्सिस* तथा *एलेक्सी* वायरस, गार्लिक वायरस सी (गार वी–सी) का प्रकोप देखने को मिला।

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी

वायु संचरण प्रणाली के साथ 60 से 65 प्रतिशत की आपेक्षिक आर्द्रता और 27 ± 2 °से. के तापमान को बनाये रखने हेतु नियंत्रित भण्डारण गृह की रचना तैयार की गई। दो टन क्षमता वाले एक भण्डारण गृह का विकास एक विशेष गुण के साथ किया गया जिसमें वायु का संचरण इस प्रकार रखा गया ताकि भण्डारण में भण्डारित किए गए सभी प्याज कंद समुचित वायु

visitation of Tetragonula sp was high during 10.30 to 13.30 hr.

Genotypes W 208, W 172, Acc. 1622, DOGR HY. 50 and RGP-5 found tolerant to water logging consistently for three years. Genotypes W 448, W 397, Acc. 1656 and RGP-3 showed tolerance to limited water stress consistently for three years. Water deficit tolerance were confirmed through phenomics study in collaboration with ICAR-NIASM, Baramati.

Crop Protection

For producing ELISA kits against IYSV, its nucleocapsid gene (N) expressed in *E. coli*. Antisera using N gene originated recombinant antigen has been produced for preparing indigenous ELISA kits for the detection of IYSV. Insecticidal mannose binding lectin gene has been isolated and quantified in for wild allium accessions. Highest expression of lectin gene and insecticidal activity was observed in *A. hookeri*. Root endophyte *Piriformospora indica* evaluated against major fungal pathogens of onion. *P. indica* treatment showed induced resistance against purple blotch, *Stemphylium* blight and anthracnose. Newer molecules were evaluated against onion thrips, significant control of onion thrips was observed with profenophos, imidacloprid and fipronil. Economic threshold level (ETL) in onion thrips was revisited, higher marginal rate of return (MRR) observed with the action threshold 5 thrips per leaf. Occurrence of Lepidopteran insect *Archips machlopsis* and *Allexi* virus, Garlic virus C (GarV-C) observed in garlic.

Post-Harvest Technology

Controlled storage structure was designed to maintain temperature of 27 ± 2 °C and RH of 60 – 65% with air circulation system. A storage structure of two tonne capacity was developed with a special feature to circulate the air in such a way that almost all the onion stored in the

प्राप्त कर सकें। दो टन के इस भण्डारण गृह का मूल्यांकन रबी मौसम के दौरान किया गया। भण्डारित प्याज कंदों में घटी हुई कायिक भार क्षति, अवांछित अंकुरण और सड़न को पाया गया। नियंत्रित भण्डारण संरचना में कुल क्षति 7.14 प्रतिशत पाई गई। खरीफ मौसम के दौरान हवादार भण्डारण संरचना में प्याज की छ: किस्मों में भण्डारण क्षति का मूल्यांकन किया गया। तीस दिनों के भीतर, 3.11 से 9.27 प्रतिशत कंदों में अंकुरण (भीमा डार्क रेड में सबसे कम और भीमा राज में सबसे अधिक) पाया गया। साठ दिनों के बाद अंकुरित कंदों की प्रतिशत संख्या में 34.14 से 54.08 प्रतिशत (भीमा डार्क रेड में सबसे कम और भीमा राज में सबसे अधिक) की भिन्नता देखने को मिली। साठ दिनों के उपरान्त कुल क्षति 44.42 से 65.80 प्रतिशत पाई गई।

तोर वाले और बिना तोर वाले कंदों की प्याज किस्मों की जैव रासायनिक विशेषताओं में भिन्नता का अध्ययन किया गया। बिना तोर वाले कंदों की प्याज किस्मों में कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश 12.03 से 12.93^0 ब्रिक्स के बीच पाया गया जो कि एन–2–4–1 में सबसे कम और भीमा किरण में सबसे अधिक था। तोर कंदों वाले नमूनों में कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश 11.27 से 11.83ओ ब्रिक्स के बीच पाया गया। तोर वाले कंदों और बिना तोर कंदों वाली किस्मों के बीच नमी मात्रा के संबंध में कोई उल्लेखनीय भिन्नता देखने को नहीं मिली। बिना तोर वाले कंदों की प्याज किस्मों में फिनोल मात्रा में 26.17 से 48.67 मिग्रा. जीएई/100 ग्राम की भिन्नता पाई गई जो कि भीमा श्वेता में सबसे कम और एन–2–4–1 में सबसे अधिक थी। तोर कंदों वाली प्याज किस्मों यथा भीमा श्वेता, भीमा किरण, एन–2–4–1 तथा भीमा शक्ति में कुल फिनोल मात्रा क्रमश: 27.00, 52.17, 61.33 एवं 65.83 मिग्रा. जीएई/100 ग्राम पाई गई।

शलभ ट्रैप का उपयोग करते हुए हवादार सतह वाले भण्डारण के तहत भण्डारित किए गए लहसुन में *ईफेस्टिया कॉटेला* के प्रकोप की निगरानी की गई। प्रति ट्रैप वयस्कों (8.25 शलभ/ट्रैप) की अधिकतम संख्या सितम्बर के पहले सप्ताह के दौरान और तदुपरान्त मध्य सितम्बर (5.75 शलभ/ट्रैप) एवं पछेती अक्तूबर माह (5.5 शलभ/ट्रैप) में दर्ज की गई।

प्रसार

खरीफ, पछेती खरीफ और रबी मौसम के दौरान तीन राज्यों क्रमश: महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश में कुल 14 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अनुसंधान हेतु लगाए गए। निदेशालय द्वारा विकसित की गईं प्याज किस्मों के बीजों को इन राज्यों के

storage receives proper air. Two tonne storage structure designed was evaluated during *rabi* season. Reduced physiological weight loss, unwanted sprouting and rotting in stored onion bulbs was found. The total losses were 7.14% in controlled storage structure. Storage losses of onion (six varieties) in ventilated storage structure during *kharif* season was evaluated. Within 30 days, 3.11 to 9.27% bulbs sprouted (lowest in Bhima Dark Red and highest in Bhima Raj). After 60 days percentage number of bulbs sprouted varied from 34.14 to 54.08% (lowest in Bhima Dark Red and highest in Bhima Raj). Total loss after 60 days was ranged from 44.42-65.80%.

The differences in the biochemical properties of bolted and non-bolted onions were studied. The TSS content varied from 12.03 to 12.93°Brix in non-bolted onion with lowest in N-2-4-1 and highest in Bhima Kiran. In bolted samples, the TSS varied from 11.27 to 11.83°Brix. No Significant difference was observed in moisture content for bolted and non-bolted bulbs. The phenol content varied from 26.17 to 48.67 mg GAE/100g in unbolted onion with lowest in Bhīma Shweta and highest in N-2-4-1. In bolted onion, the total phenol content was 27.00, 52.17, 61.33 and 65.83 mg GAE/100g in Bhima Shweta, Bhima Kiran, N-2-4-1 and Bhima Shakti, respectively.

Occurrence of *Ephestia cautella* on garlic stored under bottom ventilated storage was monitored using Moth traps. The highest number of adults/traps (8.25moths/trap) were recorded during the first week of September followed by mid-September (5.75 moths/trap) and late-October months (5.5 moths/Trap).

Extension

Fourteen front-line demonstrations were conducted in three states *viz.*, Maharashtra,

प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया। सभी प्रदर्शनों में स्थानीय किस्मों के मुकाबले में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा विकसित की गईं किस्मों का प्रदर्शन बेहतर पाया गया।

वर्ष 2013–2016 के दौरान महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा किए गए प्रदर्शनों के प्रभाव का अध्ययन किया गया जिसके लिए यादृच्छिक रूप से चुने गए गांवों में सर्वेक्षण किया गया। विश्लेषण में प्रदर्शित हुआ कि इस क्षेत्र में किसानों द्वारा भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की प्रौद्योगिकियों को अपनाने का उनकी वार्षिक आय में वृद्धि, कर्ज की अदायगी क्षमता में सुधार, फार्म एवं घरेलू परिस्थितियों में सुधार तथा सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी में बढ़ोतरी के संबंध में उनकी सामाजिक – आर्थिक परिस्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, मेरा गांव – मेरा गौरव, जनजातीय उप–योजना, एससीएसपी, आत्मा आदि स्कीमों के अंतर्गत किसानों के लिए कुल 62 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें कुल 2448 किसानों ने भाग लिया। भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर ने प्याज व लहसुन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने हेतु कुल नौ प्रदर्शनियों में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

विविध

निदेशालय द्वारा ''खाने योग्य एलियम : चुनौतियां एवं अवसर'' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारत, जापान, दक्षिण कोरिया तथा इस्त्रायल से लगभग 200 अनुसंधानकर्मियों, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया। संस्थान की सभी गतिविधियों यथा संस्थान अनुसंधान परिषद, अनुसंधान सलाहकार समिति, संस्थान प्रबंधन समिति एवं अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की वार्षिक समूह बैठक का आयोजन समय से किया गया। इसके साथ ही भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा अपना 21वां स्थापना दिवस समारोह, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आदि का सफल आयोजन किया गया। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर में हिन्दी पखवाड़ा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह तथा स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ी गतिविधियां चलाई गईं। निदेशालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से प्याज व लहसुन फसलों पर मासिक परामर्श को

Gujarat and Uttar Pradesh during *kharif*, late *kharif* and *rabi* seasons, respectively for research purpose. The seeds of onion varieties developed by the Directorate were provided to the selected progressive farmers of these states. ICAR-DOGR varieties performed better than the local checks in all the demonstrations.

Impact of the demonstrations conducted by DOGR in Vidarbha region of Maharashtra in the year 2013-2016 was studied by undertaking survey in randomly selected villages. The analysis showed that adoption of DOGR technologies by the farmers of this region had positive effect on their socio-economic condition in terms of increase in annual income, loan repayment capacity, improvement in farm and home condition, increase in domestic spending and participation in social events.

During the year, total 62 trainings were conducted for the farmers under MGMG, TSP, SCSP, ATMA, etc., schemes which were attended by 2448 farmers. ICAR-DOGR participated in nine exhibitions to showcase onion and garlic technologies.

Miscellaneous

The Directorate organized International Symposium on Edible Alliums: Challenges and Opportunities, in which, about 200 researchers, academicians, industrialists and other stakeholders from India, Japan, South Korea and Israel were participated. All Institutional activities *viz*., IRC, RAC, IMC and Annual Group Meeting of the AINRPOG were held timely. The Directorate celebrated its 21st Foundation Day, International Yoga Day, International Women's Day, National Science Day, etc. special days. ICAR-DOGR also organized Hindi Pakhwara, Vigilance Awareness week and Swachh Bharat Abhiyan

अपलोड किया गया। कुल 250 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा 597 किसानों, 88 कृषि विज्ञान केन्द्रों, तथा बीज उत्पादन करने वाले 41 निजी बीज कम्पनियों को प्याज बीज और लहसुन की रोपण सामग्री की आपूर्ति की गई। भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर द्वारा रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान रूपये 102.27 लाख का रिकॉर्ड राजस्व सृजन किया गया।

activities. Monthly advisory on onion and garlic crops regularly uploaded on website of the Directorate. Soil health cards were distributed to 250 farmers. ICAR-DOGR supplied onion seed and garlic planting material to 597 farmers, 88 KVKs, and 41 private seed producing companies. ICAR-DOGR also generated the record revenue of 102.27 lakhs during the year.

परिचय
Introduction

निदेशालय

देश में प्याज व लहसुन के महत्व को महसूस करते हुए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वर्ष 1994 में आठवीं योजना के दौरान नासिक में प्याज एवं लहसुन के लिए एक राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया गया। बाद में, दिनांक 16 जून, 1998 को केन्द्र का स्थानान्तरण राजगुरूनगर में किया गया। प्याज एवं लहसुन की अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियों का विस्तार होने के कारण, दिसम्बर, 2008 में केन्द्र का उन्नयन प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के रूप में किया गया। मुख्य संस्थान में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के साथ साथ भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के अंतर्गत देशभर में 11 मुख्य केन्द्रों (एक समन्वय इकाई के रूप में भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय), 13 स्वैच्छिक केन्द्रों और 2 सहयोगी केन्द्रों के साथ प्याज एवं लहसुन पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना भी है।

अवस्थिति एवं मौसम

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का मुख्यालय पुणे–नासिक राजमार्ग पर पुणे, महाराष्ट्र से लगभग 45 किमी. दूर राजगुरूनगर में स्थित है। यह स्थान औसत समुद्र तल से 553.8 मीटर की ऊंचाई पर 18.32 उत्तर एवं 73.51 पूर्व में स्थित है और यहां का तापमान 5.5° सेल्सियस से 42.0° सेल्सियस के बीच तथा वार्षिक औसत वर्षा 660 मिमी. रहती है।

बुनियादी सुविधा

केन्द्र के पास राजगुरूनगर में बारहमासी सिंचाई सुविधाओं के साथ 55 एकड़ कृषि फार्म, कालुस में 56 एकड़ और मांजरी में 10 एकड़ का कृषि फार्म है। केन्द्र में आधुनिक स्टेट ऑफ दि आर्ट उपकरणों के साथ जैव–प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, पौधा सुरक्षा, बीज प्रौद्योगिकी और फसलोत्तर प्रौद्योगिकी के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाएं हैं। केन्द्र के पुस्तकालय में एलियम पर पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा ई–सोर्स का व्यापक संकलन है। साहित्य तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन्टरनेट और ई–मेल कनेक्टीविटी सुविधाओं को मजबूती प्रदान की गई है। केन्द्र की अपनी वेबसाइट http://dogr.res.in

The Directorate

Realizing the importance of onion and garlic in the country, Indian Council of Agricultural Research (ICAR) established National Research Centre for Onion and Garlic in VIII Plan at Nasik in 1994. Later, the Centre was shifted to Rajgurunagar on 16 June 1998. Due to expansion of R&D activities of onion and garlic, the centre was rechristened and upgraded to Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR) in December 2008. Besides the R&D at main Institute, ICAR-DOGR also has All India Network Project on Onion and Garlic with 11 main (including ICAR-DOGR as a coordinating unit), 13 voluntary and 2 cooperating centres across the country.

Location and weather

The Head Quarter of Directorate located at Rajgurunagar, is about 45 km from Pune, Maharashtra on Pune -Nashik Highway. It is 18.32 N and 73.51 E at 553.8m above m.s.l. with a temperature range of 5.5 °C to 42.0 °C and having annual average rainfall of 669 mm.

Infrastructure

The centre has 55 acres of research farm with perennial irrigation facilities at Rajgurunagar, 56 acres at Kalus and 10 acres at Manjari. The centre has research laboratories for biotechnology, soil science, plant protection, seed technology and post-harvest technology with modern state of the art equipments. The library at the centre has extensive collection of books, journals, e-sources on Alliums. The internet and e-mail connectivity has been strengthened for easy literature access. The centre has its own website: http://dogr.res.in,

है जिसके माध्यम से प्याज एवं लहसुन पर सभी प्रासंगिक जानकारी और भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के प्रशासनिक मामलों की नवीनतम जानकारी को शीघ्रता से उपलब्ध कराया जाता है।

दृष्टि

प्याज एवं लहसुन के उत्पादन, उत्पादकता, निर्यात में सुधार लाना तथा मूल्यवर्धन करना।

लक्ष्य

गुणवत्ता उत्पादन, निर्यात एवं प्रसंस्करण के संबंध में प्याज एवं लहसुन की समग्र वृद्धि को बढ़ावा देना।

अधिदेश

- प्याज एवं लहसुन के उत्पादन में वृद्धि करने एवं इसे सतत बनाए रखने के लिए आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, फसल सुधार तथा उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर बुनियादी, कायनीतिक और प्रायोगिक अनुसंधान।
- प्याज एवं लहसुन की उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और हितधारकों का क्षमता निर्माण।
- प्याज और लहसुन पर एआईएनआरपी के जरिए अनुसंधान समन्वय एवं प्रौद्योगिकियों का वैधिकरण।

which provides rapid updates and all relevant information on onion and garlic and administrative matters of ICAR-DOGR.

Vision

To improve production, productivity, export and add on value of onion and garlic.

Mission

To promote overall growth of onion and garlic in terms of enhancement of quality production, export and processing.

Mandate

- Basic, strategic and applied research on genetic resource management, crop improvement and production technologies for enhancing and sustaining production of onion and garlic.
- Transfer of technology and capacity building of stakeholders for enhancing productivity of onion and garlic.
- Coordinate research and validation of technologies through AINRP on onion and garlic.

संगठन रूपरेखा / Organogram

प्रगति प्रतिवेदन / Progress Report

फसल सुधार
Crop Improvement

परियोजना 1 : *एलियम* जनद्रव्य का प्रबंधन एवं उपयोगिता

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय में वन्य *एलियम* प्रजातियों का संकलन, संरक्षण एवं प्रलेखन

भाकृअनुप – प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के खेत जीन बैंक में, कुल 18 विभिन्न एलियम प्रजातियों का रख रखाव किया जा रहा है। विभिन्न प्रजातियों यथा *ए. आल्टाइकम* पॉल (5), *ए. सीपा* किस्म *एग्रीगेटम* (3), *ए. फिस्टुलोसम* (12), *ए. ट्यूबरोसम* (17), *ए. मैक्रेन्थम* (16), *ए. प्रिज्वल्सकियेनम* (9), *ए. चाइनेन्सिस* (5), *ए. हुकेराई* (2), *ए. शूनोप्रेजम* (2), *ए. फ्रेगरेन्स* (1), *ए. एंगुलोसम* (1), *ए. ऐम्पेलोप्रेजम* (1), *ए. कैरियोलिनियेनम* (1), *ए. सेनसेंस* (1), *ए. सीपा* × *ए. फिस्टुलोसम* (बेल्टसविले बंचिन्ग) (1), *ए. सीपा शेक्सपियर* (कंद प्याज) (1), *ए. लाडेबोरमम* (1), *ए. एस्कैलोनिकम* (2) तथा 9 एलियम प्रजातियों के कुल 90 वन्य एलियम वंशक्रमों का रखरखाव प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के फार्म में किया गया। इनमें से, 26 वंशक्रम पुष्पन प्रवृति वाले गए यथा *ए. आल्टाइकम* पॉल (2), *ए. फिस्टुलोसम* (11), *ए. शूनोप्रेजम* (2), ए. टयूबरोसम (11)। *ए. आल्टाइकम पॉल* तथा *ए. ट्यूबरोसम* में जनवरी से मई महीनों के बीच पुष्पन देखा गया। जबकि *ए. शूनोप्रेजम* में मार्च महीने और *ए. फिस्टुलोसम* में फरवरी महीने में पुष्पन देखने को मिला।

पर्णीय उपभोग के लिए ग्रीष्मकाल मौसम के दौरान वन्य एलियम प्रजातियों का मूल्यांकन

ग्रीष्मकाल मौसम के दौरान, कुल 40 वन्य *एलियम* प्रजातियों (19 *एलियम ट्यूबरोसम* प्रजातियां, 1 *एलियम ऐंगुलोसम* प्रजातियां, 3 *एलियम चाइनेन्सिस* प्रजातियां एवं 14 *एलियम मैक्रेन्थम* प्रजातियां, 3 *एलियम सीपा* प्रजातियों का गुणनीकरण एवं मूल्यांकन किया गया। पौध रोपण के 4 माह उपरान्त पहली कटाई की गई। ग्रीष्मकाल मौसम के दौरान कटाई के समय के संबंध में उपज में भिन्नता देखने को मिली। कुल पर्णीय उपज में 19.79 टन/हे. से 0.48 टन/हे. की भिन्नता तथा कुल औसत उपज 6.55 टन/हे. पाई गई। जबकि अधिकतम पर्णीय उपज (19.79 टन/हे.) को *एलियम ट्यूबरोसम* कजाकिस्तान

Project 1: Management and utilization of *Allium* germplasm

Collection, conservation and documentation of wild *Allium* species at ICAR-DOGR

In field bank of ICAR-DOGR, total 18 different *Allium* species are being maintained. Total 90 wild Allium lines of different species *viz.*, *A. altaicum* Pall (5), *A. cepa* var. *aggrigatum* (3), *A. fistulosum* (12), *A. tuberosum* (17), *A. macranthum* (16), *A. prszewalskianum* (9), *A. chinensis* (5), *A. hookerii* (2), *A. schoenoprasum* (2), *A. fragrance* (1), *A. angulosum* (1), *A. ampeloprasum* (1), *A. cariolinianum* (1), *A. senescence* (1), *A. cepa* x *A. fistulosum* (Beltsville bunching) (1), *A. cepa Shakespeare* (bulb onion) (1), *A. ladeboramun* (1), *A. ascalonicum* (2) and 9 *Allium* spp. were maintained at ICAR-DOGR, Rajgurunagar farm. Out of these, 26 were found flowering; *A. altaicum Pall* (2), *A. fistulosum* (11), *A. schoenoprasum* (2), *A. tuberosum* (11). In *A. altaicum Pall* and *A. tuberosum*, flowering was observed during January-May months. *A. schoenoprasum* flowered in the month of March and *A. fistulosum* in February.

Evaluation of wild *Allium* species during summer season for foliage consumption

Total 40 wild *Allium* species (19 *Allium tuberosum* Spp., 1 *Allium angulosum* Spp., 3 *Allium chinensis* Spp., and 14 *Allium macranthum* Spp., 3 *Allium cepa*) were multiplied and evaluated during summer season. 1st cutting was done 4 month after transplanting. The variation was observed in yield respect to the time of cutting during summer season. Total foliage yield varied from 19.79 t/ha to 0.48

ऑल 1587 प्रजाति में पाई गई। हालांकि, न्यूनतम उपज *एलियम मैक्रेन्थम* एनएमके 3216 (0.48 टन/हे.) में दर्ज की गई। सभी किस्मों का स्थान *एलियम टयूबरोसम* कजाकिस्तान ऑल 1587 के उपरान्त था (तालिका 1.1)।

t/ha, and overall mean 6.55 t/ha. While, The maximum foliage yield (19.79 t/ha) was obtained in *Allium tuberosum* Kazakhistan All-1587 species. However, minimum yield was found in the *Allium macranthum* NMK-3216 (0.48t/ha). All lines were followed by *Allium tuberosum* Kazakhistan All-1587 (Table 1.1).

तालिका 1.1 : ग्रीष्मकाल मौसम के दौरान पर्णीय उपज के लिए वन्य *एलियम* प्रजातियों की पांच उच्च उपजशील प्राप्तियां
Table 1.1 : Five high yielding accessions of wild *Allium* species for foliage during summer season

वन्य *एलियम* प्रजातियां Wild *Allium* species	ग्रीष्मकाल मौसम Summer season		कुल उप (टन/हे.) Total yield (t/ha)
	पहली कटाई : 18 मार्च, 2018 Ist Cutting: 18 March 2018	दूसरी कटाई : 23 अप्रैल, 2018 IInd Cutting: 23-pril 2018	
एलियम टयूबरोसम कजाकिस्तान ऑल 1587 *Allium tuberosum* Kazakhistan All-1587	10.58	9.21	19.79
एलियम टयूबरोसम सीजीएन 16418 (पुष्पन) *Allium tuberosum* CGN-16418 (Flowering)	9.32	8.90	18.22
एलियम टयूबरोसम रॉटल एक्स स्परकुचाई सीजीएन 16373 *Allium tuberosum* Rottl Ex-sprkuchaai CGN-16373	8.49	8.68	17.17
एलियम टयूबरोसम ईसी 607483 *Allium tuberosum* EC-607483	7.55	7.43	14.98
एलियम टयूबरोसम एनजी 3183 *Allium tuberosum* NG-3183	7.46	7.17	14.63
क्रान्तिक भिन्नता C.D. (5%)	1.37	1.72	1.54

पर्णीय उपभोग के लिए वर्षाकाल के दौरान वन्य *एलियम* प्रजातियों का मूल्यांकन

इसी प्रकार, कुल 40 वन्य *एलियम* प्रजातियों (19 *एलियम टयूबरोसम* प्रजातियां; 1 *एलियम ऐंगुलोसम* प्रजातियां; 3 *एलियम चाइनेन्सिस* प्रजातियां; 14 *एलियम मैक्रेन्थम* प्रजातियां; एवं 3 *एलियम सीपा*) का गुणनीकरण एवं मूल्यांकन वर्षाकाल के दौरान किया गया। पौध रोपण के 8 माह बाद पहली बार कटाई की गई। 29.66 टन/हे. की औसत के साथ कुल पर्णीय उपज में 89.24 टन/हे. से 6.36 टन/हे. की भिन्नता देखने को मिली। जबकि अधिकतम एवं न्यूनतम पर्णीय उपज क्रमश: *एलियम टयूबरोसम* कजाकिस्तान ऑल 1587 प्रजाति (89.24 टन/हे.) में और *एलियम मैक्रेन्थम* एनएमके 3236 (6.36 टन/हे.) में दर्ज की गई। सभी किस्मों का स्थान *एलियम टयूबरोसम* कजाकिस्तान ऑल 1587 के उपरान्त था (तालिका 1.2)।

Evaluation of wild *Allium* species during rainy season for foliage consumption

रबी 2013–14 के दौरान आठ विभिन्न उपचारों के साथ स्थाई खाद परीक्षण प्रारंभ किया गया था । प्रत्येक ब्लॉक के लिए विशिष्ट उर्वरक उपचार किया गया और एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में मृदा के मिश्रण को रोकने के लिए सावधानी बरती गई। वर्ष 2015–16 के दौरान नौवें उपचार के रूप में वर्मी कम्पोस्ट को 10 टन/हे. की दर पर शामिल किया गया। प्याज की उपज, पोषक तत्वों की मात्रा और मृदा की उर्वरता स्थिति पर मक्का/सोयाबीन (खरीफ) तथा प्याज (रबी) फसलचक्र अनुक्रम के तहत खनिज उर्वरकों, वर्मी कम्पोस्ट और खनिज उर्वरकों व वर्मी कम्पोस्ट के सम्मिलित अनुप्रयोग के प्रभाव की निगरानी करने के लिए खेत परीक्षण किया गया। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि सोयाबीन – प्याज खेत की तुलना में मक्का – प्याज खेत में प्याज की कहीं उच्चतर उपज दर्ज की गई (चित्र 4.1)। उपज प्रदर्शन के मामले में वर्ष 2016–17 के दौरान भी इसी प्रकार के परिणाम दर्ज किए गए। कंद दीर्घीकरण अवस्था (80 से 100 दिन) के दौरान स्टेमफाइलियम प्रकोप के कारण सोयाबीन – प्याज अनुक्रम में कम उपज हो सकती है। विभिन्न उपचारों में, 100 प्रतिशत आरडीएफ + वर्मी कम्पोस्ट (10 टन/हे.) का प्रयोग करने वाले प्लॉट में शेष उपचारों वाले प्लॉटों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर कंद उपज दर्ज की गई। अकेले वर्मी कम्पोस्ट (10 टन/हे.) का प्रयोग करने वाले प्लॉट में शेष उपचारों के मुकाबले में उल्लेखनीय रूप से कमतर कंदीय उपज हासिल की जा सकी। पौधा पोषक तत्व विश्लेषण के आंकडों से पता चला कि सोयाबीन – प्याज फसलचक्र प्रणाली में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सल्फर की मात्रा मक्का – प्याज फसलचक्र प्रणाली के मुकाबले में कहीं अधिक है (तालिका 4.1)। खनिज उर्वरकों और वर्मी कम्पोस्ट का सम्मिलित प्रयोग करने पर अकेले खनिज उर्वरकों वाले उपचारों का प्रयोग करने की तुलना में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सल्फर की कहीं अधिक मात्रा दर्ज की गई। मृदा विश्लेषण डाटा में प्रदर्शित हुआ कि सोयाबीन – प्याज फसलचक्र प्रणाली की तुलना में मक्का – प्याज फसलचक्र प्रणाली में मृदा जैविक

Project 4: Natural Resource Management of Onion and Garlic

Effect of continuous use of inorganic fertilizers and manures on onion production and soil fertility status

Permanent manurial experiment was initiated during *rabi* 2013-14 with eight different treatments. Each block was assigned for specific fertilizer treatment and care was taken to avoid mixing of soil from one block to another. Vermicompost (VC) @ 10 t/ha was included as ninth treatment during 2015-16. Field experiment was carried out to monitor the effect of mineral fertilizers, vermicompost and combined application of mineral fertilizers and vermicompost under maize/soybean (*kharif*) and onion (*rabi*) cropping sequence on onion yield, nutrient content and soil fertility status. The results showed that higher onion yield was recorded in maize-onion field compared to soybean-onion field (Fig. 4.1). Similar results were recorded during 2016-17 for yield performance. This lower yield in soybean-onion sequence may be due to *Stemphyllium* incidence during bulb enlargement stage (80-100 days). Among the different treatments, the plot received 100% RDF+VC (10 t/ha) produced significantly higher bulb yield as compared to rest of the treatment. The plot received vermicompost alone (10 t/ha) produced significantly lower bulb yield compared to rest of the treatments. Plant nutrient analysis data indicated that N, P, K and S content in soybean-onion system is higher compared to maize-onion system (Table 4.1). Combined application of mineral fertilizers and vermicompost recorded higher N, P, K and S content compared to treatments consisting of mineral fertilizer alone. Soil analysis data showed that soil organic carbon content was significantly

कार्बन की मात्रा उल्लेखनीय रूप से कहीं अधिक थी। मक्का – प्याज फसलचक्र प्रणाली के मुकाबले में सोयाबीन – प्याज फसलचक्र प्रणाली में उपलब्ध मृदा नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सल्फर की स्थिति कहीं उच्चतर थी (तालिका 4.2)। उर्वरक उपचारों के बीच, खनिज उर्वरकों और वर्मी कम्पोस्ट दोनों हासिल करने वाले उपचारों में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सल्फर की उच्चतर उपलब्ध स्थिति पाई गई।

higher in maize-onion cropping system compared to soybean-onion cropping system. The available soil N, P, K and S status was higher in soybean-onion system compared to maize-onion system (Table 4.2). Higher available N, P, K and S status was observed in treatments receiving both mineral fertilizers and vermicompost.



चित्र 4.1 : सोयाबीन/मक्का – प्याज फसलचक्र अनुक्रम के तहत प्याज की उपज पर खनिज उर्वरकों और खाद के निरन्तर उपयोग का प्रभाव (S–सोयाबीन, M–मक्का, RDF–उर्वरकों की संस्तुत मात्रा, VC–वर्मी कम्पोस्ट)

Fig. 4.1 : Effect of continuous use of mineral fertilizers and manures on onion yield under soybean/maize-onion cropping sequence (S-Soybean, M-Maize, RDF-Recommended dose of fertilizers, VC-Vermicompost)

तालिका 4.1 : सोयाबीन/मक्का – प्याज फसलचक्र अनुक्रम के तहत प्याज की पोषक तत्व मात्रा पर खनिज उर्वरकों एवं खाद के निरन्तर उपयोग का प्रभाव

Table 4.1 Effect of continuous use of mineral fertilizers and manures on nutrient content of onion under Soybean/maize-onion cropping sequence

उपचार Treatments	डीएम उपज (टन/हे.) DM yield (t/ha)		नाइट्रोजन N (%)		फॉस्फोरस P (%)		पोटेशियम K (%)		सल्फर S (%)	
	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs
टी1 T1	0.97	5.62	0.78	1.30	0.18	0.34	1.30	1.11	0.16	0.46
टी2 T2	1.02	6.10	0.82	1.22	0.14	0.30	1.37	1.14	0.16	0.46
टी3 T3	0.98	5.33	0.76	1.25	0.15	0.29	1.31	1.14	0.15	0.47
टी4 T4	0.97	6.27	0.83	1.24	0.15	0.27	1.43	1.14	0.14	0.43
टी5 T5	0.90	5.98	0.78	1.01	0.14	0.29	1.28	1.08	0.16	0.42
टी6 T6	0.93	5.67	0.81	1.20	0.16	0.26	1.26	1.02	0.15	0.35
टी7 T7	0.95	6.48	0.77	0.92	0.16	0.29	1.23	1.05	0.14	0.29
टी8 T8	0.98	6.40	0.92	1.16	0.14	0.27	1.29	1.01	0.16	0.31
टी9 T9	0.55	3.67	0.91	1.25	0.22	0.36	1.36	1.09	0.19	0.53
SEM±	0.013	0.036	0.04	0.05	0.02	0.03	0.06	0.03	0.283	0.096
LSD (p=0.05)	NS	0.105	NS	0.14	NS	NS	NS	0.07	0.83	NS
CV (%)	16.986	17.196	9.38	8.17	26.36	18.79	8.49	4.56	9.879	10.923

डीएम – शुष्क पदार्थ / DM - Dry Matter

तालिका 4.2 : सोयाबीन/मक्का – प्याज फसलचक्र अनुक्रम के तहत मृदा में उपलब्ध उर्वरता स्तर पर खनिज उर्वरकों एवं खाद के निरन्तर उपयोग का प्रभाव

Table 4.2 : Effect of continuous use of mineral fertilizers and manures on soil available fertility status under Soybean/maize-onion cropping sequence

उपचार Treatments	एसओसी SOC (%)	उपलब्ध पोषक तत्व (किग्रा./हे.) Available nutrient (kg/ha)			
		नाइट्रोजन N	फॉस्फोरस P	पोटेशियम K	सल्फर S
टी1 T1	0.66	194.4	23.8	262.1	18.8
टी2 T2	0.75	188.2	25.9	315.6	27.3
टी3 T3	0.68	144.3	21.2	292.6	18.7
टी4 T4	0.68	158.0	20.2	333.8	24.4
टी5 T5	0.74	172.5	19.3	334.6	19.8
टी6 T6	0.78	175.6	17.9	344.4	27.8
टी7 T7	0.73	163.0	16.8	338.8	22.5
टी8 T8	0.75	172.5	16.9	388.1	25.4
टी9 T9	0.76	175.6	20.5	293.7	23.6
SEM±	0.03	7.04	1.18	14.05	1.39
LSD (p=0.05)	0.08	20.68	3.46	41.26	4.08
CV (%)	7.15	11.70	11.61	8.71	9.77

प्याज उत्पादन पर पारम्परिक खेती की तुलना में जैविक खेती का प्रभाव

प्याज के उत्पादन एवं उसकी पोषणिक गुणवत्ता पर पारम्परिक खेती रीति की तुलना में जैविक खेती के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए खेत परीक्षण किया गया। परीक्षण में कुल छः उपचारों को आजमाया गया यथा टी 1 : गोबर की खाद (20 टन/हे.); टी 2 : पोल्ट्री की खाद (10 टन/हे.); टी 3 : वर्मी कम्पोस्ट (10 टन/हे.); टी 4 : नीम केक (5 टन/हे.); टी 5 : मिश्रण – गोबर की खाद (5 टन/हे.) + पोल्ट्री की खाद (2.5 टन/हे.) + वर्मी कम्पोस्ट (2.5 टन/हे.) + नीम केक अथवा निंबौली (1.25 टन/हे.); टी 6 : पारम्परिक खेती विधि (150 : 50 : 80 : 30 नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटेशियम : सल्फर प्रति हेक्टेयर)। परीक्षण को चार पुनरावृत्तियों में यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में लगाया गया। परीक्षणात्मक परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि जैविक उपचारों की तुलना में पारम्परिक खेती रीति के तहत उल्लेखनीय रूप से कहीं अधिक कंदीय उपज दर्ज की गई (चित्र 4.2)। जैविक उपचारों के मुकाबले में पारम्परिक खेती रीति के तहत उपज

Effect of organic farming on onion production compared to conventional farming

The field experiment was conducted to study the effect of organic farming on onion production and nutritional quality in comparison to conventional farming. The experiment comprised of six treatments namely; T1: Farm yard manure (20 t/ha), T2: Poultry manure (10 t/ha), T3: Vermicompost (10 t/ha), T4: Neem-cake (5 t/ha), T5: Mixture-FYM(5 t/ha) + PM (2.5 t/ha) + VC (2.5 t/ha) + NC (1.25 t/ha), T6: Conventional farming (150:50:80:30 NPKS/ha). The experiment was laid out in randomized block design with four replications. The experimental results showed that conventional farming method recorded significantly higher bulb yield compared to organic treatments (Fig. 4.2). The increase in

वृद्धि में 18.2 से 45.1 प्रतिशत की भिन्नता देखने को मिली। पारम्परिक खेती रीति की तुलना में जैविक उपचारों को अपनाने पर प्याज में बढ़ी हुई पोषक तत्व मात्रा पाई गई (तालिका 4.3)।

yield by conventional method varied between 18.2 to 45.1% compared to organic treatments. Organic treatments significantly increased nutrient content in onion compared to conventional farming (Table 4.3).



चित्र 4.2 : प्याज उत्पादन पर पारम्परिक खेती की तुलना में जैविक खेती का प्रभाव
Fig. 4.2 : Effect of organic farming on onion production compared to conventional farming

तालिका 4.3 : प्याज में पोषक तत्व मात्रा पर जैविक खेती का प्रभाव
Table 4.3 : Effect of organic farming on nutrient content of onion

उपचार Treatments	नाइट्रोजन N(%)		फॉस्फोरस P(%)		पोटेशियम K(%)		सल्फर S(%)	
	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves
गोबर की खाद FYM	1.13	1.15	0.20	0.15	0.50	0.12	1.53	1.12
पोल्ट्री की खाद PM	1.03	1.02	0.18	0.14	0.49	0.11	1.43	1.10
वर्मी कम्पोस्ट VC	1.25	1.18	0.18	0.15	0.50	0.12	1.65	1.08
नीम केक NC	1.14	1.13	0.16	0.22	0.52	0.13	1.49	1.26
मिश्रण Mixture	0.99	0.85	0.19	0.17	0.52	0.13	1.44	0.91
अजैविक Inorganic	0.88	0.95	0.24	0.16	0.44	0.15	1.49	0.91
SEM±	0.03	0.04	0.02	0.01	0.02	0.01	0.04	0.04
LSD (P=0.005)	0.10	0.13	NS	NS	NS	0.02	0.13	0.11
CV (%)	4.55	6.09	12.21	7.64	9.27	10.70	8.27	6.73

FYM–गोबर की खाद (20 टन/हे.), PM–पोल्ट्री की खाद (10 टन/हे.), VC–वर्मी कम्पोस्ट (10 टन/हे.), NC–नीम केक (5 टन/हे.), मिश्रण–गोबर की खाद (5 टन/हे.) + पोल्ट्री की खाद (2.5 टन/हे.) + वर्मी कम्पोस्ट (2.5 टन/हे.) + नीम केक (1.25 टन/हे.), अजैविक उपचार (150 : 50 : 80 : 30 नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटेशियम : सल्फर प्रति हेक्टेयर)

FYM - Farm yard manure (20 t/ha), PM-Poultry manure (10 t/ha), VC-Vermicompost (10 t/ha), NC-Neem cake (5 t/ha), Mixture-FYM(5 t/ha)+PM (2.5 t/ha)+VC (2.5 t/ha)+NC (1.25 t/ha), Inorganic (150:50:80:30 NPKS/ha)

प्याज की कंदीय उपज एवं गुणवत्ता पर पीएसबी एवं मायकोराइजल टीकाकरण का प्रभाव

वर्ष 2017–18 के दौरान तीन पुनरावृतियों में कुल 13 भिन्न उपचारों के साथ प्याज की कंदीय उपज और पोषक तत्व मात्रा पर फॉस्फोरस घुलनशील जीवाणु तथा वीएएम टीकाकरण के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। परीक्षणात्मक खेती की मृदा में उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा कम, एसओसी एवं फॉस्फोरस की मध्यम और पोटेशियम की मात्रा अधिक थी (तालिका 4.4)। टाइफन ब्लू स्टैनिंग विधि के माध्यम से माइकोराइजल संक्रमण की मौजूदगी का पता लगाने के लिए पौध रोपण के 60 दिन बाद प्याज की जड़ों को एकत्रित किया गया। अध्ययन में प्रदर्शित हुआ कि वीएएम से टीकाकृत वाले उपचारों में माइकोराइजल हाइफी की मौजूदगी वाले पौधे पाए गए जबकि गैर टीकाकृत उपचारों वाले पौधों में कोई हाइफी अथवा पुटिका नहीं पाई गई (चित्र 4.3)। परिणामों से पुन: पता चला कि किसी प्रकार का उर्वरक नहीं करने वाले कंट्रोल की तुलना में उर्वरकों का प्रयोग करने वाले उपचारों के तहत पौधा वृद्धि और विपणन योग्य कंदीय उपज में उल्लेखनीय रूप से बढ़ोतरी देखी गई। पीएसबी का टीकाकरण नहीं करने के साथ 100 प्रतिशत आरडीएफ का प्रयोग करने की तुलना में पीएसबी का टीकाकरण करने पर विपणन योग्य उपज और कुल कंदीय उपज में 3.03 से 5.68 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हासिल की गई (चित्र 4.4)। वीएएम का टीकाकरण नहीं करने एवं 100 प्रतिशत आरडीएफ का प्रयोग करने की तुलना में अकेले वीएएम का टीकाकरण करने पर विपणन योग्य कंदीय उपज में 4.32 से 5.95 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल हुई। इसी प्रकार वीएएम और पीएसबी

Effect of PSB and Mycorrhizal inoculation on onion bulb yield and quality

A field experiment was conducted to study the effect of phosphorus solubilising bacteria (PSB) and VAM inoculation on onion yield and nutrient concentration with 13 different treatments in three replications during 2017-18. Soil of the experimental field was low in available N and S, medium in SOC and P, and high in K (Table 4.4). Onion roots were collected at 60 days after transplanting for detecting the presence of Mycorrhizal infection through Typhan blue staining method. The study showed that onion plants were detected with Mycorrhizal hyphae in VAM inoculated treatments whereas no hyphae or vesicles were observed in unincoculated treatments (Fig. 4.3). The results further revealed that fertilizer treatments significantly increased plant growth and marketable bulb yield compared to control where no fertilizer was applied. Inoculation of PSB increased marketable and total bulb yield by 3.03-5.68% compared to 100% RDF without PSB inoculation (Fig. 4.4). Inoculation of VAM alone increased 4.32-5.95% marketable bulb yield compared to 100% RDF without VAM inoculation. Inoculation of both VAM and PSB

तालिका 4.4 : प्रारंभिक मृदा विशेषताएं
Table 4.4 : Initial soil properties

मृदा की विशेषताएं Soil properties	मान Value
मृदा की बनावट Soil texture	दोमट मिट्टी Clay loam
मृदा का पीएच मान Soil pH	7.96
विद्यत चालकता Electrical conductivity (dS/m)	0.23
मृदा जैविक कार्बन Soil organic carbon (mg/kg)	6.98
मृदा में उपलब्ध नाइट्रोजन Soil available N (kg/ha)	175.6
मृदा में उपलब्ध फॉस्फोरस Soil available P (kg/ha)	21.5
मृदा में उपलब्ध पोटेशियम Soil available K (kg/ha)	456
मृदा में उपलब्ध सल्फर Soil available S (kg/ha)	14.5

दोनों का टीकाकरण नहीं करने एवं 100 प्रतिशत आरडीएफ का प्रयोग करने के मुकाबले में वीएएम और पीएसबी दोनों का टीकाकरण करने पर कंदीय उपज में 4.05 से 5.09 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुष्क सामग्री उपज और पोषक तत्व मात्रा के संबंध में भिन्न उपचारों के बीच किसी प्रकार की विशेष भिन्नता देखने को नहीं मिली।

increased bulb yield by 4.05-5.09% compared to 100% RDF without VAM and PSB inoculation. No significant difference was observed between different treatments for dry matter yield and nutrient concentration.



चित्र 4.3 : वीएएम से टीकाकृत प्याज की जड़ों में माइकोराइजल हाइफी की मौजूदगी
Fig. 4.3 : Presence of mycorrhizal hyphae in onion roots inoculated with VAM



चित्र 4.4 : प्याज की उपज (टन/हे.) पर वीएएम एवं पीएसबी टीकाकरण का प्रभाव
Fig. 4.4 : Effect of VAM and PSB inoculation on onion yield (t/ha)

जल भराव दबाव के तहत प्याज में जड़ अध्ययन

जड़ें, पौधे की प्रमुख भाग होती हैं जो कि जल भराव अथवा मृदा में बाढ़ वाली स्थितियों में फसल अथवा पौधे को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। इसलिए, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों सहित कुल 15 प्याज प्रविष्टियों में जड़ बढ़वार पर जल भराव के प्रभाव का

Root studies in onion under water logging stress

Roots are the primary plant part which affects directly under water logging or soil flooding conditions. An experiment was conducted to evaluate the effect of water logging on root

मूल्यांकन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। 1200 सीसी आकार वाले जड़ ट्रेनर्स में 45 दिन पुरानी पौद को रोपा गया और वहां उसे 30 दिनों तक बढ़ने दिया गया। तदुपरान्त, टैंक जिसमें मृदा सतह से 3 सेमी. ऊपर तक जल स्तर को बनाये रखा गया था, में जल भराव की कृत्रिम परिस्थिति को उत्पन्न करके पौधों को रखा गया। जल भराव परिस्थितियों से पौधे के समलक्षणी गुण गंभीर रूप से प्रभावित हुए और यह जल भराव दबाव के 5 दिन बाद गंभीर रूप से बढ़ा। विज्युल तथा इमेज विश्लेषण के माध्यम से जड़ बढ़वार और आर्कीटेक्चर के रूपविज्ञान और एनाटॉमी का विश्लेषण करने के लिए जड़ों को नुकसान पहुंचाये बिना पौधों को उखाडा गया। अध्ययन की गई प्रविष्टियों के बीच जल भराव दबाव के 4 दिन बाद जड़ आकृतिविज्ञान आंकडों में कोई उल्लेखनीय भिन्नता देखने को नहीं मिली। अधिकांश प्रविष्टियों में जल भराव दबाव के 6 दिनों बाद ही जड़ व्यवहार में भिन्नता देखने को मिली। जल भराव दबाव परिस्थिति के तहत, प्याज की प्रविष्टियों में, प्राप्ति 1630 में जड़ वृद्धि का उच्चतम अनुपात देखने को मिला जबकि भीमा सफेद किस्म ने न्यूनतम जड़ वृद्धि के साथ प्रतिकूल व्यवहार किया (चित्र 4.5)। पुन: औसत जड़ लंबाई, औसत जड़ क्षेत्रफल तथा औसत जड़ आयतन अथवा परिमाण के मामले में, दबाव परिस्थिति के तहत जड़ के समलक्षणी गुणों के संबंध में डब्ल्यू 208 द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया (चित्र 4.6)। जल भराव परिस्थिति के तहत, बाह्य मूल त्वचा और आन्तरिक मूल त्वचा दोनों की कोशिकाओं के जड़ द्विरूपता तथा सुबरिनीकरण में उल्लेखनीय भिन्नता प्रदर्शित हुई। कुल मिलाकर, अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि बाढ़ग्रस्त दबाव के तहत वांछित जड़ गुणों वाली प्रविष्टियों द्वारा विशेषकर उन्नत जड़ घनत्व में आशाजनक भूमिका निभाई जाती है। जल भराव दबाव की प्रतिक्रिया में प्रजनन कार्यक्रम हेतु आशाजनक प्रविष्टियों का चयन करते समय एक प्रमुख दबाव संकेतक के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है।

growth in 15 onion entries including ICAR-DOGR varieties. The 45 days old seedlings were transplanted in root trainers of size 1200cc and allowed to grow for 30 days. Thereafter, plants were subjected to water logging by creating artificial condition in tank. Water logging severely affect the plant phenotypic traits and its severity increases 5 days after stress. The plants were uprooted without damaging the roots in order to analyze the morphology and anatomy of root growth and architecture through visual and image analysis. Root morphological observations recorded 4 days after stress did not showed significant differences among the entries. Variation in root behaviour was recorded only after 6 days of stress in most of the entries. Among the onion entries, Acc. 1630 showed highest proportion of root growth whereas, Bhima Safed behave contrastingly with minimum root growth and its behaviour under stress condition (Fig. 4.5). In case of average root length, average root area and average root volume, W-208 performed best with respect to root phenotypic traits under stress condition (Fig. 4.6). Root dimorphism and suberization of both exodermis and endodermis cells shown significant differences under water logging. Altogether, the study signifies that the entries with desirable root traits especially the improved root density plays promising role under flooding stress. This observation can be used as an important stress indicator while selecting promising entries for water logging stress.

प्राप्ति 1630 (कंट्रोल) Acc. 1630 (Control) | प्राप्ति 1630 (जल भराव दबाव) Acc. 1630 (Water logging stress) | भीमा सफेद (कंट्रोल) Bhima Safed (Control) | भीमा सफेद (जल भराव दबाव) Bhima Safed (Waterlogging stress)

चित्र 4.5 : जल भराव परिस्थितियों में प्याज की सहिष्णु एवं संवेदनशील प्रविष्टियों में जड़ बढ़वार का प्रदर्शन

Fig. 4.5 : Performance of root growth in tolerant and susceptible onion entries under water logging condition



चित्र 4.6 : प्याज प्रविष्टियों में (क) औसत जड़ लंबाई तथा (ख) औसत जड़ आयतन पर जल भराव का प्रभाव

Fig. 4.6 : Effect of water logging on (a) average root length and (b) average root volume in onion entries

सूखा दबाव के तहत प्याज में जड़ अध्ययन

सूखा दबाब के लिए जीनप्ररूपों की छंटाई करते समय जड़ आर्किटेक्चर और पादप समलक्षणी एक प्रमुख चयन टूल्स होता है। इस दिशा में, जड़ बढ़वार और आकृतिविज्ञान पर सूखा दबाव के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए भाकृअनुप– प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की किस्मों सहित प्याज की कुल बीस प्रतिकूल प्रविष्टियों में एक प्रयोग किया गया। 1200cc आकार के जड़ ट्रेनर्स में 45 दिन पुरानी प्याज पौद को रोपा गया जहां उसे 25 दिनों तक बढ़ने दिया गया। तदुपरान्त, 25 दिनों तक लगातार सिंचाई को रोककर सूखा दबाव की परिस्थिति उत्पन्न की गई। कंट्रोल पौधों में संस्तुत सिंचाई समय सारणी के अनुसार सिंचाई की जाती रही। जल की कमी की प्रतिक्रिया में पौधों की उत्तरजीविता प्रतिशत और सठियाव दर के लिए इनकी प्रतिदिन निगरानी की गई। संवेदनशील प्रविष्टियों को छोड़कर अध्ययन की गईं अधिकांश प्रविष्टियों में जल की स्थिति बनी रही जैसा कि इनके समलक्षणी आंकड़ों से पता चलता है। इनके हरियाली सूचकांक और अन्य प्रमुख कार्यिकी गुणों में दबाव उपचार के 20 दिन बाद प्रविष्टियों के बीच भिन्नता को दर्ज किया गया। इसलिए, जल की कमी वाले दबाव के 25 दिनों बाद सभी प्रविष्टियों के पौधों को जड़ को बिना कोई नुकसान पहुचाये उखाड़ा गया ताकि प्रकट एवं प्रतिबिम्ब विश्लेषण के माध्यम से जड़ आर्किटेक्चर का विश्लेषण किया जा सके। प्रतिकूल प्रकृति वाली प्याज प्रविष्टियों के बीच, सीमित जल आपूर्ति की प्रतिक्रिया में अन्य प्रविष्टियों की तुलना में डब्ल्यू 344 प्रविष्टि में बहु विकसित जड़ बढ़वार और अन्य संबंधित गुण दर्ज किए गए (चित्र 4.7)। जबकि, प्याज किस्म भीमा किरण में घटिया जड़ बढ़वार के साथ प्रतिकूल परिणाम देखने को मिले। इसके अतिरिक्त, नमी की कमी वाली दबाव परिस्थिति में डब्ल्यू 208 में अधिकतम औसत जड़ लंबाई, औसत जड़ क्षेत्रफल तथा औसत जड़ आयतन अथवा परिमाण दर्ज किया गया जबकि

Root studies in onion under drought stress

Root architecture and plant phenotyping are important selection tools while screening genotypes for drought stress. An experiment was conducted in 20 contrasting onion entries including ICAR-DOGR varieties to evaluate the effect of drought stress on root growth and morphology. The 45 days old seedlings were transplanted in root trainers of size 1200cc and allowed to grow for 25 days. Thereafter, plants were subjected to drought stress by with-holding irrigation for continuous 25 days. The controlled plants were irrigated as per the recommended irrigation schedule. Most of the entries were able to maintain water status as reflected by its phenotypic observations except for susceptible ones. Variation was recorded among the entries 20 days after stress treatment in its greenness index and other physiological traits. Therefore, after 25 days of water-deficit stress the plants from all the entries were uprooted without damaging roots to analyze the root architecture through visual and image analysis. Among contrasting onion entries, W-344 recorded with well-developed root growth and other related traits in comparing to other entries in response to limited water supply (Fig. 4.7). Whereas, contrasting result was found in Bhima Kiran with poor root growth. Average root length, average root area and average root

भीमा सफेद किस्में में न्यूनतम मान दर्ज किए गए (चित्र 4.8)। कुल मिलाकर अध्ययन से पता चला कि विशेषकर जड़ लंबाई वाले वांछित जड़ गुणों वाली प्रविष्टियां सूखा दबाव परिस्थितियों में उल्लेखनीय भूमिका निभाती हैं। सूखा संवेदनशील क्षेत्रों में किस्मीय विकास कार्यक्रम में वांछित प्रविष्टियों का चयन करते समय इस परिणाम का उपयोग प्रमुख मानदण्ड के रूप में किया जा सकता है। कुल मिलाकर, अध्ययन में प्रदर्शित हुआ कि विशेषकर जड़ लंबाई वाले वांछित जड़ गुणों वाली प्रविष्टियां जल भराव सहिष्णु क्रियाविधियों सूखा परिस्थिति और जड़ घनत्व में उल्लेखनीय भूमिका निभाती हैं।

volume recorded highest in W 208 whereas minimum in Bhima Safed under moisture deficit stress (Fig. 4.8). The study revealed that the entries with desirable root traits especially the root length plays a significant role under drought condition. This finding can be used as important criteria while selecting desirable entries in drought prone areas. The study showed that the entries with desirable root traits especially the root length plays a significant role in drought condition and root density in water logging tolerant mechanisms.

डब्ल्यू 344 (कंट्रोल) W 344 (Control) | डब्ल्यू 344 (सूखा दबाव) W 344 (Drought Stress) | भीमा किरण (कंट्रोल) Bhima Kiran (Control) | भीमा किरण (सूखा दबाव) Bhima Kiran (Drought Stress)

चित्र 4.7 : सूखा दबाव के अंतर्गत प्याज की सहिष्णु एवं संवेदनशील प्रविष्टियों में जड़ बढ़वार पर सूखा परिस्थिति का प्रभाव
Fig. 4.7 : Performance of root growth in tolerant and susceptible under drought stress



चित्र 4.8 : प्याज प्रविष्टियों में (क) औसत जड़ लंबाई एवं (ख) औसत जड़ आयतन पर सूखा परिस्थितियों का प्रभाव
Fig. 4.8 : Effect of drought condition on average root length (a) and (b) average root volume in onion entries

प्याज फसल में विभिन्न बढ़वार अवस्थाओं पर जल भराव दबाव के प्रभाव का मूल्यांकन

खरीफ 2018 में प्याज किस्म भीमा सुपर के साथ कृत्रिम जल भराव परिस्थितियों के तहत एक खेत परीक्षण किया गया ताकि प्याज फसल में विभिन्न बढ़वार अवस्थाओं पर जल भराव/बाढ़ग्रस्त दबाव के प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके।

Evaluating the effect of water logging stress on different growth stages in onion crop

An experiment was conducted under artificial water-logging with onion variety Bhima Super in *kharif*-2018. The seedlings (45 days after

प्लास्टिक के गमलों में बुवाई के 45 दिन बाद वाली पौद को रोपा गया और प्याज फसल की सम्पूर्ण बढ़वार अवधि (पौध रोपण के 110 दिन बाद) को 20 विभिन्न बढ़वार चरणों में बांटा गया। प्रत्येक बढ़वार चरण के दौरान लगातार 5 दिनों के लिए गमले में जल भराव परिस्थिति में पौधों को रखा गया और उसके बाद पूरी बढ़वार अवधि के दौरान सामान्य सिंचाई समय सारणी का अनुपालन किया गया। जल भराव दबावों के लिए सर्वाधिक संवेदनशील प्याज बढ़वार अवस्था की पहचान करने हेतु विभिन्न समलक्षणी, कार्यिकी तथा जैव–रासायनिक गुणों के लिए दबाव उपचार होने पर पौद की गहन निगरानी की गई। दबाव उपचार के दौरान सर्वाधिक महत्वपूर्ण विज्युल आंकडा पौधे की उत्तरजीविता है जो कि अगेती शाकीय अवस्था (पौध रोपण के 10 – 30 दिन उपरान्त) तथा परिपक्वता अवधि अवस्था (पौध रोपण के 100 – 110 दिन बाद) दबाव को आरोपित करने पर 80 प्रतिशत से भी अधिक पाई गई। बाढ़ग्रस्त उपचार, कंद विकास और दीर्घीकरण अवस्था के दौरान सबसे अधिक निर्धारक पाया गया जैसा कि उस समय उच्च पौधा मृत्युदर दर्ज की गई (60 प्रतिशत से अधिक) (चित्र 4.9)। अन्य अवस्थाओं की तुलना में अगेती बढ़वार अवस्था (पौध रोपण के 20 से 35 दिन बाद) के दौरान जब जल भराव दबाव घटित किया गया तब क्लोरोफिल की मात्रा में कमी देखने को मिली जो कि बाढ़ग्रस्त परिस्थिति के तहत उत्तरजीविता हेतु पौधों द्वारा अपनाई गई सहिष्णुता क्रियाविधि हो सकती है। जल भराव परिस्थिति के तहत प्याज कंद आकृति, आकार और भार जैसे आर्थिक गुण गंभीर रूप से बाधित हुए जिससे पौधे का समग्र प्रदर्शन और उपज प्रभावित होता है। कंद विकास और दीर्घीकरण अवस्था (पौध रोपण के 31 से 90 दिन बाद) के दौरान जल भराव होने पर पौधों में एकल कंद भार में उल्लेखनीय रूप से कमी आई। प्याज की फसल में कंद प्रारंभ होने की अवस्था (पौध रोपण के 11 से

sowing) were transplanted in plastic pots and the entire growth period of onion crop (110 DAT) was divided into 20 different growth phases. Plants were subjected to water-logging condition created in pit for continuous 5 days during each growth phase and thereafter normal irrigation schedule was followed through-out the growth period. The most important visual observation during stress treatment is the plant survival that found to be more than 80% when stress was imposed during early vegetative (10-30 DAT) and maturity stage (100-110 DAT). The flooding treatment was found to be most detrimental during bulb development and enlargement stage as high plant mortality was recorded (more than 60%) (Fig. 4.9). Reduction in chlorophyll content was observed when waterlogging stress occurred during early growth stage (20-35 DAT) as compared to other stages that might be a tolerance mechanism adapted by plant in order to survive under flooding condition. The economic trait like onion bulb shape, size and weight get severely hampered under waterlogging that ultimately affects the overall plant performance and yield. The single bulb weight was found to be significantly reduced when plants were subjected to waterlogging during bulb development and enlargement stage (31-90 DAT). The less yield reduction was recorded



चित्र 4.9 : प्याज की विभिन्न बढ़वार अवस्थाओं के दौरान पौधा उत्तरजीविता पर जल भराव दबाव का प्रभाव

Fig. 4.9 : Effect of water logging stress on plant survival during different onion growth stages

30 दिन बाद) तथा कंद परिपक्वता अवस्था (पौध रोपण के 101 से 110 दिन बाद) के दौरान कम उपज कमी दर्ज की गई (चित्र 4.10)। अत: वर्तमान कार्य से यह निष्कर्ष निकलता है कि सम्पूर्ण प्याज कंद विकास एवं दीर्घीकरण अवस्था, जल भराव दबाव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील पाई गई।

during bulb initiation (11-30 DAT) and bulb maturity stage (101-110 DAT) in onion crop (Fig. 4.10). Hence the present work concluded that the entire onion bulb development and enlargement stage was found to be highly sensitive to waterlogging stress.



चित्र 4.10 : प्याज की विभिन्न बढ़वार अवस्थाओं के दौरान प्याज कंद भार पर जल भराव दबाव का प्रभाव
Fig. 4.10 : Effect of waterlogging stress on onion bulb weight during different growth stages

जल अल्पता दबाव में प्याज फसल में सैलीसाइलिक अम्ल के बहिर्जात अनुप्रयोग का प्रभाव

सैलीसाइलिक अम्ल प्राकृतिक रूप से घटित होने वाला सिग्नलिंग अणु और वृद्धि नियामक है जो कि दबाव परिस्थितियों विशेषकर सूखा दबाव के तहत पौधा वृद्धि को नियंत्रित करता है और उसकी रक्षा करता है। रबी 2017–18 के दौरान सूखा परिस्थिति के तहत प्याज की किस्म, भीमा श्वेता में सैलीसाइलिक अम्ल की विभिन्न सान्द्रता के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए खेत परीक्षण किया गया। लगातार 25 दिनों तक सिंचाई को रोककर कंद विकास अवस्था (पौध रोपण के 50 – 75 दिनों बाद) के दौरान कृत्रिम रूप से सूखा दबाव की स्थिति उत्पन्न की गई। सूखा उपचार से पहले सैलीसाइलिक अम्ल की विभिन्न सान्द्रता यथा 50 पीपीएम, 100 पीपीएम, 150 पीपीएम, 250 पीपीएम तथा 300 पीपीएम को बहिर्जात उपयोग किया गया। सैलीसाइलिक अम्ल का 100 एवं 150 पीपीएम सान्द्रता पर पर्णीय छिड़काव करने पर सूखा दबाव के हानिकारक प्रभाव को उल्लेखनीय रूप से कम किया जा सका जिससे कंट्रोल पौधा (60 प्रतिशत) की तुलना में पौधे की उत्तरजीविता में 70 प्रतिशत तक बढ़ी (चित्र 4.11)। इससे बिना किसी सैलीसाइलिक अम्ल उपचार के सूखा दबाव (60 से 61 प्रतिशत) वाले पौधों की तुलना में पौधा जल स्तर को बनाये रखने में मदद मिलती है जैसा कि इसमें कहीं उच्चतर आपेक्षिक जल मात्रा (67 से 68 प्रतिशत)

Effect of exogenous application of Salicylic acid in onion crop subjected to water deficit stress

Salicylic acid (SA) is a naturally occurring signalling molecule and growth regulator that regulate plant growth and protect it during stress conditions particularly, drought stress. The field experiment was conducted to evaluate the effect of different concentration of SA in onion variety, Bhima Shweta under drought condition during *Rabi*-2017-18. Drought stress was imposed during bulb development stage (50-75 days after transplanting) by with-holding irrigation for continuous 25 days. Different concentration of SA, i.e. 50 ppm, 100 ppm, 150 ppm, 250 ppm and 300 ppm were exogenously applied before drought treatment. Foliar spray of 100 and 150 ppm of SA significantly reduces the deleterious effect of drought stress by increasing the plant survival percentage up to 70% as compared to control plant (60%) (Figure 4.11). It helps in maintaining the plant water status reflected by higher relative water content (67-68%) as

द्वारा परिलक्षित हुआ। जल अल्पता दबाव के कारण बुरी तरह से प्रभावित होने वाले प्रमुख कार्यिकी गुणों में क्लोरोफिल स्तर और पादप सेलुलर मेम्ब्रेन स्थिरता हैं। परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि जल अल्पता दबाव द्वारा मेम्ब्रेन नुकसान को बढ़ाकर सेलुलर मेम्ब्रेन कार्यशीलता को कम किया जाता है हालांकि, 100, 150 एवं 250 पीपीएम सैलीसाइलिक अम्ल द्वारा इसकी सेलुलर मेम्ब्रेन स्थिरता को बनाये रखकर मेम्ब्रेन कार्यशीलता को बनाये रखा जाता है (चित्र 4.12)। नमी दबाव के कारण पौधे में हरियाली सूचकांक और प्रकाश संश्लेषण क्षमता प्रभावित हुई जो कि गंभीर रूप से प्रभावित क्लोरोफिल स्तर द्वारा परिलक्षित हुई। सैलीसाइलिक अम्ल का 50 एवं 150 पीपीएम की सान्द्रता पर बहिर्जात छिड़काव करने पर कंट्रोल (1.3 मिग्रा./ग्राम शुष्क भार) की तुलना में इसकी उच्चतर क्लोरोफिल मात्रा (3.3 से 5 मिग्रा./ग्राम शुष्क भार) को बनाये रखकर पौधे की प्रकाश संश्लेषण क्षमता में सुधार किया जाता है (चित्र 4.13)। सिंचित प्लॉटों की तुलना में जल अल्पता दबाव की प्रतिक्रिया में प्रोलिन जैसे लाभकारी ऑस्मोलाइट्स उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर पाए गए, हालांकि, सूखा दबाव के तहत विभिन्न उपचारों के बीच यह वृद्धि गैर उल्लेखनीय थी। सूखा दबाव के तहत कंट्रोल (41.10 प्रतिशत) के मुकाबले में 100 पीपीएम और 150 पीपीएम

compared to plants subjected to drought stress (60-61%) without SA treatment. The result showed that water deficit stress reduces the cellular membrane functionality by increasing the membrane damage however 100, 150 and 250 ppm of SA retains the membrane functionality by maintaining its cellular membrane stability (Figure 4.12). The plant greenness index and photosynthetic ability reflected by chlorophyll level get severely affected due to moisture stress. Exogenous spray of SA *viz.*, 50 and 150 ppm improves the plant photosynthetic ability by maintaining its higher chlorophyll content (3-3.5 mg/g dry wt.) as compared to control (1.3 mg/g dry wt.) (Fig. 4.13). The beneficial osmolytes like Proline found to be significantly higher in response to water deficit stress as compared to irrigated plots however the increase was found to be non-significant among the different treatments under drought stress. It further minimizes the



चित्र 4.11 : सूखा दबाव के अंतर्गत प्याज फसल में पौधा उत्तरजीविता पर सैलीसाइलिक अम्ल उपचार का प्रभाव

Fig. 4.11 : Effect of salicylic acid treatment on plant survival in onion crop subjected to drought stress



चित्र 4.12 : सूखा दबाव के अंतर्गत प्याज फसल में सेलुलर मेम्ब्रेन स्थिरता पर सैलीसाइलिक अम्ल उपचार का प्रभाव

Fig. 4.12 : Effect of salicylic acid treatment on cellular membrane stability in onion crop subjected to drought stress

की दर पर सैलीसाइलिक अम्ल का उपचार करने पर कंद भार नुकसान यथा 13.96 प्रतिशत को कम किया जाता है (चित्र 4.14)। कुल मिलाकर, अध्ययन का यह निष्कर्ष है कि प्याज फसल में सूखा दबाव के प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए कमतर सान्द्रता (100 पीपीएम) पर सैलीसाइलिक अम्ल का प्रयोग करना प्रभावी पाया गया।

bulb weight losses i.e. 13.96% and 21.92% under 100 ppm and 150 ppm of SA treatment respectively as compared to control 41.10% under drought stress (Fig. 4.14). Overall, the study concluded that SA at lower concentration (100 ppm) was found to be effective for minimizing the effect of drought stress in onion crop.



चित्र 4.13 : सूखा दबाव के अंतर्गत प्याज फसल में पत्ती क्लोरोफिल मात्रा पर सैलीसाइलिक अम्ल उपचार का प्रभाव
Fig. 4.13 : Effect of salicylic acid treatment on leaf chlorophyll in onion crop subjected to drought stress



चित्र 4.14 : सूखा दबाव के अंतर्गत प्याज फसल में प्याज कंद उपज (टन/हे.) पर सैलीसाइलिक अम्ल उपचार का प्रभाव
Fig. 4.14 : Effect of salicylic acid treatment on onion bulb yield (t/ha) subjected to drought stress

वृद्धि एवं उपज पर लहसुन कली रोपण विधि का प्रभाव

आमतौर पर पारम्परिक तरीके से मिट्टी में कली के सिरे को ऊपर की ओर रखकर हाथ से लहसुन की रोपाई की जाती है। मजदूरों की कमी में लगातार हो रही वृद्धि के कारण, किसान लहसुन की रोपाई के लिए यांत्रिकीकरण की ओर रूख कर रहे हैं। जब प्लांटरों (हाथ से चालित अथवा ट्रैक्टर चालित) की मदद से लहसुन की कली की रोपाई होती हैं तब लहसुन की कली मिट्टी में विभिन्न उन्मुखता (कली का सिरा ऊपर की ओर (पारम्परिक); कली का सिरा नीचे की ओर; कली का सिरा क्षैतिज अथवा यादृच्छिक दिशा में) के साथ गिरती है। पौधा बढ़वार और उपज पर इस कली उन्मुखता के महत्व के बारे में जानना जरूरी है। लहसुन के बढ़वार एवं उपज प्राचलों

Effect of garlic clove planting method on growth and yield

Conventionally garlic was planted manually by keeping bud pointed upward in the soil. Due to increase in the labour scarcity, farmers are shifting to mechanisation for planting of garlic. When the garlic clove planted using the planters (manual drawn or tractor drawn), garlic clove drops in the soil with different orientations (bud pointed upward (conventional); bud pointed downward; bud pointed horizontally or random direction). It is important to know the importance of this clove

पर कली उन्मुखता के प्रभाव को देखने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। रबी मौसम 2018–19 के दौरान पांच पुनरावृतियों में लहसुन कलियों को तीन भिन्न उन्मुखता यथा कली का सिरा ऊपर की ओर (BPU), कली का सिरा नीचे की ओर (BPD), कली का सिरा क्षैतिज रूप में (BPH) में रोपा गया। सभी उपचार प्लॉटों में एकसमान रूप से फसल बढ़वार अवधि के दौरान उर्वरकों, कीटनाशकों तथा कवकनाशियों की संस्तुत खुराक का प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय रूप से सबसे अधिक उपज कली का सिरा ऊपर की ओर (BPU) (10.36 टन/हे.) में और सबसे कम उपज कली का सिरा नीचे की ओर (BPD) (7.21 टन/हे.) में दर्ज की गई। कली का सिरा क्षैतिज रूप में (BPH) में में 9.45 टन/हे. की कुल उपज दर्ज की गई। कली का सिरा ऊपर की ओर (BPU), कली का सिरा नीचे की ओर (BPD), कली का सिरा क्षैतिज रूप में (BPH) में क्रमश: 9.9, 6.9 तथा 8.92 टन/हे. की विपणन योग्य उपज दर्ज की गई (चित्र 4.15)।

orientation on plant growth and yield. A field experiment was conducted to see the effect of clove orientations on the growth and yield parameters of garlic. Garlic cloves were planted in three different orientations; bud pointed upward (BPU), bud pointed downward (BPD), bud pointed horizontal (BPH)) in five replications during *rabi* season 2018-19. Recommended dose of fertilizers, pesticides and fungicides were applied during the crop growth period uniformly to all the treatment plots. Significantly highest yield was observed in BPU (10.36 t/ha) and lowest in BPD (7.21 t/ha). The total yield was recorded to be 9.45 t/ha in BPH. Marketable yield was 9.9, 6.9 and 8.92 t/ha in BPU, BPD and BPH respectively (Fig. 4.15).



चित्र 4.15 : कुल एवं विपणन योग्य उपज पर लहसुन कली रोपाई विधि का प्रभाव
Fig. 4.15 : Effect of garlic clove planting method on total and marketable yield

सरसों फसल की रोपाई से प्याज फसल में वन्य मधुमक्खी की आगन्तुक गतिविधियों में बढ़ोतरी

वन्य मधुमक्खी की आगन्तुक दर पर सरसों फसल की रोपाई (चारदीवारी फसल के रूप में) के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। प्याज कंद डिबलिंग के दो सप्ताह उपरान्त बार्डर धारी के रूप में सरसों फसल की एक कतार को रोपा गया। अति व्यस्त पुष्पन अवस्था के दौरान एक घंटे के अंतराल पर तीन दिनों के लिए लगातार विभिन्न प्याज पुष्प आगन्तुकों की आगुन्तक भ्रमण दर पर आंकडों को दर्ज किया गया। इस दौरान, लिटिल मधुमक्खी, *एपिस फ्लोरिया*; इटैलियन मधुमक्खी, *एपिस मेल्लीफेरा*; दंशहीन

Mustard planting increases wild bee forage activity in onion crop

An experiment was conducted to study the impact of mustard planting (as border crop) on wild bees foraging rate. A row of mustard was planted as border strip two weeks after onion bulb dibbling. Observations on forage visitation rate of different onion flower visitors were recorded continuously for three days with an hour interval during peak bloom stage. Little bee, *Apis florea*; Italian bee, *Apis mellifera*;

मधुमक्खी, *टेट्रागोनुला* प्रजातियां और तितलियों (सल्फर्स एवं कैलोट्रॉपिस तितलियां) को दर्ज किया गया। विभिन्न प्रजातियों में, दंशहीन अथवा डंकहीन मधुमक्खी टेट्रागोनुला प्रजातियां सबसे अधिक बार अथवा सबसे प्रबल आगन्तुक (15.14/5 मिनट/वर्ग मीटर) एवं तदुपरान्त लिटिल मधुमक्खी *ए. फ्लोरिया* (3.53/5 मिनट/वर्ग मीटर) पाई गई (तालिका 4.5)। आगन्तुक दर में उल्लेखनीय भिन्नता से पता चला कि चारदीवारी अथवा सीमावर्ती फसल के रूप में सरसों फसल की रोपाई करने पर प्याज में वन्य मधुमक्खी की आगन्तुक गतिविधि और उनकी इको सिस्टम सेवा में वृद्धि होगी। प्रत्येक घंटे पर दर्ज किए गए आंकडों से पता चला कि 10.30 से 13.30 बजे के दौरान *टेट्रागोनुसा* प्रजातियों का आगन्तुक भ्रमण ज्यादा था (चित्र 4.16) जबकि इस समय अन्य तीन प्रजातियों की आगन्तुक दर स्थिर बनी रही।

Stingless bee, *Tetragonula* spp and Butterflies (Sulfurs and Calotropis butterflies) were recorded. Among the different species Stingless bee *Tetragonula* spp was the predominant visitor (15.14/5min/sq.m) followed by Little bee *A. florea* (3.53/5min/sq.m) (Table 4.5). A significant difference in the visitation rate revealed that planting mustard as border strip would enhance the wild bee forage activity and their eco-system service in onion. Hourly observation revealed that forage visitation of Tetragonula spp was high during 10.30 to 13.30 hr (Fig. 4.16) whereas, visitation rate of other three species was static during this time.

तालिका 4.5 : सरसों फसल के साथ रोपित प्याज फसल में परागकों का भ्रमण
Table 4.5 : Pollinators visitation in onion crop planted with mustard crop

परागक प्रजातियां Pollinator Species	आगन्तुक भ्रमण दर Forage visitation rate (No./5min/Sq.m)			
	पहला दिन 1st day	दूसरा दिन 2nd day	तीसरा दिन 3rd day	माध्य Mean
एपिस फ्लोरिया Apis florea	2.72b	3.65b	4.22b	3.53b
एपिस मेल्लीफेरा Apis mellifera	0.99bc	1.75c	1.68c	1.47c
टेट्रागोनुला प्रजाति Tetragonula sp	13.18a	15.90a	16.33a	15.14a
तितलियां Butterflies	0.15c	0.42d	0.18d	0.25c



चित्र 4.16 : प्याज फसल में प्रत्येक घंटे के अंतराल पर आगन्तुक दौरा
Fig. 4.16 : Forgers visits at hourly intervals in onion crop

हरी प्याज के लिए रोपण विधियों का मानकीकरण

खरीफ 2018 के दौरान, तीन फासला उपचारों (10 × 15, 10 × 10 एवं 10 × 7.5 सेमी.) तथा पांच पुनरावृतियों के साथ हरी प्याज के लिए उपयुक्त फासला बनाये रखने का पता लगाने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। जुलाई, 2018 के अंतिम सप्ताह में प्याज किस्म, भीमा सुपर की चालीस दिन

Standardization of planting methods for green onion

Field experiment was conducted to identify the suitable spacing for green onion with three spacing treatments (10x15, 10x10 and 10x7.5 cm) and five replications during *kharif* 2018. Forty days old seedlings of onion variety,

पुरानी पौद की रोपाई की गई तथा वहां प्याज की पौद को 50 दिनों तक बढ़ने दिया गया। 50 दिनों के उपरान्त, प्याज पौधों की वैकल्पिक पंक्ति को हटा लिया गया और उसे हरी प्याज के रूप में बाजार में बेच दिया गया। 10 × 15 सेमी. फासले वाली एक क्यारी से प्याज पौधों को उखाड कर हरी प्याज के रूप में बेचा गया। हरी प्याज के पौधों की तुडाई करने के उपरान्त हरी प्याज उपज को दर्ज किया गया। शेष पौधों में कंद गठन होने दिया गया। कंद परिपक्वता के उपरान्त, कंदों की तुडाई की गई और सभी तीनों फासला उपचारों में कंदीय उपज को दर्ज किया गया। 10 × 10 सेमी. के फासला उपचार में, 15.28 टन/हे. की कंदीय उपज और 11.49 टन/हे. की हरी प्याज उपज दर्ज की गई जो कि 10 × 15 सेमी. फासला उपचार की तुलना में कहीं ज्यादा थी। हरी प्याज में जल की मात्रा में 90.2 से 90.8 प्रतिशत की भिन्नता देखने को मिली। प्रतिशत शुष्क भार और जल मात्रा के लिए उपचारों के बीच कोई विशेष भिन्नता देखने को नहीं मिली। पादप पोषक तत्व विश्लेषण से पता चला कि कंद प्याज की तुलना में हरी प्याज में कहीं अधिक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस तथा पोटेशियम की मात्रा और सल्फर की कम मात्रा पाई गई (तालिका 4.6)। कंद प्याज की तुलना में हरी प्याज में कुल फिनोल और फ्लेवोनॉइड मात्रा कहीं कमतर और पाइरूविक अम्ल की मात्रा कहीं उच्चतर पाई गई (तालिका 4.7)।

Bhima Super was transplanted during last week of July 2018. Onion plants were allowed to grow up to 50 days. After 50 days, alternate row of onion plants were removed and sold in the market as green onion. Onion plants were harvested from one bed of 10×15 cm spacing and sold as green onion. After bulb maturity, bulbs were harvested and bulb yield was recorded in all the three spacing treatments. In spacing treatment of 10 x 10 cm, the bulb yield was recorded to be 15.28 t/ ha and green onion yield was 11.49 t/ ha which was found to be higher than that of 10×15 cm spacing treatments. Water content in green onion varied from 90.2 to 90.8%. No significant difference was observed between treatments for percent dry weight and water content. Plant nutrient analysis showed that green onion had more N, P, and K and less S content compared to bulb onion (Table 4.6). Total phenol and flavonoid contents were lower and pyruvic acid content was found to be higher in green onion as compared to bulb onion (Table 4.7).

तालिका 4.6 : हरे एवं कंद प्याज की पोषणिक गुणवत्ता

Table 4.6 : Nutritional quality of green and bulb onion

उत्पाद Product	उपचार Treatments	नाइट्रोजन N (%)		फॉस्फोरस P (%)		पोटेशियम K (%)		सल्फर S (%)	
		पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs	पत्तियां Leaves	कंद Bulbs
हरी प्याज Green onion	10x15 cm	1.06	1.31	0.41	0.33	2.55	1.03	0.34	0.25
	10x10 cm	1.21	1.20	0.47	0.41	2.31	1.20	0.33	0.23
	10x7.5 cm	1.22	1.20	0.42	0.38	2.74	1.20	0.36	0.21
कंद प्याज Bulb onion	0.92	1.15	0.23	0.37	1.45	1.02	0.24	0.45	
SEMAm±	0.03	0.02	0.06	NS	0.03	0.01	0.05	0.01	
LSD(p=0.005)	0.11	NS	0.18	0.01	0.08	0.04	0.15	NS	
CV%	6.40	7.34	4.91	9.32	4.69	7.14	8.79	8.96	

पछेती खरीफ मौसम के दौरान प्याज की फसल में तोर वाले कंदों के संबंध में व्यवहार

प्याज की कंद फसल में तोर वाले कंदों का होना अथवा

Bolting behaviour in onion crop during late *kharif* season

Bolting or pre mature flowering in onion bulb

तालिका 4.7 : हरी एवं कंद प्याज की जैव–रासायनिक गुणवत्ता
Table 4.7 : Biochemical quality of green and bulb onion

उत्पाद Product	उपचार Treatments	फिनोल मात्रा Phenol content (mg GAE/kg FW)	फ्लेवोनॉइड्स Flavonoids (mg Quercetin/kg FW)	पाइरूविक अम्ल Pyruvic acid (Jmoles/kg FW)	क्लोरोफिल Chlorophyll (mg/g FW)
हरी प्याज Green onion	10 x 15 cm	493.3	173.1	3.91	3.39
	10 x 10 cm	282.2	93.1	4.27	5.37
	10 x 7.5 cm	390.6	136.8	4.29	4.34
कंद प्याज Bulb onion	-	595.0	358.0	2.15	-
SEMAm±	26.3	11.50	0.26	0.44	-
LSD(p=0.005)	79.5	38.9	NS	0.94	-
CV%	20.3	23.5	13.28	21.34	-

FW: ताजा भार (Fresh weight), GAE : गॉलिक अम्ल समतुल्य (Gallic acid equivalent)

परिपक्वता से पहले पुष्पन का होना एक अवांछित गुण है जिस पर प्याज सुधार कार्यक्रम में ध्यान देने की जरूरत है। यह समस्या दिसम्बर – जनवरी के महीनों में जब रात्रि में तापमान कम होता है, तब कहीं अधिक गंभीर होती है जो कि पछेती खरीफ फसल में तोर वाले कंदों को अनुकूलनता प्रदान करती है। इस समस्या के समाधान के लिए, पछेती खरीफ 2018–19 के दौरान एक प्रयोग किया गया जिसमें प्याज की तीन किस्मों यथा भीमा सुपर, भीमा शक्ति और एग्री फाउण्ड रोज का उपयोग किया गया। तोर वाले कंदों की अपने प्रतिकूल व्यवहार के आधार पर इन किस्मों का चयन किया गया। बढ़वार अवधि (पौध रोपण के 50 से 80 दिनों बाद) के दौरान, रात्रि तापमान (5–7°से.) में बार–बार गिरावट दर्ज की गई । आठ दिनों के लिए रात्रि में कम तापमान रहने पर एएफआर (पौध रोपण के 58 दिनों बाद) में तोर वाले कंदों की शुरूआत देखने को मिली जबकि लगातार 30 दिनों तक रात्रि तापमान में गिरावट रहने पर भीमा सुपर (पौध रोपण के 84 दिनों बाद) में तोर वाले कंदों की शुरूआत देखने को मिली । अत: भीमा सुपर की तुलना में एएफआर में तोर वाले कंदों की अगेती एवं अधिकतम प्रतिशतता दर्ज की गई जबकि सम्पूर्ण फसल बढ़वार अवधि के दौरान कम रात्रि तापमान रहने पर भी भीमा शक्ति किस्म में कोई तोर वाले कंद नहीं पाए गए। अत: प्याज फसल में तोर वाले कंदों के व्यवहार को नियंत्रित करने वाली क्रियाविधियों का विस्तृत अध्ययन करने में इस प्रारंभिक अध्ययन को पुन: विस्तारित किया जाएगा।

crop is an undesirable trait that needs to be focused in onion improvement program. This problem is more pronounced when low night temperature during December-January months that might favours bolting in late-*kharif* crop. To address the issue, an experiment was conducted during late-*kharif*, 2018-19 with three onion varieties *viz.*, Bhima Super, Bhima Shakti and Agri Found Rose (AFR). These varieties were selected on the basis of their contrasting bolting behaviour. During growing period (50-80 DAT), frequent fall in night temperature (5-7°C) were recorded. Low night temperature for 8 days results into bolting initiation in AFR (58 DAT) whereas fall in night temperature for continuous 30 days results into bolting initiation in Bhima Super (84 DAT). Thus, early and maximum bolting percentage was recorded in AFR as compared to Bhima Super whereas no bolting was observed in Bhima Shakti in response to low night temperature throughout the crop growth period. This preliminary study will further be elaborated to study the detailed mechanisms regulating the bolting behaviour in onion crop.

फसल संरक्षण
Crop Protection

परियोजना 5 : प्याज एवं लहसुन में कीट और रोग प्रबंधन के लिए नव युक्तियां

प्याज और लहसुन में रोग प्रबंधन

क) *इस्चेरीचिया कोलाय* में आयरिश येलो स्पॉट के न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन जीन की अभिव्यक्ति और शुद्धिकरण तथा ईएलआईएसए के लिए रिएजेन्ट्स के रूप में एंटीसेरा का उत्पादन

ई. कोलाय में आईवाईएसवी एन जीन अभिव्यक्ति का उद्देश्य पुनर्संयोजक प्रतिजन (रिकॉम्बीनेंट एंटिजन के उपयोग से एंटीसेरा प्रिपरेशन का उत्पादन है। एन जीन विषाणुवीय प्रोटीन का उपयोग कम लागत वाली नैदानिक प्रणाली ईएलआईएसए के विकास में किया जाएगा चूंकि यह अत्यधिक संवेदनशील और आईवाईएसवी संक्रमण की निगरानी में विशिष्ट एवं सटीक तरीका है।

इसके लिए आयरिश येलो स्पॉट वायरस के छोटे आरएनए न्यूक्लियोकैपसिड प्रोटीन जीन के सी–टर्मीनल पर 6X His-tag के साथ, लिगेशन इंडीपेन्डेंट क्लोनिंग किट के रिकॉम्बीनेंट एक्सप्रेशन वेक्टर pLate31 द्वारा परिवर्तित *इस्चेरीचिया कोलाय* BL21 (DE3) pLysS में अभिव्यक्ति की गई। Ni-NTA एफिनिटी क्रोमाटोग्राफी के उपयोग से विषाणु प्रोटीन का शुद्धिकरण किया गया। प्रोटीन की शुद्धता SDS/PAGE जेल विश्लेषण से पुष्टि की गई और प्रोटीन लगभग 31.3 झऊर पाया गया। रोग–प्रतिकारकों को उत्पन्न करने के लिए प्रोटीन सांद्रणता 1–1.5 मि.ग्रा./मि.ली. से आवश्यकता की पूर्ति होती है। mouse Anti-His primary antibody तथा anti-mouse IgG HRP conjugate के उपयोग से वेस्टर्न ब्लॉटिंग विश्लेषण किया गया।

ख) भारत में लहसुन को संक्रमित करने वाली गार्लिक वायरस सी की पहली बार सूचना

फरवरी, 2018 के दौरान, आईसीएआर–डीओजीआर, पूणे, भारत के एक प्रयोगात्मक भू–खण्ड में मोजाइक, पत्तियों का मुड़न तथा विकास अवरूद्ध होना देखा गया, जिससे सूचित हुआ है कि लहसुन के एक से अधिक विषाणु मौजूद हैं। लहसुन के जी–324 पौधों में 20% प्रकोप था। RNeasy प्लांट मिनी किट (Qiagen GmbH, Germany) के उपयोग से लहसुन से 6 पौधों की पत्तियों से अलग अलग टोटल आरएनए निकाला

Project 5: Novel approaches for integrated pest and disease management in onion and garlic

Disease management in onion and garlic

a. Expression and purification of Nucleocapsid protein gene of Irish Yellow Spot Virus (IYSV) in *Escherichia coli* and production of antisera as reagents for ELISA

The purpose of IYSV N gene expression in *E. coli* was to produce antisera preparation using recombinant antigen. The N gene viral protein will be used for the development of cost-effective diagnostic systems i.e. ELISA as it is highly sensitive and specific and accurate way of monitoring of IYSV infection.

For this, the small RNA nucleocapsid protein (N) gene of Irish Yellow Spot Virus with 6X His-tag at C-terminal were expressed in *Escherichia coli* BL21 (DE3) pLysS transformed by the recombinant expression vector pLate31 of LIC (Ligation Independent Cloning) kit. The viral protein was purified using Ni-NTA affinity chromatography. Purity of protein was confirmed by SDS/PAGE gel analysis and protein was approximately of 31.3 kDa. Protein concentrations of 1–1.5 mg per ml, fulfilling the requirement for generating antibodies. Western blotting analysis was carried out using mouse Anti-His primary antibody and anti-mouse IgG HRP conjugate.

b. First Report of Garlic virus C Infecting Garlic in India

During February 2018, symptoms such as mosaic, leaf curling, and stunting were observed on 8 weeks old garlic cultivar G-324, at the experimental plot of ICAR-DOGR, Pune, India, indicating the presence of multiple garlic viruses. The incidence was 20% on garlic G-324 plants. Total RNA was extracted individually

चित्र 5.1 : आईवाईएसवी एन जीन की अभिव्यक्ति ए) एन जीन का प्रवर्धन/विस्तारण बी) विषाणु प्रोटीन का SDS-P-GE विश्लेषण सी) न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन का वेस्टर्न ब्लॉट विश्लेषण।

Fig. 5.1 : Expression of IYSV N gene a. Amplification of N gene, b. SDS- PAGE Analysis of viral protein (31.3 KD), c. Western Blot Analysis of Nucleocapsid protein

गया तथा इसके बाद ट्रांसक्रिप्टर फस्ट स्ट्रैण्ड cDNA सिंथेसिस किट (Roche Diagnostics GmbH, Germany) के उपयोग से cDNA संश्लेषण किया लहसुन पत्ती के नमूनों को ओनियन येलो ड्वार्फ वायरस (ओवाईडीवी), लीक येलो स्ट्राइप वायरस (एलवाईएसवी), गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस (गार्लिक सीएलवी), गार्लिक वायरस ए (गार्लिक वी–ए), गार्लिक वायरस सी (गार्लिक वी–सी), गार्लिक वायरस डी (गार्लिक वी–डी), और गार्लिक वायरस द (गार्लिक वी–एक्स) जैसे लहसुन के विषाणुओं के लिए एनसीबीआई डाटाबेस में उपलब्ध प्राइमरों के उपयोग से आरटी–पीसीआर परीक्षण किया। सभी नमूनों में गार्लिक वी–सी, गार्लिक वी–ए, गार्लिक वी–डी, गार्लिक वी–एक्स, गार्लिक सीएलवी तथा ओवाईडीवी की सकारात्मकता पायी गयी।

गार्लिक वी–सी के सीपी जीन को एनसीबीआई डाटाबेस (एक्सेशन न. KX034773) में उपलब्ध अनुक्रमण से डिजाइन किए गए प्राइमर पेयर GarV-C270F 5'AATGAGTGGAGACGACCTATCAG-3' एवं GarVAC 270R 5'ATCAAAACGTTAGCATGAGGG-3' के साथ परिवर्धित किया। पीसीआर साइकल्स को प्रारम्भ में 950 से. पर 2 मिनट के लिए, इसके बाद 30 सेकण्डस के लिए 950 से. पर 35 साइकल्स, 530 से पर 1 मिन्ट के लिए, 720 से. पर 2 मिनट और अंतत: 720 से. पर 7 मिनट के लिए विकृत किया गया।

पीसीआर प्रतिक्रियाओं से लहसुन के सभी 6 जी–324 पौधों से 777 बीपी एम्प्लीकॉन प्राप्त हुए। अलग अलग 6 पौधों के सीपी जीन के परिवर्धित अंशों को pJET 1.2/ब्लंट वेक्टर (थर्मो साइंटिफिक लिथुएनिया) में क्लोन किया गया। लहसुन के 6 अलग अलग पौधों के सीपी जीन के 10 क्लोनों का अनुक्रमण किया गया और एक सर्वसम्मत अनुक्रमण का निर्धारण किया गया और इसे एनसीबीआई जीन बैंक में

from the leaves of six garlic plants using RNeasy Plant Mini Kit (Qiagen GmbH, Germany), followed by cDNA synthesis using Transcriptor First Strand cDNA Synthesis Kit (Roche Diagnostics GmbH, Germany). Garlic leaf samples were then tested through RT-PCR for garlic viruses such as Onion yellow dwarf virus (OYDV), Leek yellow stripe virus (LYSV), Garlic common latent virus (GarCLV), Garlic virus A (GarV-A), Garlic virus C (GarV-C), Garlic virus D (GarV-D), and Garlic virus X (GarV-X) using primers available in the NCBI database. All the samples were found positive for GarV-C, GarV-A, GarV-D, GarV-X, GarCLV and OYDV.

The CP gene of GarV-C was amplified with primer pair GarV-C270F 5′-ATG AGTGG-AGACGACCTATCAG-3′, and GarV-C270R 5′-TCAAAACGTTAGCATGAGGG-3′, designed from sequences available in the NCBI database (Acc. No. KX034773). PCR cycles were optimized to initial denaturation of 95°C for 2 min followed by 35 cycles of 95 °C for 30 sec, 53 °C for 1 min, 72 °C for 2 min, and final extension of 72 °C for 7 min. The PCR reaction yielded a 777 bp amplicon from all six garlic G-324 plants. The amplified CP gene fragments from six individual plant were cloned in pJET1.2/blunt vector (Thermo Scientific, Lithuania). Ten clones of the CP gene were sequenced from six individual garlic plants, and a consensus sequence was determined and submitted to NCBI GenBank (MH545689).

(एमएच545689) जमा किया गया। सीपी जीन अनुक्रमण के ब्लास्ट विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि 81% न्यूक्लियोटाइड (जेएनओ19814.1) तथा 86% अमिनो एसिड (एईवी51814.1) अनुक्रमण की पहचान आस्ट्रेलिया के गार्लिक वी–सी से है।

गार्लिक वी–सी की मौजूदगी की पुष्टि डीएएस–ईएलआईएसए किट से की गई। 405 पा पर मैक्रोप्लेट रीडर के उपयोग से अवशोषण मान को मापा गया। हमारी जानकारी के अनुसार भारत में गार्लिक वी–सी की सूचना पहली बार मिली है। चूंकि यह ज्ञात है कि *एलेक्सीवायरस* लहसुन के कंद उपज को काफी घटा देता है, अत: वर्तमान *एलेक्सीवायरस* से गार्लिक वी–सी जुड़ने से भारत में लहसुन उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

BLAST analysis of the CP gene sequence revealed 81% nucleotide (JN019814.1) and 86% amino acid (AEV51814.1) sequence identity with GarV-C isolate from Australia.

Presence of GarV-C was cross-confirmed with DAS-ELISA kit. An absorbance values were measured using microplate reader at 405 nm. To our knowledge, this is the first report of GarV-C from India. Since *allexiviruses* are known to reduce the garlic bulb yield significantly, the addition of GarV-C to the existing *allexiviruses* may impact the garlic production negatively in India.



चित्र 5.2 : गार्लिक वी–सी सीपी–जीन, लेन आर1–आर6: प्रवर्धित सीवी जीन, लेन एल: 100 बीपी डीएनए लेडर
Fig. 5.2 : Amplification of GarV-C CP-gene, Lane R1-R6: amplified CP gene, Lane L: 100 bp DNA ladder

ग) वन्य एलियम जननद्रव्य से लेक्टिन जीन का पृथककरण और क्लोनिंग

लेक्टिंस कार्बोहाइड्रेट–बैंडिंग प्रोटीन है और माना जाता है इसमें कीटनाशक गुण और विभिन्न कीटों और यह विषाणु हमलों से पौधे की प्रतिरक्षा में सम्मिलित है। कीटनाशक गतिविधि के लिए गार्लिक लेक्टिन, एलियम सेटिवम लीफ अगलूटाइनिन का अत्यधिक अध्ययन किया जाता है। आज तक किसी भी ऐसे लेक्टिन की सूचना नहीं मिली है जिसमें प्याज में थ्रिप्स के विरूद्ध कीटनाशक गतिविधि दर्शाया है। यह विध्वंसकारी कीट है और आयरिश येलो स्पॉट वायरस (आईवाईएसवी) का वेक्टर भी है।

डीओजीआर में उपलब्ध वन्य *एलियम* जननद्रव्य का थ्रिप्स के प्रतिरोधी लेक्टिंस के पृथककरण हेतु माइनिंग करने का निश्चित किया गया। एनसीबीआई डाटाबेस में उपलब्ध अनुक्रमणों से फुल लेंथ लेक्टिन जीन के लिए प्राइमर तैयार

c. Isolation and Cloning of Lectin Genes from Wild Allium Germplasm

Lectins are the carbohydrate-binding proteins known to have insecticidal property and involve in plant defence against various insect and viral invasion. Garlic lectin, *Allium sativum* leaf agglutinin (ASAL) is the most widely studied lectin for insecticidal activity. Till today there is no lectin reported to have insecticidal activity against the onion thrips which is a devastating pest as well as a vector for Irish yellow spot virus (IYSV).

It was decided to mine the wild *Allium* germplasm available with DOGR for isolation of lectins against thrips. Primers for full length

किए गए। *ए. हूकेरी* (एनएमके–3235), *ए. अल्टायकम* (सीजीएन–14769), *ए. फिस्टूलोसम* (एनआईसी–20221), *ए. अंगुलोसम* (ईसी–328486) 4 वन्य प्रजातियों के फल लेंथ लेक्टिन जीन का प्रवर्धन और क्लोन किया गया जिसकी लम्बाई 534 बीपी है। उपरोक्त प्रजातियों से पृथक किए गए लेक्टिंस के सभी अनुक्रमणों के अल्फा–डी–मननोज पहचान में सर्वसम्मत अनुक्रमण मोटिफ "QXDXNXVXY' सम्मिलित है। लेक्टिन जीन का रियल–टाइम qPCR अभिव्यक्ति का विश्लेषण किया गया और प्याल की तुलना में *ए. हूकेरी* में 4 गुना अधिक अभिव्यक्ति पायी गयी। *थ्रिप्स टैबेकी* में 'नो चोयस टेस्ट' किया गया और पाया कि *ए. हूकेरी* में पत्ती क्षेत्र की क्षति प्रतिशत न्यूनतम है। आगे इन लेक्टिनों को *ई. कोलाय* में अभिव्यक्त किया जाएगा और इसके रुधिर समूहन और कीटनाशक गतिविधि का अध्ययन किया जाएगा।

lectin gene were designed from sequences available in NCBI database. The full length lectin gene was amplified and cloned from 4 wild species *A. hookeri* (NMK-3235), *A. altaicum* (CGN-14769), *A. fistulosum* (NIC-20221), *A. Angulosum* (EC- 328486) which is 534bp in length. The consensus sequence motif 'QXDXNXVXY' is involved in alpha-D-mannose recognition is present in all the sequences of lectins isolated from above species. Real-time qPCR expression analysis of lectin gene was performed and found 4 fold more expression in *A. hookeri* compared to onion. No choice test for *Thrips tabaci* was conducted and found that per cent leaf area damage was lowest in *A. hookeri*. Further, these lectins will be expressed in *E. coli* and its hemagglutination and insecticidal activity will be studied.



चित्र 5.3 : विभिन्न वन्य वंशक्रमों (1. *ए. अंगुलोसम*, 2. *ए. अल्टायकम* 3. *ए. हूकेरी* 4. *ए. फिस्टूलोसम*, एम: लैडर) के लेक्टिन जीन का एम्प्लीफिकेशन

Fig. 5.3 : Amplification of lectins genes from different wild accessions (1: *A. angulosum*, 2: *A. altaicum* 3: *A. hookeri* 4: *A. fistulosum*, M: ladder)

घ) प्याज की वृद्धि और कवक रोगाणुओं के विरुद्ध प्रतिरोधिता पर *पिरिफार्मोस्पोरा इंडिका* का प्रभाव

विभिन्न किस्मों में प्याज की वृद्धि और कवक रोगाणुओं के विरुद्ध प्रतिरोधिता पर *पिरिफार्मोस्पोरा इंडिका* के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। पौधे की वृद्धि में सामान्य किस्म की तुलना में *पी. इंडिका* उल्लेखनीय अन्तर दर्शाया है। रोग प्रकोप के मापन के लिए प्रतिशत रोग सूचकांक (पीडीआई) की गणना की गई जहां *पी. इंडिका* उपचार अन्य कीटनाशक (कैब्रियो टॉप, अमिस्टर टॉप तथा प्रोपिकोनाजोल) उपचारों की अपेक्षा पर्पल ब्लाच, *स्टेमफाइलियम* ब्लाइट तथा एंथ्राकनोज के प्रति प्रेरित प्रतिरोधिता दर्शाया है।

d. Impact of *Piriformospora indica* on onion growth and defence against fungal pathogen

The effect of *P. indica* on onion growth and resistance against fungal pathogens across different cultivars was evaluated. *P. indica* showed significant difference in plant growth over control. Percentage disease index (PDI) was calculated to measure incidence of disease where, *P. indica* treatment showed induced resistance against purple blotch, *Stemphylium* blight and anthracnose over other fungicidal (Cabrio Top, Amister Top, and Propiconazol)



चित्र 5.4 : पर्पल ब्लाच, एंथ्रोक्नोज तथा *स्टेमफाइलियम* ब्लाइट के विरूद्ध *पी. इंडिका* की प्रभावकारिता

Fig. 5.4 : Efficacy of *P. indica* against purple blotch, anthracnose and *Stemphylium* blight

प्याज और लहसुन में कीट प्रबंधन

क) प्याज में थ्रिप्स, *थ्रिप्स टैबेकी* (थाइसेनॉपटेरा : थ्रिपिडे) के प्रबंधन में नए रसायनों का मूल्यांकन

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पूणे में प्याज के कंदों में थ्रिप्स टैबेकी के विरुद्ध सामान्य रसायन प्रोफेनोफोस 50% (1000 मि.ली./हे.) की अपेक्षा नए कीटनाशकों नामत: क्लोरांट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी (150 मि.ली./हे.), स्पाइनोसैड 45% एससी (160 मि.ली./हे.), इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल (100 मि.ली./हे.), थियामेथोक्सम 25% डब्ल्यूजी (100 मि.ली./हे.), फिप्रोनिल 5% एससी (1000 मि.ली./हे.) तथा नीम का तेल 0.5% (5000 मि.ली./हे.) की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया गया। फसल अवधि के दौरान जब कीट समष्टियों ने आर्थिक सीमा (ईटीएल) को पार कर लिया है, तब दो बार कीटनाशक उपचार किए गए हैं। जब कि अनुपचारित किस्म पर जल का छिड़काव किया गया और यादृच्छिक (रेंडोमाइज्ड) पूर्ण ब्लॉक डिजाइन में प्रयोग की पुनरावृत्ति 3 बार की गई। सभी प्रकार के उपचारों में कीटनाशकों के प्रथम छिड़काव और दूसरे छिड़काव के दौरान उपचार से पहले और उपचार के 1, 3, 7 दिनों के बाद यादृच्छिक रूप से चयनित प्याज के 7 पौधों से परिणाम दर्ज किए गए। परिणामों में देखा गया है कि अनुपचारित की अपेक्षा सभी कीटनाशकों से प्याज थ्रिप्स समष्टि कम हुई है। प्रोफेनोफोस और इमिडाक्लोप्रिड दोनों एक दूसरे का समकक्ष पाया गया और थ्रिप्स के विरुद्ध अधिक प्रभावकारी और अन्य रसायनों की तुलना में पहले और दूसरे छिड़काव के दौरान प्याज थ्रिप्स समष्टि को उल्लेखनीय रूप से घटाया है। कीटनाशक छिड़काव के 7 दिनों बाद थ्रिप्स समष्टि में आयी कमी की प्रतिशत के आधार पर प्रभावकारिता का क्रम इस प्रकार है : प्रोफेनाफोस (88.2%) ≥ इमिडाक्लोप्रिड (86.31%) > फिप्रोनिल (81.61%) > क्लोरांट्रानिलिप्रोल

Pest management in onion and garlic

a. Evaluation of newer chemicals for the management of onion thrips, *Thrips tabaci* (Thysanoptera: Thripidae)

Field experiment was conducted during *rabi*, 2017-18 to evaluate the efficacy of newer insecticides *viz*., Chlorantraniliprole 18.5% SC (150 ml/ha), Spinosad 45% SC (160 ml/ha), Imidacloprid 17.8% SL (100 ml/ha), Thiamethoxam 25% WG (100 ml/ha), Fipronil 5% SC (1000 ml/ha) and Neem oil 0.5% (5000 ml/ha) along with standard check Profenofos 50% EC (1000 ml/ha) against *Thrips tabaci* in onion bulb crop at ICAR-DOGR. Insecticides treatments were repeated twice during cropping season when pest population crossed the economic threshold level (ETL). Whereas, control were sprayed with water and experiment was replicated thrice in randomized complete block design. Observations were recorded on seven randomly selected onion plants for all treatments at before and 1, 3, 7 days after spraying of insecticides during first and second spray. The results showed that all insecticides significantly ($p<0.001$) reduced onion thrips population than untreated check. Both profenophos and imidacloprid were found to be on par and more effective against thrips and significantly reduced thrips population in comparison to other chemicals during first and second spray. The order of effectiveness on the basis of percentage reduction of thrips population after insecticidal spray at 7 DAS was Profenophos (88.82%) ≥

(78.11%) > थियामेथोक्सम (72.41%) > स्पाइनोसैड (60.10%) > नीम का तेल (59.12%) > अनुपचारित। आगे पाया गया कि अनुपचारित की तुलना में प्रोफेनोफोस उपचार से उल्लेखनीय उपज (48.61%) दर्ज की गई; इसी प्रकार इमिडाक्लोप्रिड उपचार में भी अनुपचारित की तुलना में 46.95% अधिक उपचार दर्ज किया गया। परिणामों से स्पष्ट सूचित होता है कि डीओजीआर द्वारा संस्तुत प्रोफेनोफोस और फिप्रोनिल अब भी *टी. टैबेकी* के नियंत्रण में प्रभावकारी है जब कि इमिडाक्लोप्रिड और क्लोरांट्रानिलिप्रोल जैसे रसायनों को भी रसायनिक चक्रण हेतु छिड़काव कार्यक्रम में सम्मिलित किया जा सकता है।

Imidacloprid (86.31%)>Fipronil (81.61%)> Chlorantraniliprole (78.11%) > Thiamethoxam (72.42%)>Spinosad (60.10%)>Neem oil (59.12%) > Control. Further, Profenophos treatment was found to have significant yield (48.61%) in comparison to control; similarly Imidacloprid treatment also recorded 46.95% more yield than control. The results clearly indicates that DOGR recommendation of Profenophos and Fipronil are still effective in control of *T. tabaci*, whereas, chemicals like Imidacloprid and Chlorantraniliprole could be also included in the spray schedule for chemical rotation.

तालिका 5.1 : *टी. टैबेकी* पर प्रथम छिड़काव के बाद विभिन्न कीटनाशकों का प्रभाव
Table 5.1 : Effect of various insecticides on *T. tabaci* after first spray

क्र. सं. S.No.	उपचार Treatment	थ्रिप्स की संख्या / No. of thrips			
		छिड़काव से पहले Before spray	छिड़काव के 1 दिन बाद 1 DAS	छिड़काव के 3 दिन बाद 3 DAS	छिड़काव के 7 दिन बाद 7 DAS
टी1 T1	क्लोरांट्रानिलिप्रोल Chlorantraniliprole	32.33^{a} (5.76)	19.57^{bc} (4.53)	17.62^{b} (4.31)	11.59^{c} (3.53)
टी2 T2	स्पिनॉसैड Spinosad	32.00^{a} (5.74)	17.43^{c} (4.29)	14.06^{bc} (3.87)	12.04^{c} (3.61)
टी3 T3	प्रोफेनोफोस Profenophos	33.50^{a} (5.87)	11.81^{d} (3.57)	09.76^{d} (3.27)	04.95^{e} (2.43)
टी4 T4	इमिडाक्लोप्रिड Imidacloprid	31.86^{a} (5.73)	19.81^{bc} (4.56)	10.24^{d} (3.34)	05.90^{de} (2.60)
टी5 T5	थियामेथोक्ज़म Thiamethoxam	32.24^{a} (5.76)	21.86^{b} (4.77)	12.58^{cd} (3.67)	07.33^{d} (2.87)
टी6 T6	फिप्रोनिल Fipronil	31.83^{a} (5.73)	17.67^{c} (4.32)	12.21^{cd} (3.63)	10.31^{c} (3.36)
टी7 T7	नीम तेल Neem oil	32.33^{a} (5.76)	19.46^{bc} (4.52)	18.17^{b} (4.37)	15.21^{b} (4.02)
टी8 T8	सामान्य Control	31.24^{a} (5.66)	33.16^{a} (5.84)	39.41^{a} (6.35)	34.95^{a} (5.99)
एलएसडी LSD	0.57	0.57	0.34	0.53	0.38
सीवी CV	5.67	5.67	4.25	7.39	6.20
एफ F	0.20	0.20	24.93	25.31	62.22
पी मान P value	NS	NS	<0.0001	<0.0001	<0.0001

एक कॉलम में किसी अक्षर के बाद उसी अक्षर लिखने का अर्थ है उल्लेखनीय रूप से भिन्न नहीं है (पी < 0.05) एचएएस=छिड़काव के बाद के घंटे; डीएएस= छिड़काव के बाद के दिन। कोष्टक में दिए गए आंकड़े √x+0.5 परिवर्तित मान

Means followed by the same letter in a column are not significantly different (P< 0.05). HAS = Hours after spraying; DAS = Days after spraying. Figures in parentheses are √x+0.5 transformed values

ख) प्याज के थ्रिप्स के लिए आर्थिक सीमा (ईटीएल) का निर्धारण

पछेती खरीफ के दौरान प्याज में थ्रिप्स की आर्थिक सीमा पर पुनर्विचार हेतु 8 पूर्व–निर्धारित आर्थिक सीमा/कार्रवाई सीमाओं (एटी) यानि 0.5, 1.0, 2.0, 4.0, 5.0, 6.0, 8.0, 10.0 थ्रिप्स/पत्ती (टीएल) और नियंत्रित (अनुपचारित) पर एक अध्ययन किया गया। प्रत्येक कार्रवाई सीमा के लिए तीन पुनरावृत्तियां की गई। प्रत्येक उपचार में नियमित रूप से (सप्ताह में दो बार) थ्रिप्स की संख्या/पत्ती तथा थ्रिप्स की संख्या/पत्ती/दिन की गणना रियूडा एवं अन्य (2007) द्वारा सुझाई गई विधि से की गई। जब भी थ्रिप्स समष्टि पूर्व–निर्धारित कार्रवाई सीमा को पार कर गई, संस्तुत

b. Determination of Economic Threshold Level (ETL) for onion thrips

A study was conducted during late *kharif* with eight pre-determined level of economic threshold level /action threshold level (ATs) i.e. 0.5, 1.0, 2.0, 4.0, 5.0, 6.0, 8.0, 10.0 thrips per leaf (TL) and Control (Untreated) to revisit the ETL for onion thrips. For each ATs three replications were maintained. Thrips population in each treatment was counted regularly (twice a week). Observations on thrips per leaf, and thrips per leaf per day were worked out as per methodology suggested by Rueda et al. (2007).

तालिका 5.2 : *टी. टैबेकी* पर द्वितीय छिड़काव के बाद विभिन्न कीटनाशकों का प्रभाव
Table 5.2 : Effect of various insecticides on *T. tabaci* after second spray

क्र. सं. S.No.	उपचार Treatment	थ्रिप्स की संख्या / No. of thrips			
		छिड़काव से पहले Before spray	छिड़काव के 1 दिन बाद 1 DAS	छिड़काव के 3 दिन बाद 3 DAS	छिड़काव के 7 दिन बाद 7 DAS
टी1 T1	क्लोरांट्रानिलिप्रोल Chlorantraniliprole	31.48^{a} (5.67)	12.52^{cd} (3.64)	12.71^{bc} (3.69)	06.89^{cd} (2.81)
टी2 T2	स्पिनॉसैड Spinosad	32.33^{a} (5.76)	18.72^{b} (4.44)	16.00^{b} (4.11)	12.90^{b} (3.71)
टी3 T3	प्रोफेनोफोस Profenophos	34.62^{a} (5.97)	08.19^{de} (3.03)	07.14^{d} (2.85)	03.87^{d} (2.19)
टी4 T4	इमिडाक्लोप्रिड Imidacloprid	38.05^{a} (6.24)	06.86^{e} (2.78)	06.62^{d} (2.75)	05.21^{d} (2.45)
टी5 T5	थियामेथोक्ज़म Thiamethoxam	35.24^{a} (6.00)	13.67^{bc} (3.83)	13.05^{bc} (3.70)	09.72^{bc} (3.27)
टी6 T6	फिप्रोनिल Fipronil	33.38^{a} (5.86)	07.52^{e} (2.90)	07.48^{cd} (2.91)	06.14^{cd} (2.64)
टी7 T7	नीम तेल Neem oil	34.00^{a} (5.92)	18.29^{b} (4.38)	14.27^{b} (3.88)	13.90^{b} (3.85)
टी8 T8	सामान्य Control	34.67^{a} (5.96)	35.01^{a} (5.98)	35.52^{a} (6.03)	29.71^{a} (5.51)
एलएसडी LSD	0.57	0.72	0.66	0.81	0.80
सीवी CV	5.67	6.98	9.80	12.38	13.92
एफ F	0.20	0.68	18.75	12.28	12.74
पी मान P value	NS	NS	<0.0001	<0.0001	<0.0001

एक कॉलम में किसी अक्षर के बाद उसी अक्षर लिखने का अर्थ है उल्लेखनीय रूप से भिन्न नहीं है (पी < 0.05) एचएएस=छिड़काव के बाद के घंटे; डीएएस= छिड़काव के बाद के दिन। कोष्टक में दिए गए आंकड़े √x+0.5 परिवर्तित मान

Means followed by the same letter in a column are not significantly different (P< 0.05). HAS = Hours after spraying; DAS = Days after spraying. Figures in parentheses are √x+0.5 transformed values

फिप्रोनिल (1 मि.ली./ली. की दर से) का अनुप्रयोग किया गया। प्रत्येक उपचार में कंद उपज और श्रेणी दर्ज किया गया। प्रत्येक कार्रवाई सीमा के लिए कीटनाशक अनुप्रयोग का कुल निवेश एवं परिचालन लागत और प्रतिलाभ का औसत दर (एमआरआर) की गणना की गई। परिणामों से स्पष्ट हुआ है कि 0.5 और 1.0 थ्रिप्स/पत्ती की कार्रवाई सीमा (तालिका 5.3) से उच्चतम कंद उपज और अधिक संख्या में ए–श्रेणी के कंद प्राप्त हुए हैं। प्रत्येक पत्ती में 5.0 थ्रिप्स की कार्रवाई सीमा (तालिका 5.4) में उच्चतर एमआरआर दर्ज हुई।

Whenever the population crosses the pre-determined ATs, recommended dose of Fipronil (@ 1ml/lit) was applied to control the population level. Total input and operational cost of pesticide application for each ATs were computed and marginal rate of return (MRR) was worked out. Results revealed highest bulb yield and more number of A-grade bulbs in 0.5 and 1.0 thrips/leaf Action Thresholds (Table 5.3). Higher MRR was recorded with the action threshold 5.0 thrips per leaf (Table 5.4).

तालिका 5.3 : विभिन्न कार्रवाई सीमाओं में प्याज कंद उपज, अनुपातिक आमाप (ए एवं बी ग्रेड)
Table 5.3 : Onion bulb yield, proportion of size (A & B grade) in different action threshold

कार्रवाई सीमा Action Threshold	कंद उपज (टन/हे.) Bulb Yield (tha-1)	ए–ग्रेड कंद (%) A-grade bulb (%)	बी–ग्रेड कंद (%) B-grade bulb (%)
0.5	50.5^{a}	29.9^{a}	39.0^{abc}
1.0	49.9^{ab}	27.0^{ab}	38.4^{bc}
2.0	46.0^{abc}	25.6^{abc}	42.5^{ab}
4.0	45.1^{bc}	25.8^{abc}	39.4^{abc}
5.0	42.1^{c}	23.0^{bcd}	44.1^{a}
6.0	35.3^{d}	21.1^{cd}	40.1^{abc}
8.0	34.7^{d}	20.8^{d}	40.9^{abc}
10.0	34.9^{d}	20.9^{d}	40.7^{abc}
कंट्रोल Control	23.9^{e}	16.1^{e}	39.0^{abc}

a आसन्न उपचारों के बीच नियंत्रण लागत वृद्धि द्वारा विभाजित शुद्ध लाभ वृद्धि के रूप में गणना
aCalculated as net benefit increment divided by control cost increment between adjacent treatments

तालिका 5.4 : थ्रिप्स प्रति पत्ती कार्रवाई सीमा (एटी) के विकास के लिए प्रतिलाभ का औसत दर (एमआरआर) का विश्लेषण
Table 5.4 : Marginal rate of return (MRR) analysis for the development of thrips per leaf action threshold (AT)

कार्रवाई सीमा Action Threshold	उपज (टन/हे.) Yield tha-1	सकल आय (रू) Gross income (Rs)	छिड़कावों की संख्या No. of Sprays	नियंत्रण लागत (रू) Control Cost (Rs)	शुद्ध आय (रू) Net income (Rs)	एमआरआरa MRRa
0.5	50.5^{a}	252500	6	10200	242300	2.0
1.0	49.9^{ab}	249500	5	8700	240800	10.2
2.0	46.0^{abc}	230000	4	6800	223200	3.0
4.0	45.1^{bc}	225500	3	5300	220200	18.8

Continued on next page...

Continued from previous page...

कार्रवाई सीमा Action Threshold	उपज (टन/हे.) Yield tha-1	सकल आय (रू) Gross income (Rs)	छिड़कावों की संख्या No. of Sprays	नियंत्रण लागत (रू) Control Cost (Rs)	शुद्ध आय (रू) Net income (Rs)	एमआरआरa MRRa
5.0	42.1c	210500	3	5300	205200	42.5
6.0	35.3d	176500	2	4500	172000	4.2
8.0	34.7d	173500	2	3800	169700	-
10.0	24.9e	124500	0	0	124500	-
कंट्रोल Control	23.9e	119500	0	0	119500	-

[a]आसन्न उपचारों के बीच नियंत्रण लागत वृद्धि द्वारा विभाजित शुद्ध लाभ वृद्धि के रूप में गणना
[a]Calculated as net benefit increment divided by control cost increment between adjacent treatments

क) *अरचिप्स मैकलोपिस* (टॉरट्रीसिडे : लेपीडॉपटेरा) नए मेजबान का रिकार्ड : पूणे, भारत से लहसुन का एक उभरता कीट

टॉरट्रिसिड्स आर्थिक रूप से प्रमुख कृषि एवं वानिकी नाशजीव है जो पूरे विश्व में व्याप्त है। वर्तमान अध्ययन रबी 2018 के दौरान पूणे, भारत में पहली बार लहसुन (*एलियम सैटीवम*) में *अरचिप्स मैकलोपिस* (टॉरट्रिसिडे : लेपीडॉपटेरा) की मौजूदगी दर्ज की गई है। इन टॉरट्रिसिड्स का लार्वा पौधों के आस–पास की पत्तियों में पाया जाता है और उनमें से आहार ग्रहन करता है, अत: इन्हें लीफ–टायर्स कहा जाता है। लावा में एक विलक्षण भूरा प्रोथोरासिक शील्ड और एक पतली सफेद रेखा होती है जो प्रोथेरैक्स से हेड कैप्सूल का सीमांकन करती है। वयस्क पतंगे छोटे, आम तौर पर प्रकृति से निशाचर और इसका अग्रपक्ष रहस्यमय रंगों जैसे स्लेटी, भूरा, रस्ट या टैन रंग का होता है, कभी कभी रंगीन मार्किंग्स भी होते हैं। पंखों को एक सपाट छत की तरह रखता है। अग्रपक्ष में एक गोल–नुकीली एपेक्स होती है। प्यूपा गहरा भूरा से काले रंग में; लंबवर्ध लम्बा और पतला होता है जो रेश के घने जाल से घिरा होता है। हल्के से मध्यम स्तर के संक्रमण (पौधों को 5–8% क्षति) में विशिष्ट रूप में पत्तियों को बांधने और खुरचने के लक्षण देखे गए हैं। आगे, इसकी पहचान की पुष्टि डीएनए अनुक्रमण से हुई। ब्लास्ट (बीएलएएसटी) विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि इसका अनुक्रमण पूर्व में इस्लामाबाद, पाकिस्तान से प्रस्तुत ए. *मैकलोपिस* (जीन बैंक एक्सेशन नम्बर KX860278.1) के अनुक्रमण से 100% मेल खाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह नाशीजीव लहसुन के लिए एक खतरा है और इससे भविष्य में अन्य महत्वपूर्ण कृषि फसलों पर धावा बोलने की सम्भावना है। भविष्य में उपज के नुकसान से बचने

c. New host record of *Archips machlopis* (Tortricidae: Lepidoptera), an emerging pest of garlic from Pune, India

Tortricids are economically important as agricultural and forestry insect pest distributed worldwide. The present study records the occurrence of *Archips machlopis* (Tortricidae: Lepidoptera) on garlic (*Allium sativum*) from Pune, India for the first time during *rabi* 2018. Larvae have a characteristic brown prothoracic shield, and a narrow white line that demarcates the head capsule from prothorax. Adult moths are small, typically nocturnal in nature and have cryptically coloured forewings in grey, brown, rust, or tan, occasionally with colourful markings. Wings are held like a flattened roof at repose. Forewings have a prominent round-pointed apex. Pupa are dark-brown to black; cremaster elongate and tapered, enclosed within a dense web of silk. Mild to moderate level of infestation (5–8% damaged plants) with typical leaf-tying and scraping symptom was observed. BLAST analysis revealed that sequence matched 100% within the previously submitted sequence of *A. machlopis* (gene bank accession number: KX860278.1), a population from Islamabad, Pakistan. This pest seems to be a new threat to garlic, and has a possibility of

के लिए लहसुन में कीट जैव विज्ञान और एकीकृत प्रबंधन तकनीकों के बारे में अधिक जानकारी का अध्ययन करने की आवश्यकता है।

attacking other agriculturally important crops in future. Further details on the pest bioecology and integrated management techniques in garlic to avoid future yield loss need to be



ए) क्षति के लक्षण बी) ए. *मैकलोपिस* का लार्वा सी) ए. *मैकलोपि* का प्यूपे डी) वयस्क ए. *मैकलोपि*
A) Damage symptom B) Larvae of *A. machlofis* C) Pupae of *A. machlofis* D) Adult of*A. machlofis*

चित्र 5.6 : लीफ–टायर, *अरचिप्स मैकलोपिस*
Fig. 5.6 : Leaf-tier, *Archips machlopis*

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी
Post-Harvest Technology

परियोजना 6 : प्याज और लहसुन का फसलोत्तर प्रबंधन

6.1 नियंत्रित प्याज भंडारण गृह की रूप–रेखा एवं विकास

प्याज, विभिन्न प्रकार के सलाद, तरकारियों, स्नैक्स में प्रमुख घटक सब्जी है जिसे पूरे देश में व्यापक रूप से उपभोग किया जाता है। प्याज के वर्षभर के उपभोग के बावजूद इसका उत्पादन तीन यानि खरीफ, पछेती खरीफ और रबी ऋतुओं में किया जाता है। रबी ऋतु की फसल उपज प्याज उत्पादन का 60% है जो मार्च से जून के दौरान बाजारों में उपलब्ध होता है। इसी फसल की उपज से उपभोक्ताओं की मांग प्रत्येक वर्ष अक्टूबर–नवम्बर तक पूरी की जाती है जब तक खरीफ फसल की उपज बाजारों तक नहीं लायी जाती है। अत: यह महत्वपूर्ण है कि देश में इस प्रमुख सब्जी की अपूर्ति बनाए रखने हेतु रबी मौसम के प्याज को सफलतापूर्वक भंडारित करना महत्वपूर्ण है। प्याज एक अर्ध–नाशवान फसल है और फसल का 30–40% भाग भंडारण के दौरान विभिन्न कारणों से नष्ट हो जाता है जो शारीरिक भार की क्षति, अंकुरण, सड़न आदि तक ही सीमित नहीं है। असाधारण स्थितियों जैसे प्राकृतिक आपदाओं से यह क्षति 40% से भी अधिक हो जाता है जिससे मांग और आपूर्ति दोनों पर दबाव पड़ता है। आपूर्ति की अस्थिरता से बाजार में संकट पैदा होता है जिससे प्याज के मूल्य तेजी से बढ़ते हैं और उपभेक्ताओं को प्रभावित करता हैं। उच्च तापमान और निम्न सापेक्षिक नमी से प्याज के भार में अधिक क्षति होती है। निम्न तापमान और निम्न सापेक्षिक नमी से अधिक अंकुरण होता है। उच्च तापमान और उच्च सापेक्षिक नमी से प्याज के सड़न से अधिक क्षति होती है। सामान्य तौर पर, प्याज के भंडारण के लिए दो श्रेणियों के तापमान की सिफारिश की जाती है, निम्न तापमान भंडारण (0–5^0 से.) तथा उच्च तापमान भंडारण (25–30^0 से.)। दोनों ही स्थितियों के लिए सापेक्षिक नमी (आरएच) 60–70% है। तापमान की 5–25^0 से. श्रेणी में प्याज का श्वसन अधिक होता है जिससे अधिक क्षति होती है।

भंडारण गृह की रूपरेखा

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि प्याज भंडारण के लिए अभियांत्रिक रूप से अच्छी तरह बनी संरचना की नितांत

Project 6 : Post-harvest Management of Onion and Garlic

6.1 Design and development of controlled onion storage structure

Onion, a vegetable that is a major constituent in a variety of salads, curries, and snack foods, is widely consumed across the country. Notwithstanding its yearlong consumption, onion is only cultivated in three seasons i.e. during *kharif*, late *kharif*, and *rabi*. The crop harvested during *rabi* accounts 60% of onion production hit the markets from March to June. The same crop must continue to meet the consumer demand till the month of October-November every year before *kharif* crop is harvested and brought to market. It is therefore vital to successfully store *rabi* onion in order not to break the supply. Onion is semi-perishable crop and 30-40% of crop is lost during storage due to various reasons including physiological weight loss, sprouting, rotting etc. In extraordinary situations, losses go beyond 40% creating stress on demand and supply. The volatility in supply creates market distress causing steep rise in the price of onion affecting the end consumers. High temperature and low relative humidity leads to more weight loss. Low temperature and low relative humidity leads more sprouting. High temperatures and high relative humidity leads to more rotting losses. In general, there are two temperature ranges recommended for storage of onion, low temperature (0-5°C) storage and high temperature (25-30°C). Relative humidity of 60-70% at both the conditions. Respiration of onion is more in the temperature range of 5-25°C and leads to more losses.

Design of storage structure

From the above points it is clear that there is a

आवश्यकता है जो प्याज की भंडारण क्षति को कम करने के लिए आवश्यक नियंत्रित स्थितियों (तापमान और सापेक्षिक नमी) का रखरखाव कर सके और जिसका निर्माण और परिचालन लागत कम हो।

- वर्तमान अन्वेषण का उद्देश्य प्याज के कंदों को उपयुक्त वेंटीलेशन के तहत नियंत्रित स्थितियों में भंडारण किया जा सके ताकि कंदों में अंकुरण, सड़न तथा भार में क्षति को कम करते हुए, निम्न ऊर्जा के उपयोग से कंदों की भंडारण अवधि में वृद्धि हो सके। नियंत्रित भंडारण की डिजाइन और निर्माण कार्य सरकारी निजी भागीदारी के तहत कला बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, पूणे के साथ मिलकर किया गया।

- भंडारण संरचना की रूपरेखा इस प्रकार तैयार किया गया कि इसमें तापमान 27±2^0 से. और आरएच 60–65% के साथ वायु परिचालन प्रणाली का रखरखाव हो सके। 2 टन क्षमता वाले एक भंडारण संरचना का विकास किया गया जिसमें वायु का संचरण इस प्रकार हो कि भंडारण में रखे गए सभी प्याजों को पर्याप्त हवा मिल सके। भंडारण में 4 मई 2018 को 2 टन प्याज (किस्म : भीमा किरण) को भंडारण में रखा गया और नियमित अंतराल पर भंडारण से संबंधित डाटा दर्ज किया गया। प्याज में भंडारण क्षति से संबंधित डाटा तालिका 6.1 में दर्शाया गया हे।

- डिजाइन किए गए भंडारण संरचना में भंडारित प्याज के कंदों में शारीरिक भार की क्षति को उल्लेखनीय रूप से कम करने, अवांछित अंकुरण और सड़न के रोकथाम के लिए आवश्यक स्थितियों (तापमान 27±2^0 से. तथा आरएच 60–65% के साथ उपयुक्त वातन) का रखरखाव हो सके।

- डीओजीआर–नियंत्रित भंडारण की अवधारणा के पेटेंट हेतु पेटेंट कार्यालय, मुंबई में आवेदन संख्या 201821049581 प्रस्तुत किया गया जिसका शीर्षक ''ए स्टोरेज स्ट्रक्चर फॉर स्टोरिंग ओनियन बल्बस् एण्ड ए मेथड देयरऑफ'' है।

लाभ

- नव विकसित नियंत्रित भंडारण संरचना में भंडारण के चार माह बाद की कुल क्षति शीत भंडारण की क्षति के समान ही रही है। नव भंडारण संरचना में कुल क्षति 7.14% रही है।

strong need for development of well-engineered onion storage structure that can maintain the controlled conditions (temperature and Relative Humidity) that are required for reducing storage losses of onion with low cost of construction and running.

- The objective of the present invention was to store onion bulbs in controlled conditions with proper ventilation that enhance storage life significantly by utilizing low energy while minimizing sprouting, rotting, and physiological weight loss. The design and development of the controlled storage was done under Public Private Partnership mode with Kala Biotech Pvt. Ltd., Pune.

- The storage structure was designed to maintain temperature of 27 ± 2 °C and RH of 60–65% with air circulation system. A storage structure of two tonne capacity was developed with a special feature to circulate the air in such a way that almost all the onion stored in the storage receives proper air. Two tonne of onion (Variety: Bhima Kiran) was kept in the storage on 4 May 2018 and all the data related to storage was recorded at regular intervals. The data on storage losses of onion is given in Table 6.1.

- The storage structure designed has maintained conditions that are necessary (temperature of 27 ± 2 °C and 60–65% RH and proper aeration) for significantly reducing physiological weight loss, unwanted sprouting and rotting in stored onion bulbs.

- The concept of DOGR-controlled storage is filed for patent at Patent Office, Mumbai with the application number 201821049581 titled "A storage structure for storing onion bulbs and a method thereof".

Advantages

- Total losses after four months of storage in newly developed controlled storage structure was almost equal to cold storage.

तालिका 6.1 : भंडारण के दौरान प्याज में क्षति
Table 6.1 : Losses of onion during storage

प्रतिकृति (रिप्लीकेशन) Replication	सड़न (%) Rotting (%)		अंकुरण (%) Sprouting (%)		कुल भार की क्षति (%) (शारीरिक भार, सड़न और अंकुरण की क्षति सहित) Total Weight Loss (%) (including physiological weight loss, rotting and sprouting)	
	भंडारण के 60 दिनों के बाद 60 DAS	भंडारण के 120 दिनों के बाद 120 DAS	भंडारण के 60 दिनों के बाद 60 DAS	भंडारण के 120 दिनों के बाद 120 DAS	भंडारण के 60 दिनों के बाद 60 DAS	भंडारण के 120 दिनों के बाद 120 DAS
1	1.92	3.85	0	0	0.17	7.16
2	1.23	4.85	0	0	0.00*	7.84
3	2.52	5.40	0	0	0.25	7.52
4	1.21	3.94	0	0	0.00	6.99
5	1.26	4.40	0	0	0.00	8.46
6	1.31	4.12	0	0	0.00	7.63
7	2.81	6.02	0	0	0.49	6.32
8	2.16	5.04	0	0	0.96	5.49
9	2.30	4.98	0	0	0.57	6.82

प्रत्येक रिप्लीकेशन में औसत प्याज के 10 क्रेट्स। DAS: Days After Storage. Each replication is average of 10 crates of onion.

*यद्यपि 1.23% की सड़न हुई है परन्तु भार में क्षति शून्य प्रतिशत रहा है क्यों कि भंडारण संरचना में प्याजों को भंडारित करने पर भार में वृद्धि हुई है। नियंत्रित स्थितियों के अंतर्गत संसाधित प्याजों को भंडारित करने पर भार में वृद्धि हुई और एक सप्ताह में स्थिर हो गई।

*Though there is a 1.23% rotting still the total weight loss is 0%, it is because of the increase of weight of onion after storage in the storage structure. The cured onion when stored in the storage structure at controlled conditions, the weight increased and stabilised within a week.

- प्याज के शीत भंडारण में, भंडारण के बाद अंकुरण की बड़ी समस्या है। देखा गया है कि शीत भंडारण से निकालने के 15 दिनों के भीतर ही 27% कंदों में अंकुरण हो जाता है। जब कि नव निर्मित नियंत्रित भंडारण गृह से प्याजों को बाहर निकालने के एक माह बाद भी अंकुरण नहीं देखा गया है।
- शीत भंडारण 0–5^0 से. के परिचालन खर्च की तुलना में कम खर्च का आकलन है क्यों कि नियंत्रित भंडारण गृह में 27± 2^0 से. के रखरखाव में ऊर्जा की आवश्यकता कम होती है।
- शीत भंडारण की तुलना में इस संरचना का निर्माण खर्च भी कम होता है क्यों कि शीत भंडारण में 0–5^0 से. के

The total losses were 7.14% in controlled structure.

- Post storage sprouting is a major bottleneck in cold storage of onion. It has been observed about 27% bulbs sprout within 15 days of it is taken out from cold storage. Where as in newly developed controlled structure, the sprouting was not observed even after one month after it is taken out from the storage.
- Running cost of this structure is expected to be less as compared to cold storage at 0-5

रखरखाव में सुविधाओं और बुनियादी आवश्यकताएं अधिक होती हैं।

- निम्न क्षमता, 2 टन जितना कम क्षमता वाली संरचना का निर्माण भी सम्भव है जिसे 2000 टन की क्षमता तक बढ़ाया जा सकता है।
- खरीफ और रबी मौसमों के दौरान इसे प्याजों के संसाधन के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।
- यह संरचना, खरीफ मौसम के प्याजों को नगण्य अंकुरण के साथ भंडारित करने में भी उपयोगी है। खरीफ ऋतु के प्याजों का भंडारण एक बड़ी समस्या है।
- इस संरचना को अन्य उद्देश्यों जैसे केलों को पकाने तथा अन्य अनुप्रयोगों के लिए हल्के बदलाव या आवश्यक सुविधाओं को जोड़कर भी उपयोग किया जा सकता है।
- किसानों द्वारा अपने खेतों में भी कम क्षमता वाली संरचना का आसानी से निर्माण किया जा सकता है ताकि मुख्य ऋतु के दौरान परेशानीपूर्ण बिक्री से बचा जा सके विशेषकर मध्य प्रदेश, राजस्तान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बिहार में जहां तापमान 46^0 से. तक बढ़ जाता है और प्याजों के भंडारण में बड़ी कठिनाई होती है।

°C, as the energy required to maintain 27 ± 2 °C in controlled structure will be easier.

- Construction cost of controlled structure is also expected to be less compared to cold storage as the facilities and infrastructure required are more for cold storage to maintain at 0-5°C.
- It is possible to construct for low capacity as low as 2 tonne and can be scaled up to 2000 tonne.
- It can also be utilised for curing of onion during *kharif* and *rabi* season.
- This structure will be useful to store *kharif* onion with negligible sprouting which is a major constraint for storage of *kharif* onion.
- The same structure can be utilised for other purposes also, like banana ripening and other applications with little modification or addition of required facility.
- It can be constructed by farmers also at their field with low capacity to avoid distress selling during main season (May-June) especially in Madhya Pradesh, Rajasthan, Uttar Pradesh, Delhi and Bihar where temperature goes up to 46°C and storage of onion is extremely difficult.



चित्र 6.1 : आईसीएआर–डीओजीआर द्वारा विकसित नियंत्रित भंडारण गृह की रचना

Fig. 6.1 : Design of controlled storage structure developed by ICAR-DOGR

6.2 खरीफ मौसम के दौरान प्याज के भंडारण में क्षति का मूल्यांकन

वर्ष 2018–19 के खरीफ मौसम के दौरान एक ही प्रकार कह स्थितियों में किस्मों (भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड, भीमा शुभ्रा, भीमा सफेद, भीमा श्वेता और भीमा राज) का रोपण किया गया। कंदों को हवादार भंडारण संरचना में भंडारित किया गया। भंडारण के दौरान अंकुरण, सड़न तथा भार की कुल क्षति दर्ज की गई। भंडारण के 30 दिनों के भीतर 3.11 से

6.2 Evaluation of storage losses of onion during *kharif* season

Varieties (Bhima Super, Bhima Dark Red, Bhima Shubra, Bhima Safed, Bhima Shweta and Bhima Raj) were planted under similar conditions during *kharif* season 2018-19. The bulbs were stored in ventilated storage structure. During storage observations on sprouting, rotting and total weight loss were

9.27% कंदों में अंकुर निकल आए इनमें भीमा डार्क रेड में कम अंकुरण तथ भीमा राज में सर्वाधिक अंकुरण देखा गया। भंडारण के 60 दिनों के बाद अंकुरित कंदों का प्रतिशत 34.14 से 54.08 हो गया है और कम अंकुरण भीमा डार्क रेड में तथा सर्वाधिक अंकुरण भीमा राज में देखा गया। प्याजों के भार में कुल क्षति 44.42 से 65.80% के बीच रही है।

6.3 तोर वाले और बिना तोर वाले प्याज के कंदों में जैवरसायनिक भिन्नताएं

तोर वाले प्याज का, खाने योग्य होने के बावजूद, विपणन या भंडारण नहीं किया जा सकता है और आमतौर पर इसे खेत में छोड़ दिया जाता है या कभी–कभी प्याज के रिंग उत्पादों में उपयोग किया जाता है, जिन्हें कंद के मध्य भाग की आवश्यकता नहीं होती है। तोर वाले प्याज से आर्थिक क्षति के कारण, इन कंदों की रसायनिक गुणवत्ता की सूचनाएं नहीं हैं। इस अध्ययन में तोर और बिना तोर वाले प्याज के जैवरसायनिक गुणों में भिन्नताओं का आकलन किया गया है।

वर्ष 2017–18 की पछेती खरीफ के दौरान प्याज की किस्मों (भीमा किरण, भीमा शक्ति, भीमा श्वेता और एन–2–4–1) को समान पालन पद्धतियों को अपनाते हुए उगाया गया है। उर्वरकों और कीटनाशकों के संस्तुत खुराकों को शेड्यूल के अनुसार समान रूप से उपयोग किया गया।

उपज प्राप्ति के पश्चात समान आमाप के तोर और बिना तोर वाले कंदों को जैवरसायनिक विश्लेषण के लिए चुना गया। पांच कंदों को छीलकर और काटकर पेस्ट के रूप में पीसा गया। विश्लेषण हेतु पेस्ट से प्रतिनिधि नमूने लिए गए। इसे तीन बार दोहराया गया। बिना तोर वाले प्याज में टीएसएस की मात्रा 12.03 से 12.93^0 ब्रिक्स के बीच पायी गयी, न्यूनतम एन–2–4–1 में और अधिकतम भीमा किरण में। तोर वाले नमूनों में टीएसएस की मात्रा 11.27 से 11.83^0 ब्रिक्स के बीच पायी गयी। तोर और बिना तोर वाले कंदों की नमी की मात्रा में कोई विशेष अन्तर नहीं देखा गया। बिना तोर वाले कंदों के नमूनों में नमी की मात्रा 84.12 से 85.38% तोर वाले कंदों में 84.45 से 84.97% के बीच दर्ज किया गया। बिना तोर वाले कंदों में फेनाल की मात्रा 26.17 से 48.67 मि.ग्रा. जीएई/100 ग्रा. के बीच पायी गयी, न्यूनतम भीमा श्वेता में और उच्चतम एन–2–4–1 में। तोर वाले प्याज भीमा श्वेता, भीमा किरण, एन–2–4–1 तथा भीमा शक्ति में कुल फेनाल की मात्रा क्रमश: 27.00, 52.17, 61.33 और 65.83 मि.ग्रा. जीएई/100 ग्रा. पायी गयी। बिना तोर वाले कंदों में

noted. Within 30 days 3.11 to 9.27% number of bulbs sprouted with low in Bhima Dark Red and high in Bhima Raj. After 60 days percentage number of bulbs sprouted varied from 34.14 to 54.08% with low in Bhima Dark Red and high in Bhima Raj. Total weight loss after 60 days was ranged from 44.42-65.80%.

6.3. Biochemical differences in bolted and non-bolted onion bulbs

Despite still being edible, bolted onions cannot be marketed or stored and are usually discarded in the field or sometimes used in onion ring products, which do not require the center part of the bulb. Owing to the loss in economic value of bolted onions, there are no reports on the chemical quality of those bulbs. The differences in the biochemical properties of bolted and unbolted onions were estimated in the study.

Onion varieties (Bhima Kiran, Bhima Shakti, Bhima Shweta and N-2-4-1) were grown during late *kharif* season of 2017-18 by following uniform cultural practices. Recommended dose of fertilizers and pesticides were applied as per the schedule uniformly. After harvest, the bolted and bolted bulbs of uniform size were selected for biochemical analysis. Five bulbs were peeled and cut and grinded to a paste. Representative sample from the paste was taken for the analysis. The same was done in three replicates.

The TSS content varied from 12,03 to 12.93°Brix in unbolted onion with lowest in N-2-4-1 and highest in Bhima Kiran. In bolted samples the TSS varied from 11.27 to 11.83°Brix. No Significant difference was observed in moisture content for bolted and non-bolted bulbs. Moisture content of the samples was 84.12 to 85.39% in unbolted onion. In bolted onion the moisture content varied from 84.45 to 84.97%. The phenol content varied from 26.17 to 48.67 mg GAE/100g in unbolted onion with lowest in Bhīma Shweta and highest in N-2-4-1. In bolted onion the total phenol content was 27.00, 52.17, 61.33 and 65.83 mg GAE/100g in Bhima

फ्लावोनॉयड की मात्रा 30.72 से 36.57 मि.ग्रा. क्यूई/100 ग्रा. के बीच पायी गयी। तोर वाले कंदों में कुल फ्लावोनॉयड की मात्रा 23.61 से 41.88 मि.ग्रा. क्यूई/100 ग्रा. के बीच दर्ज की गई।

6.4 पूणे के बाजार में उपलब्ध प्याज और लहसुन के संसाधित उत्पादों का सर्वेक्षण

संसाधित प्याज उत्पादों की उपलब्धता और आपूर्ति के अध्ययन हेतु पूणे शहर के सूपर बाजारों का सर्वेक्षण किया गया। सूपर बाजारों जैसे स्टार बाजार, रिलायन्स फ्रेश, बिग बाजार का सर्वेक्षण किया गया। बाजारों में देखा गया कि प्याज का पेस्ट, प्याज का अचार, प्याज का सौस, प्याज के फ्लेक्स, प्याज लहसुन मसाला प्याज के संसाधित उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है। लहसुन के मामले में, लहसुन की चटनी, अदरक लहसुन मिक्स, लहसुन पेस्ट, लहसुन मिर्च सौस, छिले हुए लहसुन, लहसुन का अचार, लहसुन मयोन्नाइज, अदरक लहसुन पेस्ट बाजार में उपलब्ध है।

6.5 लहसुन के भंडारण में अल्मंड पतंग, *इफेस्टिया कौटेल्ला* की मौसमीय गतिकी

हवादार सतह वाले भंडारण गृह में भंडारित लहसुन में *इफेस्टिया कौटेल्ला* की मौजूदगी की निगरानी मोथ ट्रैप से की गई। वयस्कों के उद्भव और गतिविधि की निगरानी हेतु लहसुन स्टाक की तीन फीट ऊंचाई पर चार मोथ ट्रैप (डेल्टा) रखे गए। सितम्बर माह से सावधिक अंतरालों पर ट्रैप में फंसे पतंगों की संख्या दर्ज की गई। अधिकतम पतंगों की संख्या/ट्रैप (8.25 पतंगे/ट्रैप) सितम्बर के प्रथम सप्ताह में, इसके बाद मध्य सितम्बर (5.75 पतंगे/ट्रैप) और अक्टूबर माह (5.5 पतंगे/ट्रैप) के अंत में दर्ज हुए। अधिकतम गतिविधि औसत तापमान 22.5^{0}से. तथा औसत नमी 83% में देखी गई (चित्र 6.2)। फसें पतंगों और औसत तापमान एवं सापेक्षिक नमी के सह–संबंधों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि औसत तापमान (–0.366ns) में नकारात्मक सह–संबंध और औसत सापेक्षिक नमी में सकारात्मक सह–संबंध (0.566ns) हैं।



चित्र 6.2 : लहसुन भंडारण में विभिन्न अंतरालों पर ट्रैप में फसें वयस्क *ई. कौटेल्ला*

Shweta, Bhima Kiran, N-2-4-1 and Bhima Shakti respectively. Flavonoid content in unbolted samples varied from 30.72 to 36.57 mg QE/100g. The total flavonoid content in bolted onion varied from 23.61 to 41.88 mg QE/100g.

6.4 Survey on onion and garlic processed products available in Pune market

A survey was conducted in super markets such as Star Bazar, Reliance Fresh, Big Bazar in Pune to study availability and supply of processed onion products. It was found that onion paste, onion pickle, onion sauce, onion flakes, onion garlic masala are processed onion products available for sale. In case of garlic, garlic chutney, ginger garlic mix, garlic paste, garlic chilli sauce, peeled garlic, garlic pickle, garlic mayonnaise, ginger garlic paste were available in the market.

6.5 Seasonal dynamics of Almond moth, *Ephestia cautella* on garlic storage

Occurrence of *Ephestia cautella* on garlic stored under bottom ventilated storage was monitored using Moth traps. Four moth traps (Delta) were placed at three feet height of garlic stake for monitoring the adult emergence and activity. Trap catches were recorded at periodical intervals from month of September onwards. A total of eight observation were made. A highest number of adults/traps (8.25moths/trap) were recorded during first week of September followed by mid-September (5.75 moths/trap) and late-October months (5.5 moths/Trap). The average temperature and humidity while maximum activity was 22.5°C and 83%, respectively (Fig 6.2). Correlation analysis between moth catches and average temperature & relative humidity revealed that a negative correlation with average temperature (-0.366ns) and positive correlation (0.566ns) with average relative humidity.

Fig. 6.2 : Adult *E. cautella* trap catches in garlic storage at different intervals

विस्तार
Extension

परियोजना 7 : प्याज और लहसुन प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण और प्रभाव विश्लेषण

विस्तार गतिविधियों से न केवल प्रौद्योगिकी प्रसार में बल्कि इसके प्रभाव के मूल्यांकन में भी सहायता मिलती है ताकि इसे आगे और परिष्कृत किया जा सके। इस परियोजना का लक्ष्य प्याज और लहसुन उत्पादन के संबंध में किसानों, विस्तार कार्यकर्ताओं तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डरों के ज्ञान और कौशल में सुधार करना है। निरूपणों और प्रशिक्षणों के माध्यम से उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रसार के अतिरिक्त इन्हें अपनाने वालों के सामाजिक–आर्थिक स्थितियों पर प्रभाव का भी विश्लेषण किया गया।

अग्रपंक्ति निरूपण

महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में क्रमश: खरीफ, पछेती खरीफ और रबी मौसम के दौरान किसानों के खेतों में 14 अग्रपंक्ति निरूपण कार्यक्रमों का आयोजन का किया गया। निदेशालय द्वारा विकसित किस्मों के बीजों को इन राज्यों के चयनित प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया। किसानों ने स्थानीय किस्मों के बीजों की व्यवस्था की।

महाराष्ट्र में निरूपण

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में रबी मौसम के दौरान निरूपण कार्य हेतु प्याज के किस्मों भीमा शुभ्रा, भीमा श्वेता, भीमा सफेद, भीमा सुपर, भीमा राज और भीमा डार्क रेड का चयन किया गया। इस उद्देश्य के लिए निदेशालय ने 7 कि.ग्रा. प्याज के बीज (प्रत्येक किस्म के 1 कि.ग्रा. बीज) उपलब्ध कराया। निरूपण कार्य 2 प्रगतिशील किसानों के खेतों (आर्वे के एक किसान तथा वानोली के एक किसान) में किया गया। निरूपण कार्य हेतु बीजों को किसानों में समान रूप से वितरित किया गया।

गुजरात में निरूपण

गुजरात के दाहोद जिले में पछेती खरीफ के दौरान निरूपण हेतु प्याज के किस्मों भीमा राज, भीमा शक्ति, भीमा सुपर, भीमा रेड तथा भीमा शुभ्रा का चयन किया गया। इस उद्देश्य के लिए 5 कि.ग्रा. बीज (प्रत्येक किस्म के 1 कि.ग्रा. बीज)

Project 7 : Transfer of Onion and Garlic Technologies and Impact Analysis

Extension activities not only help to disseminate the technology but evaluate its impact and help to further refine it. This project aims at improving knowledge and skill of the farmers, extension workers and all other stakeholders with regard to onion and garlic production. Besides disseminating improved technologies through demonstrations and trainings, their impact on socio-economic characteristics of adopters was also analyzed.

Frontline demonstrations

Fourteen frontline demonstrations were carried out at farmers' fields in three states *viz*., Maharashtra, Gujarat, and Uttar Pradesh during *kharif*, late *kharif* and *rabi* seasons, respectively. The seeds of onion varieties developed by the Directorate were provided to the selected progressive farmers of these states. Seeds of local varieties were arranged by the farmers.

Demonstrations in Maharashtra

Onion varieties, Bhima Shubhra, Bhima Shweta, Bhima Safed, Bhima Super, Bhima Raj, Bhima Red and Bhima Dark Red were selected for *rabi* demonstrations in Jalgaon district of Maharashtra. For the purpose, 7kg onion seed (1 kg of each variety) was provided the Directorate. Demonstrations were conducted at the fields of two progressive farmers (one from Arve and other from Vanoli). Seed was equally distributed among the farmers for demonstration purpose.

Demonstrations in Gujarat

Onion varieties,Bhima Raj, Bhima Shakti, Bhima Super, Bhima Red and BhimaShubhra were selected for late *kharif* demonstrations in

उपलब्ध कराया गया। दो प्रगतिशील किसानों (एक किसान जामदरा से और एक किसान घोडाजार से) का चयन किया गया और प्रत्येक किसान को प्रत्येक किस्म के 500 ग्रा. बीज दिया गया।

उत्तर प्रदेश में निरूपण

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में रबी मौसम के दौरान निरूपण हेतु प्याज किस्म भीमा शक्ति का चयन किया गया। जलालपुर माफी, बगाही, केशवपुर, भवानीपुर, गंगपुर, प्रतापपुर, रामनगर, पुरूषोत्तमपुर, भोप्ती तथा गोविन्दपुर से 10 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया। इस उद्देश्य के लिए निदेशालय द्वारा प्रत्येक किसान को 4 कि.ग्रा. प्याज के बीज उपलब्ध कराया गया।

निदेशालय द्वारा दी गई सिफारिशों का अनुपालन सभी परीक्षणों में किया गया। सभी परीक्षणों के लिए आम पालन विधियों का विवरण नीचे दिया गया है।

पौधशाला संवर्धन : क्यारियों की तैयारी से पूर्व पिछली फसलों के अवशेष, खरपतवार और पत्थरों को हटाया गया। ऊंची क्यारियां (आमाप : 1.5 मी. चौड़ी × 4 मी. लम्बी द 15 से.मी. ऊंची) तैयार की गईं। आर्द्र पतन रोग (डैम्पिंग ऑफ) से बचने के लिए बुवाई से पूर्व थीरम 2 ग्रा./कि.ग्रा. बीज की दर से बीजों का उपचार किया गया। क्यारियों की तैयारी के दौरान 50 कि.ग्रा. एफवाईएम तथा 10 कि.ग्रा. वर्मी कम्पोस्ट डाला गया। बुवाई से पूर्व क्यारियों में नमी बनाकर खरपतवारनाशक पेंडीमेथालिन 2 मि.ली./ली. की दर से छिड़काव किया गया। बीजों का उपचार कार्बेंडाजिम 3 ग्रा./कि.ग्रा. की दर से किया गया। बीजों को बालू और वर्मीकम्पोस्ट के साथ मिलाकर क्यारियों पर पंक्तियों में बोया गया। दो पंक्तियों के बीच की दूरी 8 से.मी. तथा बोवाई की गहराई 1–1.5 से.मी. रखी गयी। बीजों को बरीक मिट्टी से ढककर हल्के रूप में जल डाला गया।

खेत की तैयारी और प्रतिरोपण : प्रतिरोपण से पूर्व, खेत की अच्छी जोताई और डिस्किंग किया गया ताकि मलबा और मिट्टी के ढेलों को हटाया जा सके। खेत तैयारी के दौरान 15 टन एफवाईएम/हे. डाला गया। नवोद्भिद पौधों (सीडलिंग्स) को 1.2 मी. चौड़ी, 15 से.मी. ऊंची तथा 60 से.मी. लम्बी क्यारियों के खांचों (फर्रो) में ड्रिप सिंचाई के साथ प्रतिरोपित किया गया। प्रतिरोपण से पूर्व क्यारियों को ड्रिप सिंचाई द्वारा भिगोया

Dahod district of Gujarat. For this purpose, 5 kgonion seed (1 kg of each variety) was provided. Two progressive farmers (one from Jamdara and other from Ghodajar) were selected for carrying out the demonstrations and each farmer was given 500 g seed of each variety.

Demonstrations in Uttar Pradesh

Onion variety Bhima Shakti was selected for *rabi*demonstrations in Mirzapur district of Uttar Pradesh. Ten progressive farmerswere selected from villages- JalalpurMafi, Bagahi, Keshavpur, Bhavanipur, Gangpur, Pratappur, Ramnagar, Purushottampur, Bhopti and Govindpur. For this purpose, 4 kg onion seed was provided by Directorate to each farmer. Recommendations made by the Directorate were followed in all trials.The cultural practices which were common to all trials are described below.

Nursery raising : The debris of previous crops, weeds and stones were removed before bed preparation. Raised beds (size: 1.5 m width x 4 m length x 15 cm height) were prepared. Seeds were treated with thiram @ 2 g/kg seed before sowing to avoid damage from damping off disease. At the time of bed preparation, 50 kg of FYM and 10 kg vermicompost were added. Before sowing, beds were moistened and sprayed with weedicide pendimethalin @ 2ml/L. Seeds were treated with carbendazim @ 3 g/kg of seeds. The seeds (35 g/bed) were mixed with sand and vermicompost, and sown in line on bed. Distance between two lines was 8 cm and depth of sowing was 1-1.5 cm. Seeds were covered with fine soil followed by light watering.

labeled seed production of Bhima Dark Red on 21 May, 2018. The MoU was signed by Dr. Major Singh, Director ICAR-DOGR, Rajgurunagar and Mr. Balaji Darekar, Sub-president Krishi Unnati Producer Company, Osmanabad, Maharashtra. The main objective of this MoU is to augment the production of truthful labeled seed of Bhima Dark Red by Krishi Unnati Producer Company, on their seed farm under the technical collaboration of ICAR-DOGR. Bhima Dark red is *kharif* suitable onion variety matures within 100-110 days after transplanting having 22-24 t/ha yield potential. This variety is recommended for Chhattisgarh, Delhi, Gujarat, Haryana, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra, Odisha, Punjab, Rajasthan and Tamil Nadu states of India.

आईसीएआर–डीओजीआर ने अपना 21वां संस्थापना दिवस मनाया

भाकृअनुप–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे ने 18 जून, 2018 को अपना 21वां संस्थापना दिवस मनाया। डीओजीआर के वर्तमान और पूर्व कार्मिकों के अलावा, इस कार्यक्रम में जनजातीय उप योजना तथा मेरा गांव मेरा गौरव योजना के तहत निदेशालय द्वारा अपनाए गए गांवों के लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. के. ई. लवांडे, पूर्व–निदेशक, आईसीएआर–डीओजीआर तथा पूर्व कुलपति, बीएसकेवीवी, दापोली थे तथा इसमे सम्मिलित होने वाले अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पी.एस. नाईक, पूर्व निदेशक, आईसीएआर–भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी; डॉ. एस.डी. सावंत, निदेशक, आईसीएआर–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र,

ICAR-DOGR celebrated 21st Foundation Day

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune celebrated its 21st Foundation Day on 18 June, 2018. Apart from the present and past DOGR staff, the programme was attended by around 70 farmers from ICAR-DOGR adopted villages under Tribal Sub Plan and Mera Gaon Mera Gaurav schemes. The Chief Guest of this function was Dr. K. E. Lawande, Ex-Director, ICAR-DOGR & Ex-Vice Chancellor, BSKKV, Dapoli and the guests of honour on this occasion were Dr. P. S. Naik, Ex-Director, ICAR- Indian Institute of Vegetable Sciences, Varanasi; Dr. S. D. Sawant,

पुणे; तथा डॉ. के. वी. प्रसाद, निदेशक, आईसीएआर–पुष्प संवर्द्धन अनुसंधान निदेशालय, पुणे शामिल थे। आईसीएआर–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें निदेशालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने इस निदेशालय द्वारा किए गए अनुसंधान कार्य की सराहना की और स्टॉफ को बधाई दी। इस अवसर पर प्याज और लहसुन उत्पादन में उनके द्वारा किए गए प्रशंसनीय कार्य के लिए 10 प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया गया। सेवा निवृत्त कार्मिकों को भी इस निदेशालय में दी गई सेवा के लिए सम्मानित किया गया। जंगली प्याज *एलियम ट्यूबरोसम* के पौधों को सभी प्रगतिशी ककृल किसानों को वितरित किया गया और इन पौधों के महत्व के बारे में डॉ. विजय महाजन द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) द्वारा किया गया। इस अवसर पर किसानों के समूहों के बीच प्याज के बीजों के पैकेटों का वितरण भी किया गया।

Director, ICAR-NRCG, Pune; and Dr. K. V. Prasad, Director, ICAR-DFR, Pune. Dr Major Singh, Director, ICAR- DOGR, Rajgurunagar, Pune welcomed the guests and briefed ICAR-DOGR achievements. The Chief Guest and Guests of honour appreciated the work being done by the Directorate. On this occasion, ten progressive farmers were felicitated for their achievements in onion and garlic production. Retired employees of the Directorate were also felicitated for their services to the Directorate. Plants of wild onion *Allium tuberosum* were distributed among all the progressive farmers and detail importance of these plants was given by Dr. Vijay Mahajan. The programme was compered by Dr. Rajiv Kale, Scientist (Agricultural Extension).The packets of onion seeds were also distributed among the farmers' groups on this occasion.

आईसीएआर–डीओजीआर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

भाकृअनुप–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे में 21 जून, 2018 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। निदेशक (प्रभारी) डॉ. वी. महाजन ने हमारे दिन प्रतिदिन के जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। श्री राम बोम्बले, नोडल अधिकारी द्वारा योग के बारे में बताया गया। इसके पश्चात 45 मिनट तक योगाभ्यास किया गया जिसमें योग के विभिन्न आसनों और प्राणायामों को योग अनुदेशकों के पर्यवेक्षण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया। इस कार्यक्रम के समापन में डॉ. राजीव काले, वैज्ञानिक, आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

ICAR-DOGR celebrated International Yoga Day

The International Yoga Day was organized at ICAR-DOGR on 21 June 2018, in which all staff members participated. Director (In-charge) Dr. V. Mahajan briefed about the importance of Yoga in our day-to-day life. Yoga lesson was delivered by Shri. Ram Bomble, Nodal Officer, Yoga, ICAR-DOGR. This was followed by 45 minutes yoga practice in which Yoga Asanas and Pranayam were performed as per protocol of International Yoga Day by the staff under supervision of Yoga instructor. The programme was ended with vote of thanks expressed by Dr. Rajiv Kale, Scientist, ICAR-DOGR.

पूर्व विशेष सचिव, डेयर एवं सचिव, आईसीएआर ने निदेशालय का दौरा किया

श्री छबिलेन्द्र राउल, पूर्व विशेष सचिव (डेयर) और सचिव (आईसीएआर) ने 17 जुलाई, 2018 को आईसीएआर–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनलगर का दौरा किया। अपने इस भ्रमण के दौरान उन्होंने निदेशालय के वैज्ञानिकों और अन्य कार्मिकों के साथ चर्चा की। उन्होंने निदेशालय के विभिन्न प्रयोगशालाओं और फार्म को भी देखा। स्टॉफ के साथ चर्चा करते हुए श्री राउल ने नई किस्मों को जारी करने, उन्नत फसल उत्पादन और फसलोपरांत प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में इस केंद्र के योगदान की सराहना की। वैज्ञानिकों को दिए गए संबोधन में, श्री. राउल देश में बाजार प्रवृत्तियों (मार्केट ट्रैंड) का विश्लेषण, मूल्य में उतार–चढ़ाव तथा मूल्य श्रृंखला विश्लेषण पर शोध अध्ययन करने का अनुरोध किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील की कि वे प्याज के क्षेत्र में किसानों की उत्पादक कंपनियों को आगे बढ़ाने तथा प्याज की आपूर्त्ति श्रृंखला में बिचौलियों को कम करके उपभोक्ता के रुपए में किसानों के अंश को बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्याज एक अति महत्वपूर्ण फसल है क्योंकि यह हमारे दैनिक आहार का एक अनिवार्य हिस्सा है साथ ही प्याज के निर्यात से भारत को विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है अत: वैज्ञानिकों को प्याज की उत्पादकता को बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृध्दि के लिए सहभागिता दृष्टिकोण को अपनाते हुए सकारात्मक भूमिका अवश्य निभानी चाहिए।

Ex-Special Secretary DARE and Secretary ICAR visits ICAR-DOGR, Pune

Sh. Chhabilendra Roul, Ex-Special Secretary (DARE) & Secretary (ICAR) visited ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune 17 July 2018. During his visit, he interacted with the scientist and other staff of the institute. He also visited different laboratories and farm of the institute. While interacting with staff, Shri. Roul appreciated the contribution of the centre in releasing new varieties, development of improved production and post-harvest technologies. In his address to the scientists, Shri. Roul urged the scientists to take up the research study for analyzing the market trends, price fluctuations and value chain analysis of onion in the country. He appealed to the scientist to promote the farmers' producer companies in the onion to enhance the farmers share in consumer rupee by reducing middleman in onion supply chain.

He said that onion is a highly important crop as it is part of the daily diet as well as due to export of onion India earns more foreign currency, therefore, scientists must play the proactive role in participatory approach for enhancing the productivity of onion and increasing farmers' income.

स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

आईसीएआर–डीओजीआर ने भारत के 72वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थान के भवन को तीन दिनों तक रौशनी से प्रकाशित किया गया। 15 अगस्त, 2018 को झंडा रोहण के पश्चात, आईसीएआर–डीओजीआर के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने निदेशालय के कार्मिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री शिवराम हरी राजगुरु की शहादत को याद करते हुए उन्होंने बताया कि भारत कभी भी राजगुरु के उत्साह और बलिदान को नहीं भूलेगा। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए संस्थान की उपलब्धियों और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होनें अवसर पर सबको शुभकामना दी और स्टॉफ के मेरिटोरियस (उत्कृष्ट) बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

Independence Day celebrated

ICAR-DOGR celebrated 72nd Independence Day of India with enthusiasm and patriotic spirits. The Institute building was illuminated on the occasion for three days. After the flag hosting on 15th August 2018, Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR addressed to the staff of the institute. Remembering freedom fighter martyr Shivram Hari Rajguru on this occasion, he told that India would never forget Rajguru's courage and sacrifice for the independence. He highlighted the Institute's achievements and contributions for the betterment of the farmers. He congratulated and distributed prize to the meritorious children of the staff.

हिंदी पखवाड़ा

आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे में 14–28 सितंबर, 2018 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ 14 सितंबर 2018 को हिंदी कार्यशाला के साथ हुआ। हिंदी कार्यशाला के दौरान, आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर के निदेशक ने हिंदी भाषा के महत्व पर जोर दिया। श्री पी. एस. तंवर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी और हिंदी अधिकारी ने कर्मचारियों से हिंदी में अधिक काम करने और हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। इस दौरान कर्मचारियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पुणे के हिंदी अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. राम शंकर व्यास समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। आईसीएआर–डीओजीआर के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने निदेशालय में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु किए गए

Hindi Fortnight

Hindi fortnight has been organized during 14-28 September, 2018 at ICAR-DOGR. The programme was started with Hindi workshop on 14 September 2018. During the Hindi workshop, Director, ICAR-DOGR emphasized on importance of Hindi language. Shri. P. S. Tanwar, AAO & Hindi Officer appealed the staff to do more work in Hindi and participate in the programmes during Hindi fortnight. Various competitions were organized for staff during this period. Staff participated in these competitions with huge enthusiasm. Dr. Rama Shankar Vyas, Hindi Officer (Retired), NCL, Pune was the chief guest for the closing ceremony. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR highlighted the efforts made for the use of Hindi at ICAR-DOGR. Dr. Vyas expressed

प्रयासों पर प्रकाश डाला। डॉ. व्यास ने विश्व में हिंदी भाषा की स्थिति और उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। श्री पी. एस. तंवर ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ए. जे. गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

his views on status and achievements of Hindi language in the World. The winners of various competitions were given prizes. Shri. P. S. Tanwar was compere of the programme. Dr. A. J. Gupta gave vote of thanks.

आईसीएआर–डीओजीआर में ''डिजिटल फील्ड बुक'' पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भाकृअनुप–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे द्वारा आईसीएआर–भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना और इंडियन सोसाइटी ऑफ एलियम, पुणे के सहयोग से ''डिजिटल फील्ड बुक'' पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला 29 सितंबर, 2018 को राजगुरुनगर, पुणे में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य सटीक और प्रमाणिक डाटाबेस विकसित करने के बारे में वैज्ञानिकों, तकनीकी स्टॉफ और आरए, एसआरएफ के बीच जागरूकता पैदा करना था। आईसीएआर संस्थानों तथा अर्ध शासकीय संगठनों के लगभग 70 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को डॉ. पी.एस. नाइक, पूर्व निदेशक, आईसीएआर–आईआईवीआर की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। आईसीएआर–डीओजीआर के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और एक निर्दिष्ट समय सीमा में अनुसंधान की गुणवत्ता को सम्पन्न करने हेतु शिक्षाविदों सहित कृषि वैज्ञानिकों के लिए डिजिटीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया डिजिटीकरण समय की जरूरत है और रूपांतरण के लिए एक पूर्वआवश्यकता है। डॉ. पी. एस. नाइक ने कहा कि राष्ट्रीय परिसंपत्तियों को बचाने में कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों को डिजिटल तकनीकों को अपनाना चाहिए। डॉ. एलनगोवन, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर–भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने डिजिटल फील्ड बुक की

National Training workshop on "Digital Field Book" organized at ICAR-DOGR

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune in collaboration with ICAR-Indian Institute of Millets Research, Hyderabad, Telangana and Indian Society of Alliums, Pune organized National training workshop on "Digital Field Book" on 29th September, 2018 at Rajgurunagar, Pune. The purpose of workshop was to create awareness among scientists, technical staff and RA, SRF about digital data recording for accurate and authentic database development. About 70 participant from ICAR institutes and semi government organizations participated in the workshop. The inaugural session of workshop started under chairmanship of Dr. P.S. Naik, Ex-Director, ICAR-IIVR. Director Dr. Major Singh, ICAR-DOGR, Rajgurunagar, Pune welcomed the participants and highlighted the need of digitalization for agricultural scientists including academia for enriching quality of research within time limit. He also stress upon that digitalization is need of hour and prerequisite for transformation. Dr. P. S. Naik expressed that agriculture field specialists should adopt digital technics to save the national assets. Dr. Elangovan, Principal

पृष्ठभूमि और इसके विकासकर्ताओं, एक मोबाइल एप. तथा किसी भी फसल में आंकड़ों को दर्ज करने के लिए इसकी प्रक्रिया, सर्वेक्षण का उद्देश्य तथा तथा शैक्षणिक जरूरतों के बारे में बताया। डॉ. वी. महाजन, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर–डीओजीआर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ एलनगोवन, पीएस, आईसीएआर–आईआईएमआर, हैदराबाद और आईसीएआर–डीओजीआर की वैज्ञानिक श्रीमती अश्विनी बेनके, वैज्ञानिक, आईसीएआर–डीओजीआर ने किया।

Scientist, ICAR-Indian Institute of Millets research, Hyderabad informed about background history and developers of digital field book, a mobile app and its customization process for data recording in any crop, survey purpose and other academic needs. Dr. V. Mahajan, Principal Scientist expressed vote of thanks. The programme was coordinated by Dr. Elangovan, PS, ICAR-IIMR, Hyderabad and Mrs. Ashwini Benke, Scientist, ICAR-DOGR.

उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के प्रगतिशील किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे द्वारा 08–10 अक्टूबर, 2018 के दौरान ''प्याज और लहसुन की उत्पादन प्रौद्योगिकी और इसके विपणन'' पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निदेशालय, पुणे में किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रगतिशील किसानों, प्रसार अधिकारियों तथा एनजीओ के प्रतिनिधियों सहित 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीएआर–डीओजीआर के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें निदेशालय की अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों से अवगत कराया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत किस्मों, नर्सरी प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, पोषण और जल प्रबंधन, नाशीकीट और रोग प्रबंधन, फसलोपरांत प्रबंधन, संसाधन, प्याज और लहसुन उगाने वाले किसानों के सामाजिक–आर्थिक स्तर को सुधारने में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका, प्याज के बीज का उत्पादन, मूल्य श्रृंखला और प्याज के विपणन पर जानकारी दी गई। किसानों को विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया और इनका प्रदर्शन भी किया गया। उत्पादकों, व्यवसायियों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों के साथ

Training Programmes for progressive farmers of Uttar Pradesh and Tamil Nadu

A three-days training programme on ''Production Technology of Onion and Garlic and its Marketing'' was organized at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune during 8-10 October 2018. Total 13 participants including progressive farmers, extension officers, and representatives of NGOs from various districts of Uttar Pradesh attended the training. The programme was inaugurated by Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR. He welcomed the participants and briefed about research and extension activities of the Directorate. During the training, participants were given information on improved varieties, nursery management, weed control, nutrient and water management, pest and disease management, post-harvest management, processing, role of self-help groups in increasing socio-economic status of onion and garlic farmers, and onion seed production, value chain and marketing of onion. Farmers were also taken to the Chakan, Pune onion market for interaction with

पारस्परिक विमर्श के लिए किसानों को चाकण, पुणे के प्याज के बाजार में ले जाया गया। राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. आर. के. सिंह ने प्रशिक्षण के संचालन पर संतोष प्रकट किया। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्रों, प्रकाशनों तथा प्याज की भीमा शक्ति किस्म के बीज के वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। डॉ. आर. बी. काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. एस. एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) तथा डॉ. आर. बी. काले, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) द्वारा किया गया।

producers, traders and other stakeholders. Dr. R. K. Singh, Associate Professor, State Agricultural Management Institute, Rahemankheda expressed satisfaction about conduction of training. The programme concluded with the distribution of certificates, publications and seed of Bhima Shakti variety. Dr. R. B. Kale, Scientist (Agricultural Extension) expressed vote of thanks. The programme was coordinated by Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agricultural Extension) and Dr. R. B. Kale, Scientist (Agricultural Extension).

''प्याज और लहसुन की वैज्ञानिक उत्पादन प्रौद्योगिकी'' पर एक इसी प्रकार के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को आईसीएआर–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे में 12–14 दिसंबर, 2018 के दौरान आयोजित किया गया जिसमें तमिलनाडु के धर्मापुरी जिले से 20 किसानों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मेजर सिंह, निदेशक आईसीएआर–डीओजीआर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें निदेशालय की अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों लने प्याज और लहसुन की विभिन्न प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी। आईसीएआर–डीओजीआर में किसानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रदर्शन दिया गया। उत्पादकों, व्यवसायियों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों के साथ पारस्परिक विमर्श के लिए किसानों को चाकन, पुणे के प्याज के बाजार में ले जाया गया। किसानों ने मोशी, पुणे में किसान, कृषि प्रदर्शनी का भी भ्रमण किया। आत्मा, तमिलनाडु के प्रशिक्षण समन्वयक श्री एन. सेंथिल कुमार तथा किसानों ने इस प्रशिक्षण पर संतोष व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. ए. थंगासामी, वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) और डॉ. प्रांजली एच. घोडके, वैज्ञानिक (पादप शरीरक्रियाविज्ञान) द्वारा किया गया।

Similarly, a three-days training programme on "Scientific Production Technology in Onion and Garlic" was organized at ICAR-DOGR, Rajgurunagar, Pune during 12-14 December 2018, in which 20 farmers from Dharmapuri district of Tamil Nadu participated. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR welcomed the participants and briefed about research and extension activities of the Directorate. Scientists gave information about various technologies regarding onion and garlic. Practical and demonstrations were also given to the farmers at ICAR-DOGR. The farmers have visited Chakan and Pune onion market, agricultural exhibition KISAN at Moshi, Pune. Mr. N. Senthil Kumar, Training Coordinator, ATMA, Tamil Nadu and farmers expressed satisfaction about the training. The programme was coordinated by Dr. A. Thangasamy, Scientist (Soil Science) and Dr. Pranjali H. Ghodke, Scientist (Plant Physiology).

सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार भाकृअनुप–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर के दौरान '' भ्रष्टाचार मिटाओ–नया भारत बनाओ'' थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2018 का आयोजन किया गया। 29 अक्टूबर, 2018 को निदेशालय के सभी स्टॉफ सदस्यों द्वारा सत्यनिष्ठा, इमानदारी और पारदर्शिता से बिना किसी भ्रष्टाचार के संस्थान में सार्वजनिक सेवाओं को बनाए रखने की शपथ लेकर इस सप्ताह का प्रारंभ किया गया। सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता तथा सरकारी कार्मिकों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रमों को आयोजित किया गया जिसमें, बैनरों और पोस्टरों द्वारा प्रदर्शन, व्याख्यान, विद्यालयों, कालेजों, ग्राम पंचायत और संस्थान में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण तथा निदेशक और संस्थान के सतर्कता अधिकारी के संबोधन के साथ सतर्कता सप्ताह, 2018 का 3 नवंबर, 2018 को समापन हुआ।

Vigilance Awareness Week celebrated

ICAR-DOGR has observed Vigilance Awareness Week, 2018 from 29 October, 2018 to 3 November, 2018 with the theme "Eradicate Corruption-Build a New India" as per the guidelines of Central Vigilance Commission. The Observance Week was commenced with a pledge on 29 October, 2018 by the staff of the Directorate to maintain public service, truthfulness, honesty and transparency without corruption. During the Week, various programmes were organized such as display of banners and posters, lectures, various competitions in school, college, Gram Panchayat and Institute to create awareness among the public and government employees against corruption. With the prize distribution to winners and remarks of the Director and Vigilance Officer, the Vigilance Awareness Week was concluded on 3 November, 2018.

70 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

आईसीएआर–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे में 26 जनवरी, 2019 को 70वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने ध्वजारोहण

Celebration of 70th Republic Day

The 70th Republic Day was celebrated at ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar on 26 January, 2019. Dr. Major

किया और संस्थान के सभी कार्मिकों को इस दिवस के महत्व और इसके सामंजस्य के बारे में बताया। इस अवसर पर निदेशालय के कर्मचारी कल्याण समिति ने कई खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

आईसीएआर–डीओजीआर द्वारा खाने योग्य एलियम: चुनौतियां और अवसर पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

इंडियन सोसाइटी ऑफ एलियम्स और आईसीएआर–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे द्वारा ''खाने योग्य प्याज (एलियम): चुनौतियां और अवसर'' पर एक चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन यशवंतराव चव्हान एकेडमी ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन (यशदा) में 9–12 फरवरी, 2019 के दौरान सम्पन्न हुआ। डॉ. कीर्ति सिंह, पूर्व अध्यक्ष, एएसआरबी इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. ए.के. सिंह, डीडीजी, बागवानी और फसल विज्ञान तथा डॉ. के. पी. विश्वनाथा, कुलपति, एमपीकेवी, राहुरी इस संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि थे तथा डॉ. टी. जानकीरमन, एडीजी (बागवानी) को विशेष तौर इस इस गोष्ठी में आमंत्रित किया गया था। डॉ. के. ई. लवांडे, अध्यक्ष, इंडियन सोसाइटी ऑफ एलियम्स; डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, आईसीएआर–डीओजीआर, पुणे; डॉ. एस.एन. पुरी, पूर्व कुलपति, एमपीकेवी, राहुरी; डॉ. वेंकट मायंदे, पूर्व वीसी, डॉ. पीडीकेवी, अकोला तथा डॉ. वी. महाजन, कार्यक्रम के आयोजन सचिव इस अवसर पर उपस्थित थे।

डॉ. कीर्ति सिंह ने अपनी संबोधन में इस बात का उल्लेख किया कि भारत ने प्याज उत्पादन में विशिष्ट वृद्धि प्राप्त की है और देश में प्याज और लहसुन अनुसंधान और विकास में वैज्ञानिकों ने प्रशंसनीय योगदान दिया है। प्याज के मूल्य से संबंधित संकट को दूर करने के लिए नीति निर्माण पर अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। डॉ. ए. के. सिंह ने भारत में प्याज और लहसुन में प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण में आईसीएआर–डीओजीआर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। हालांकि उन्होंने कहा कि भंडारण क्षमता के विकास और फसलोपरांत होने वाले नुकसान को कम करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। प्याज उत्पादन में अंतर–राज्यीय असमानता से ढुलाई लागत अधिक हो जाती है। इस क्षेत्र में प्रमुख चुनौती प्याज के मूल्यों में स्थिरता लाना तथा किसानों की आय को दो गुना करना है। डॉ. के. ई. लवांडे ने भंडारण की क्षमता में वृद्धि लाकर इसे 20 लाख से 40 लाख

Singh, Director, hosted the National Flag and conveyed the importance of the day to all the personnel of the Directorate in its reconciliation. On this occasion, sports competition and cultural programmes were organized by the Employees' Welfare Committee. Prizes were given to the winners.

ICAR-DOGR organizes an International Symposium on Edible Alliums: Challenges and Opportunities

The four-days long "International Symposium on Edible Alliums: Challenges and Opportunities" organized during 9-12 February 2019 by Indian Society of Alliums and ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR), Rajgurunagar, Pune at Yashwantrao Chavan Academy of Development Administration (YASHADA) concluded. Dr. Kirti Singh Ex. Chairman of ASRB was the Chief Guest of the function. Dr. A. K. Singh DDG, Horticulture and Crop Science and Dr. K. P. Vishwanatha, Vice Chancellor, MPKV, Rahuri were the Guest of Honour and Dr. T. Janakiram, ADG (Hort.) was special invitee for the programme. Dr. K. E. Lawande, President, Indian Society of Alliums, Dr. Major Singh Director, ICAR-DOGR, Pune, Dr. S. N. Puri, Former, VC, MPKV, Rahuri and Dr. Venkat Mayande, Ex. VC, Dr. PDKV Akola and Dr. V. Mahajan, organizing secretory were present on the occasion.

Dr. Kirti Singh in his address mentioned that the India has achieved remarkable growth in onion production and scientists have good contribution in onion and garlic research and development in the country. There is need of more attention towards policy framework to mitigate price crises in onion. Dr. A. K. Singh appreciated the efforts of ICAR-DOGR taken in technology development and transfer in onion and garlic in India. However, there is need to focus more on development of storage capacity and minimization of post-harvest losses. Inter-

टन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेती की अपेक्षा अधिक यांत्रिकीकरण, उन्नत भंडारण, उच्च उपज वाली किस्मों तथा बाजारोन्मुख उत्पादन की तरफ बदलाव की जरूरत है। डॉ. के. पी. विश्वनाथा ने कहा कि किसानों को किसान उत्पादक कंपनियों के रूप में संगठित किए जाने की आवश्यकता है जिससे उनकी सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति में वृध्दि हो सके। डॉ. टी. जानकीराम ने इस संगोष्ठी के माध्यम से सभी स्टेकहोल्डरों को एक प्लेटफार्म पर लाने में संस्थान द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। इस संगोष्ठी में भारत, जापान, दक्षिण कोरिया तथा इजरायल से लगभग 200 शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों ने सहभागिता की। इस संगोष्ठी का 9 सत्रों में संचालन किया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों, अधय्यनों तथा अवसरों को प्रस्तुत किया और उन पर चर्चा की।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

आईसीएआर–डीओजीआर में 28 फरवरी, 2019 को निदेशालय परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें अनुसूचित जाति एवं नवबौद्ध लडकियों के लिए सरकारी आवासीय विद्यालय, चांडोली के 87 विद्यार्थियों और 5 अध्यापकों को शामिल किया गया। संस्थान में संचालित प्रक्षेत्र और प्रयोगशाला परीक्षणों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए

state disparity in onion production causes more transportation cost. The major challenge is to stabilize the prices of onion and doubling the farmers' income. Dr. K. E. Lawande stressed on the need to increase the capacity of storage from 20 lakh to 40 lakh tonnes. The shift is needed from traditional cultivation practices to more mechanization, improved storage, high yielding varieties and market-oriented production. Dr. K. P. Vishwanatha appealed that farmers need to be organized into Farmers Producer Companies for increased collective bargaining power. Dr. T Janakiram has appreciated the efforts of the institute for taking initiative for bringing various stakeholders on the single platform with this symposium.In the symposium, about 200 researchers, academicians, industrialists and other stake-holders from India, Japan, South Korea and Israel were participated. The symposium was conducted in nine sessions and issues, studies and opportunities were presented and discussed by various participants.

National Science Day celebrated

ICAR-DOGR celebrated National Science Day on 28th February, 2019 by involving 87 students and five teachers of Government Residentials School for Scheduled Caste and Neo-Buddhist Girls, Chandoli at ICAR-DOGR, Rajgurunagar. Students got exposure of field and laboratory experiments being conducted in the institute. On this occasion, quiz and debate competitions

क्विज तथा वादविवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के उद्देश्य से स्कूल बैग और लेखन सामग्री दी गई। आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और पहले तीन विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए। डॉ. मेजर सिंह, निदेशक, आईसीएआर–डीओजीआर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. एस. जे. गावंडे तथा डॉ. पी.एच. घोडके द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर.बी. काले द्वारा तथा डॉ. एस.एस. गाडगे द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

आईसीएआर–प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे में 8 मार्च, 2019 को ''अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस'' मनाया गया। डॉ. गीता कुलकर्णी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सरकारी अस्पताल, चंदोली, जिला पुणे इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके दैनिक जीवन में स्वास्थ्य, स्वच्छता से संबंधित जागरूकता के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने निकट भविष्य में अपने अस्पताल के माध्यम से आईसीएआर–डीओजीआर की महिला कार्मिकों के लिए टीकाकरण और चिकित्सा परीक्षण अभियान आयोजित करने का वादा किया। डॉ. सुरेश गावंडे, प्रभारी निदेशक ने इस दिवस पर सभी महिला कार्मिकों को शुभकामनाएं और संस्थान की प्रगति में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रंगोली, संगीत कुर्सी और थ्रो बॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिया गया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य सचिव श्रीमती अश्विनी पी.

were also conducted for high school students. All the students were provided school bags and writing kit for educational purpose. Students actively participated in the competitions and first three winners were felicitated with the prizes and certificates. Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR addressed the students and elaborated the importance of science day. Programme was coordinated by Dr. S. J. Gawande and Dr. P. H. Ghodke. Programme was compered by Dr. R. B. Kale and vote of thanks was given by Dr. S. S. Gadge.

International Women's Day celebrated

ICAR-DOGR, Rajgurunagar, Pune celebrated "International Women's Day" on 8 March, 2019. Dr. Geeta Kulkarni, Chief Medical Superintendent, Govt. Hospital, Chandoli was Chief Guest for the programme. She encouraged women and elaborated the importance of health, hygiene related awareness in routine life of women. She promised to organize vaccination and medical test campaign for ICAR-DOGR women staff through their hospital in near future. Dr. Suresh Gawande, In-Charge Director wished all the women staff on this day and thanks for their valuable contribution towards Institute's growth. Rangoli, Musical Chair and throw ball competitions were organized in which about 160 women participated. The first three winners were felicitated with the prizes and certificates. Mrs. Ashwini P. Benke, Member Secretary, Women Cell, briefed about the history of Women's Day

बेनके ने महिला दिवस के आयोजन, इसकी आवश्यकता तथा इसके महत्व के बारे में बताया और धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

आईसीएआर–डीओजीआर द्वारा सीएससीएसपी योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन

आईसीएआर– प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर, पुणे अपने लक्षित ग्राहकों को प्याज और लहसुन प्रौद्योगिकियों के प्रसार के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 22 मार्च से 28 मार्च, 2019 (22–23 मार्च, 2019, 25–26 मार्च, 2019 और 27–28 मार्च, 2019) के दौरान तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनुसूचित जाति उप योजना के तहत, महाराष्ट्र के कुल 77 प्याज उत्पादकों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। उद्घाटन समारोह में, आईसीएआर–डीओजीआर के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने किसानों का स्वागत किया और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपज के साथ बेहतर उपज प्राप्त करने के लिए प्याज की खेती की उन्नत तकनीक अपनाने की सलाह दी। डॉ. सिंह ने मौसम के अनुसार प्याज की उन्नत किस्मों की खेती करने पर जोर दिया। डॉ. विजय महाजन, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) ने फ्लड सिंचाई की तुलना में ड्रिप या स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के उपयोग के सुझाव दिए और कहा कि फ्लड सिंचाई की तुलना में इस प्रणाली में पानी, श्रम की बचत तथा अन्य अतिरिक्त फायदे हैं। डॉ. ए. जे. गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) ने किसानों से अपनी आजीविका में सुधार हेतु इस योजना का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। आईसीएआर–डीओजीआर के वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत किस्मों, पौधशाला प्रबंधन, खेती के तरीकों, उर्वरक प्रबंधन, सूक्ष्म सिंचाई, कीट नियंत्रण, कटाई, भंडारण, फसलोपरांत प्रबंधन, विपणन, किसानों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के में एसएचजी की भूमिका आदि पर व्याख्यान दिए। आईसीएआर–डीओजीआर

celebration, need and importance of Women's Day, and expressed vote of thanks.

ICAR-DOGR organises a series of training programmes under SCSP scheme

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune regularly conducts training programmes for the dissemination of onion and garlic technologies to the targeted clientele. Three training programmes were organized for scheduled caste farmers on "Onion Production Technology" during March 22-28, 2019 (March 22-23, 2019, March 25-26, 2019 and March 27-28, 2019). Under Scheduled Caste Sub Plan (SCSP) scheme, total 77 onion growers from Maharashtra participated in these training programmes. In inaugural function, Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR welcomed the farmers and advised them to adopt advanced technology for cultivation of onion to get better yield along with the quality produce. Dr. Singh emphasized to cultivate improved varieties of onion according to season. Dr. Vijay Mahajan, Principal Scientist (Horticulture) suggested for the use of drip or sprinkler irrigation system to save water, labour and have other added advantages compared to flood irrigation. Dr. A. J. Gupta, Principal Scientist (Horticulture) urged to the farmers to get the benefit of the scheme to improve their livelihood. Lectures were delivered by scientists of ICAR-DOGR on

फार्म में संचालित प्रयोगों सहित किसानों को विभिन्न कृषि पद्धतियों का प्रदर्शन किया गया। पारस्परिक विमर्श सत्रों में आईसीएआर–डीओजीआर के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के सवालों का जवाब दिया गया। इस मौके पर किसानों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। किसानों को आईसीएआर–डीओजीआर द्वारा विकसित किस्मों के बीज, उर्वरक, कीटनाशक और तकनीकी बुलेटिनें वितरित की गईं। डॉ. एस.एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) और डॉ. आर. बी. काले, वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समन्वय किया।

एएससीआई के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन

दिनांक 28 फरवरी से 25 मार्च, 2019 के दौरान निदेशालय ने एग्रिकल्चर स्किल कौंसिल ऑफ इंडिया, गुरूग्राम द्वारा प्रायोजित 25 दिनों का प्रशिक्षण का आयोजन किया। रोजगार उन्मुख कौशल–उन्नत बीज उत्पादक विषय में 20 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का समन्वयन डॉ. विश्वनाथ आर. यलामल्ले, वैज्ञानिक (बीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी), डॉ. राजीव काले, वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) और डॉ. एस. एस. गाडगे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) ने किया। प्रशिक्षण के

improved varieties, nursery management, cultivation practices, fertilizer management, micro-irrigation, pest control, harvesting, storage, postharvest management, marketing, role of Self Help Groups in increasing socio-economic status of farmers, etc. topics. The various agro-practices were demonstrated to farmers with experiments laid at ICAR-DOGR farm. The queries of the farmers were answered by the scientists of ICAR-DOGR in the interactive sessions. The farmers also expressed their views on the occasion. In valedictory function, certificates were distributed to the participants.

The farmers were provided seed of ICAR-DOGR varieties, fertilizers, pesticides and technical bulletins. Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agricultural Extension) and Dr. R. B. Kale, Scientist (Agricultural Extension) coordinated the training programmes.

Skill development training under ASCI conducted

Directorate conducted 25 days' training programme during 28 February to 25 March 2019. It was sponsored by Agriculture Skill Council of India, Gurugram. Twenty trainees were trained for job oriented skill- Quality Seed Grower. The training was coordinated by Dr. Vishwanath R. Yalamalle, Scientist (Seed Science & Technology), Dr. Rajiv Kale, Scientist

200 घंटों के सत्र में प्याज कंद उत्पादन, बीज उत्पादन, पौध संरक्षण, विपणन, बीज परीक्षण आदि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। निदेशालय के संकायों के अलावा निजी बीज कंपनी, सरकारी एजेंसियों और प्रगतिशील किसानों को बाहरी संसाधन व्यक्ति के रूप में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. श्रीराम पालवे, वरिष्ठ पादप प्रजनक, जिंदल क्रॉप साइंस प्रा. लिमिटेड जालना; श्री धनंजय कोंढालकर, जिला बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, पुणे; श्री पुरुषोत्तम फाटे, उत्पादन प्रबंधक, महाराष्ट्र राज्य बीज निगम लिमिटेड, पुणे और प्रगतिशील किसान श्री नामदेवराव अढाऊ ने व्याख्यान दिया और बीज उत्पादन में अपने अनुभवों को साझा किया। मृदा परीक्षण, बीज की गुणवत्ता मूल्यांकन, विपुंसन (इमास्कुलेशन) और परागण आदि पर कई व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए।

किसानों के खेत में एक्सपोजर विजिट, प्रक्षेत्र दिवस और विधियों के निरूपण आयोजित किए गए। दिनांक 15 मार्च 2019 को प्रगतिशील किसान और बीज उद्यमी श्री जयकांत के खेतों का दौरा किया गया। उसी दिन, केवीके नारायणगांव की यात्रा की भी व्यवस्था की गई। किसानों के खेत में दो विधि निरूपण और दो प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किए गए। चयनित प्रशिक्षुओं के अलावा स्थानीय ग्रामीणों को भी कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया गया। दिनांक 19 मार्च, 2019 को खेड़ तालुका के शिंगाडेवाड़ी और हिवरे गांव में दो प्रक्षेत्र दिवस और दो किसान संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। दिनांक 23 मार्च, 2019 को कुरवंडी और दोंडे गांव में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के बारे में ऑन–फार्म बीज अंकुरण परीक्षण पर विधि निरूपण किए गए। दिनांक 25 मार्च, 2019 को एएससीआई के पर्यवेक्षकों द्वारा अंतिम मूल्यांकन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की तथा सभी को प्रमाणपत्र जारी किए गए।

(Agricultural Extension) and Dr. S. S. Gadge, Senior Scientist (Agricultural Extension). The training consists of 200 hrs. of theory and practical session on various aspects of onion bulb production, seed production, plant protection, marketing, seed testing, etc. Apart from faculty of the Directorate, external resource personnel from private seed company, government agencies and progressive farmers were invited to deliver the lectures. Dr. Shriram Palve, Senior plant breeder, Jindal Crop Science Pvt. Ltd. Jalna; Shri. Dananjay Kondhalkar, District Seed Certification officer Pune; Shri. Purushottam Phate, Production Manager, Maharashtra State Seed Corporation Ltd. Pune and progressive farmer Shri. Namdevrao Adhav delivered lecture and shared his experiences in seed production. Several practical sessions which include soil testing, seed quality evaluation, emasculation and pollination, etc. were conducted.

Exposure visit, field day and method demonstrations were conducted at farmers' fields. On 15th March 2019, visit to the field of progressive farmer and seed entrepreneur Shri. Jaykant was arranged. On the same day, exposure visit to KVK Narayangoan was conducted. Two method demonstrations and two field days were conducted at farmers' fields. In addition to the selected trainees, local villagers were also invited for the events. On 19th March 2019, two field days and farmers' seminar was conducted at Shingadewadi and Hiware village of Khed taluka. On 23rd March 2019, method demonstrations on on-farm seed germination testing for quality seed production were conducted in villages *viz*., Kurwandi and Donde. On 25th March 2019, final assessment was done by ASCI invigilators. All the participants passed in the test and the certificates were issued.

आईसीएआर–डीओजीआर ने महिला कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

आईसीएआर–डीओजीआर, पुणे ने ग्रामीण अस्पताल चांडोली, जिला पुणे के सहयोग से 26 मार्च 2019 को निदेशालय में काम करने वाली महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर के निदेशक डॉ. मेजर सिंह ने की के । उन्होंने महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवनचर्या में स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। संस्थान के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर भी उन्होंने जोर दिया। श्रीमती अश्विनी बेनके, वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन) एवं सदस्य सचिव, महिला प्रकोष्ठ और श्रीमती विजया भूमकर, एएफएओ ने सरकारी ग्रामीण अस्पताल, चांडोली के कर्मचारियों के साथ इस शिविर का समन्वय किया। अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गीता कुलकर्णी ने आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर में चिकित्सा जांच के लिए डॉक्टर, लैब तकनीशियन और परिचारक की एक टीम को भेजा। इस नि: शुल्क जांच शिविर में 68 महिलाओं की जाँच की गई। डॉ. नेहा, दंत चिकित्सक ने संक्रामक रोगों से बचने के लिए दांतों की देखभाल पर जोर दिया और साथ ही जीभ के कैंसर के बारे में भी जानकारी दी। प्रमुख प्रयोगशाला तकनीशियन ने महिलाओं में जागरूकता के लिए विभिन्न रक्त परीक्षणों और विशेष रूप से स्तन कैंसर, अंडाशय के कैंसर आदि के महत्व को समझाया। हीमोग्लोबिन काउंट, एचआईवी और मुंह के कैंसर सहित दंत समस्याओं के लिए महिलाओं की जाँच की गई। श्रीमती अश्विनी बेनके द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया गया।

ICAR-DOGR organized health camp for women staff

ICAR-DOGR in collaboration with Rural Hospital, Chandoli, Dist. Pune organized health camp for women working in the organization on 26 March 2019. The programme was chaired by Dr. Major Singh, Director, ICAR-DOGR. In his address, Dr. Singh emphasized on the importance of health in day-to-day activity and also on the role of women in building an institution as well the Nation. Mrs. Ashwini Benke, Scientist (Genetics and plant breeding) & Member Secretary, Women Cell and Mrs. Vijaya Bhumkar, AFAO, coordinated the camp with the staff of Government Rural Hospital, Chandoli. Dr. Geeta Kulkarni, Medical Superintendent of hospital deputed a team of doctors, lab technician and attendants to execute the check-ups at ICAR-DOGR. In total, 68 women were checked in this free check-up camp. Dr. Neha, Dentist stressed upon teeth care to avoid infectious diseases as well as aware of tongue cancer. Laboratory head technician explained the importance of different blood tests and other checkups especially breast cancer, ovary cancer, etc. to create awareness among women. The women were checked for their hemoglobin count, HIV test and mouth cancer including other related dental problems. The vote of thanks was expressed by Mrs. Ashwini Benke.

मानव संसाधन विकास
Human Resource Development

प्रशिक्षण

कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक और स्थान
वी. महाजन	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
ए. जे. गुप्ता	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
एस. एस. गाडगे	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
ए. थंगासामी	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
बागवानी फसलों के रिमोट सेंसिंग आधारित डेटा विश्लेषण के लिए ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम	24–25 जनवरी, 2019 एमएनसीएफसी, नई दिल्ली
किरण भगत	
फसल माइक्रोमीटिरियोलॉजी में प्रगति पर ग्रीष्मकालीन स्कूल (समर स्कूल)	26 सितंबर से 16 अक्टूबर, 2018 कृषि महाविद्यालय, पुणे
वी. करुप्पैया	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे

जैव नियंत्रण एजेंटों और सूक्ष्मजीवी कीटनाशकों के ऑन–फार्म उत्पादन पर प्रशिक्षण	18–27 मार्च, 2019 राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान (एनआईपीएचएम), हैदराबाद
कल्याणी गोरेपाटी	
किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसलोपरांत इंजीनियरिंग और उभरते तकनीकी हस्तक्षेप पर ग्रीष्मकालीन स्कूल	4–24 सितंबर, 2018 आईसीएआर–सीफेट, लुधियाना
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
राजीव बी. काले	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
कृषि विकास के लिए आईसीटी हस्तक्षेपों पर शीतकालीन स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम	28 नवंबर से 18 दिसंबर, 2018 आईसीएआर–नार्म, हैदराबाद
अश्विनी पी. बेनके	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
प्रांजली एच. घोडके	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
सौम्या पी.एस.	
आईसीएआर–डीओजीआर, इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और आईएसए, पुणे द्वारा आयोजित डिजिटल फील्ड बुक पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला	29 सितंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरुनगर, पुणे
अशोक कुमार	
ओरियेंटेशन प्रशिक्षण	12 अक्टूबर, 2018 से 12 नवंबर, 2018 आईसीएआर–डीओजीआर, राजगुरनगर, पुणे
प्याज (*एलियम सीपा* एल.) से फार्माकोजेनिक फाइटोकेमिकल्स और इसेंसियल ऑयल का निष्कर्षण और मूल्यांकन पर व्यावसायिक अटैचमेंट प्रशिक्षण	19 नवंबर, 2018 से 19 फरवरी, 2019 कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवीके, बंगलुरु

सम्मेलन / संगोष्ठी / सेमिनार / कार्यशालाएं / समूह बैठकें

कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक और स्थान
मेजर सिंह	
माननीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में महाराष्ट्र में कोंकण क्षेत्र के विकास के मुद्दों पर बैठक	1 अप्रैल, 2018 आईसीएआर मुख्यालय, नई दिल्ली व्दारा जिला कलेक्ट्रेट, रत्नागिरी
प्याज और लहसुन पर शोध परीक्षणों की निगरानी के लिए नासिक में प्याज और लहसुन पर एआईएनआरपी केंद्र का दौरा	19 अप्रैल, 2018 एनएचआरडीएफ, नासिक
प्याज और लहसुन पर अनुसंधान परीक्षणों की निगरानी के लिए प्याज और लहसुन पर एआईएनआरपी के करनाल और बेंगलुरु केंद्र का दौरा	22–26 अप्रैल, 2018 आईसीएआर–आईआईएचआर, बंगलुरु
डीडीजी (बागवानी विज्ञान) की अध्यक्षता में बागवानी विज्ञान प्रभाग की बैठक	11 मई, 2018 एसएमडी (एचएस), आईसीएआर मुख्यालय, नई दिल्ली
फसलों/जिंसों की गुणवत्ता विशेषताओं और भारत में वाणिज्यिक पैमाने पर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन हेतु उनकी उपलब्धता' पर बैठक	15 मई, 2018 डीडीजी (कृषि इंजीनियरिंग), आईसीएआर मुख्यालय, नई दिल्ली
आईसीएआर–डीओजीआर की क्यूआरटी के साथ प्याज और लहसुन अनुसंधान पर एआईएनआरपी परीक्षणों की निगरानी	28 मई से 1 जून, 2018 एसकेयूएएसटीके, श्रीनगर
अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की 9वीं वार्षिक ग्रुप बैठक	8–10 जून, 2018 पीएयू, लुधियाना
आईसीएआर के संस्थानों के कृषि विभाग (एमएस) की इंटरफ़ेस बैठक	20 जून, 2018 एनआरसी अंगूर, पुणे
'कृषि को टिकाऊ और लाभप्रद बनाने' पर राष्ट्रीय परामर्श बैठक, भारत के उप–राष्ट्रपति, के सचिव के साथ 'स्वराज्य से सुराज्य श्रृंखला पर राष्ट्रीय परामर्श बैठक'' की दूसरी बैठक	21–22 जून, 2018 वीएएमएनआईसीओएम, वेम्नीकॉम, पुणे
प्याज व लहसुन के लिए नाइट स्वाइल की प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लोनेरे, जिला रायगढ़ में चर्चा	3 जुलाई, 2018 लोनेरे, जिला रायगड
आईसीएआर–एनआईएएसएम की क्यूआरटी टीम और पूर्व अध्यक्ष, एएसआरबी, नई दिल्ली के साथ बैठक	8–9 जुलाई, 2018 आईसीएआर–एनआईएएसएम, बारामती
आईसीएआर का 90 वां स्थापना दिवस, अवार्ड समारोह और निदेशकों का सम्मेलन	16–18 जुलाई, 2018 आईसीएआर मुख्यालय, एनएएससी परिसर, नई दिल्ली
